वर्ष 69 ▸ अंक 164 ▸ पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 14 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

प्रयास तभी सफल होते हैं जब मेहनत और लगन सच्ची होती है। - अज्ञात

## ऑफ बीट

### कुलदीप की हल्दी में 20 हजार की थाली



*क्रिकेटर कुलदीप यादव की शादी के फंक्शन मसूरी में हो रहे हैं। शुक्रवार सुबह 11 बजे से हल्दी की रस्म शुरू हुई, जो दोपहर करीब दो बजे तक चली, जिसमें क्रिकेटर युजवेंद्र चहल समेत कई मेहमानों ने ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। हल्दी के दौरान चहल खूब मस्ती करते दिखे। हल्दी की रस्म के बाद कुलदीप भी अपनी होने वाली दुल्हन वंशिका सिंह के साथ डांस करते दिखाई दिए। दोनों ने दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच डांस मूव्स दिखाए, जिसके कई वीडियो सामने आए हैं। हल्दी के बाद मेहमानों के लिए स्पेशल लंच रखा गया, जिसमें एक थाली की कीमत 20 हजार रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। शाम 6 बजे से मसूरी के आईटीसी सेवॉय होटल में कॉकटेल पार्टी शुरू हो गई है, जहां मेहमानों के साथ संगीत और जश्न का दौर चल रहा है।*

# जूडॉ का मानदेय 2 हजार बढ़ाया, एक साल का एरियर भी मिलेगा

## सीनियर व जूनियर रेसीडेंट के मानदेय में भी बढ़ोतरी, जूनियर डॉक्टरों ने 16 मार्च तक दिया था अल्टीमेटम

**नगर संवाददाता, भोपाल।** पिछले दिनों प्रदेशभर में जूनियर डॉक्टरों ने स्टायपेंड सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल की थी। बाद में सीएम डॉ. मोहन यादव के आश्वासन पर हड़ताल खत्म कर दी गई। इसके बाद जूडॉ ने मांग पूरी नहीं होने पर जूडा ने 16 मार्च तक अल्टीमेटम दिया था। इसके चलते सरकार ने तीन दिन पहले ही प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत जूनियर डॉक्टर के मासिक स्टायपेंड में वृद्धि की है। शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में मप्र के सभी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाले जूनियर डॉक्टर के साथ साथ इंटर्नी, सीनियर व जूनियर रेसीडेंट के मानदेय में वृद्धि की गई है। यह वृद्धि प्रत्येक वर्ग के लिए दो हजार रुपए के आस-पास है। उदाहरण के लिए पीजी प्रथम वर्ष के जूडा को वर्तमान में 75,444 रुपए मिलते हैं, इसे बढ़ाकर 77,662 रुपए कर दिया गया है। इसी द्वितीय व तृतीय वर्ष के जूडा के स्टायपेंड में भी करीब दो हजार रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

### अब किसको कितना स्टायपेंड मिलेगा

| श्रेणी | स्टायपेंड |
|---|---|
| पीजी प्रथम वर्ष | 77,662 |
| पीजी द्वितीय | 80,050 |
| तृतीय वर्ष | 82,441 |
| इंटर्न | 14,337 |
| सीनियर रेजिडेंट | 90,803 |
| जूनियर रेजिडेंट | 63,324 |



### चार दिन पहले हुई थी हड़ताल

जूडॉ ने अपने स्टायपेंड में वृद्धि की मांग को लेकर पिछले सप्ताह धरना व प्रदर्शन शुरू किया था। सोमवार को प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं टेंट में चलाई गई थी। जूडॉ के इस कदम को देखते हुए सरकार ने जूडा से बातचीत की और हड़ताल खत्म करने को कहा। इस पर जूडा ने 16 मार्च तक अल्टीमेटम सरकार को दिया था। इससे पहले ही ही सरकार ने आदेश जारी कर दिए।

### सुपर स्पेशलिटी कोर्स के स्टूडेंट्स को भी मिलेगा लाभ

शासन द्वारा जूडा के साथ-साथ सभी मेडिकल कॉलेजों में चल रहे सुपर स्पेशलिटी कोर्सेस के स्टूडेंट्स के स्टायपेंड में भी वृद्धि की है। हालांकि, इसमें वर्ष अनुसार वृद्धि नहीं की गई है। तीन वर्षीय इस पाठ्यक्रम में तीनों वर्षों के स्टूडेंट्स को एक समान स्टायपेंड मिलता आ रहा है। वर्तमान में सुपर स्पेशलिटी कोर्स में 80,086 रुपए स्टायपेंड दिया जा रहा है, जिसे बढ़ाकर अब 82,441 रुपए निर्धारित किया गया है।

### जूडॉ हमारे कॉलेजों की रीढ़ की हड्डी: शुक्ल

मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा, यह 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी होगा। प्रदेश सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त एवं जनोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जूनियर डॉक्टर पूर्ण समर्पण से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुदृढ़ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे। शुक्ल ने कहा कि जूनियर डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों में वे न केवल अपने चिकित्सा प्रशिक्षण को पूर्ण करते हैं बल्कि मरीजों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में भी जूनियर डॉक्टर अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

### अप्रैल में फिर हो सकती है वृद्धि

जानकारी के अनुसार शासन ने जो आदेश जारी किया है, उसका लाभ जूडा को अप्रैल 2025 से मिलेगा। नए वित्तीय वर्ष में एक बार फिर जूडॉ का स्टायपेंड रिवाइज किया जाएगा, जो कि महंगाई सूचकांक के अनुसार होगा। इसलिए माना जा रहा है कि अप्रैल 2026 में यह एक बार फिर बढ़ सकता है।

### सरकार ने मांग मान ली

"सरकार ने हमारी मांग को मान लिया है, यह आदेश अप्रैल 2025 से लागू होगा। हमें उम्मीद है कि सीपीआई का पालन करते हुए अप्रैल 2026 में इसको रिवाइज किया जाएगा। वहीं एरियर की राशि का भुगतान भी सरकार ने जल्द करने का आश्वासन दिया है।

■ **डॉ. महेंद्र प्रताप**, अध्यक्ष मप्र जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन

**ईरान से बन गई बात:** रसोई गैस की किल्लत झेल रहे भारत को बड़ी राहत

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर भारत आएंगे एलपीजी से भरे 2 जहाज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रसोई गैस की किल्लत झेल रहे भारत को बड़ी राहत मिली है। ईरान ने भारत को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर दो एलपीजी टैंकर ले जाने की इजाजत दे दी है। इसके पहले शुक्रवार को ही भारत में ही ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने संकेत दिया है कि भारत को दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल की आवाजाही के लिए सुरक्षित रास्ता दिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था कि भारत ईरान का दोस्त है और इस वजह से भारतीय जहाजों के लिए इस समुद्री मार्ग से गुजरने को लेकर सकारात्मक स्थिति जल्द सामने आ सकती है। अब एजेंसी ने खबर ने दी है कि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत आ रहे दो एलपीजी भरे जहाज को गुजरने की अनुमति देने पर राजी हो गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद भारत में एलपीजी की किल्लत देखी जा रही है। हालांकि, सरकार ने उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरी करने की कोशिश की है।

भारत में शुक्रवार को रसोई गैस के लिए सड़कों पर परेशानी की स्थिति रही। कई राज्यों में लोग कतारों में खड़े देखे गए। खाने-पीने की दुकानें बंद हो गईं और जमाखोरी की खबरें भी फैलने लगीं, जबकि केंद्र सरकार लगातार यह कह रही थी कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों तक एलपीजी की बिना किसी रुकावट के सप्लाई सुनिश्चित कर दी गई है और सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि 5 मार्च से अब तक एलपीजी का घरेलू उत्पादन 30 प्रतिशत बढ़ चुका है। शर्मा ने कहा, घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है, और किसी भी एलपीजी डीलर के पास स्टॉक खत्म नहीं हुआ है।




'वर्ल्ड वॉर-3 की आहट! 48 घंटे में तीन नाटो देशों पर ईरान का अटैक, पेज-11

**ईरान के क्रूड ऑयल 200 डॉलर पहुंचने की चेतावनी के बाद बदले स्वर**

## अमेरिका का यूटर्न, अब सभी देश खरीद सकेंगे रूसी तेल

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने ट्रंप प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कही थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है।

ईरान चेतावनी दे चुका है कि तेल की कीमतें 200 डॉलर पार पहुंच सकती हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने गुरुवार को लाइसेंस जारी किया, इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल, पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलिवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12.01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है।



### क्यों बदला अमेरिका का मन

**होर्मुज रूट से सप्लाई ठप:** जंग से दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में सप्लाई ठप। दुनिया का 20 फीसदी तेल यहां से गुजरता है।

**200 डॉलर पहुंच सकता है कच्चा तेल:** ब्रेंट क्रूड की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई थीं। ईरान ने कहा है कीमतें 200 डॉलर तक जाएंगी।

**2022 में लगाई थी रूसी तेल पर रोक:** फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो पश्चिमी देशों ने कहा, रूस तेल-गैस बेचकर पैसा कमा रहा। 'फंडिंग' रोकने अमेरिका-यूरोप ने रूसी तेल पर पाबंदी लगा दी।

**जंग के चलते सप्लाई प्रभावित**

# गैस संकट: बढ़ रहीं कतारें हर दिन 75 लाख बुकिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका-ईरान के बीच छिड़ी जंग के चलते ईंधन सप्लाई बाधित होने से हाहाकार मचा हुआ है। देशभर में गैस सिलेंडर की अत्यधिक बुकिंग और एजेंसियों में लंबी कतारों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें खत्म नहीं हो रही हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी भी हो रही है। कई जगहों पर 2 हजार का कॉमर्शियल सिलेंडर 4 हजार में बिक रहा है। पंजाब में लोग सिलेंडर लेकर भागते नजर आए। केरल में करीब 40 फीसदी रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है। दिल्ली में कांग्रेस ने एलपीजी सप्लाई की बिगड़ी स्थिति को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन किया। राजस्थान में प्रदर्शन करते हुए सिलेंडर की शवयात्रा निकाली गई। इधर, होटल-रेस्टोरेंट में गैस का स्टॉक खत्म होने से बिजनेस ठप होने लगे हैं। कई जगह ताले भी लटकने लगे हैं। वहीं कोटा समेत कई शहरों में एजेंसियों पर सुबह 5 बजे से ही लंबी लाइनें लग रही हैं। विरोध में कांग्रेस ने जयपुर में सिलेंडर की शवयात्रा निकाली।



लुधियाना में सिलेंडर उठाकर भागे लोग।

### केंद्र बोला: चुनौतीपूर्ण बनी हुई है एलपीजी की स्थिति

अब केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, लेकिन एलपीजी (रसोई गैस) की स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। जंग से पहले देश में रोजाना लगभग 55.7 लाख सिलेंडर बुक होते थे, जो अब बढ़कर 75.7 लाख तक पहुंच गए हैं। वैश्विक हालातों के कारण एलपीजी की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिससे मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो रहा है।

### मप्र : ऑनलाइन बुकिंग ठप, वेटिंग 7-8 दिन बढ़ी

इधर, मप्र में एलपीजी सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग लगभग ठप है। सर्वर डाउन होने से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में लोग सिलेंडर की बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। वेटिंग 7 से 8 दिन तक पहुंच गई है। गैस एजेंसियों में लोगों की भीड़ लगी हुई है। वहीं 50 हजार होटल-रेस्टॉरेंट में गैस खत्म होने के कगार पर है। होटल, रेस्टॉरेंट को 4 दिन से कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिले हैं। एसोसिएशन के मुताबिक, भोपाल के 2 हजार होटल-रेस्टोरेंट को 4 दिन में एक भी सिलेंडर नहीं मिला।

गैस सिलेंडर की जमाखोरी ने बिगाड़े हालात, गैस एजेंसियों के सर्वर ठप... पेज-3 पर

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो फ्लाइट 2300 रुपए तक महंगी




**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी जंग का असर अब आपकी हवाई यात्रा पर भी पढ़ने लगा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की फ्लाइट से यात्रा 14 मार्च से महंगी होने जा रही है। एयरलाइन ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट टिकटों पर 425 से 2300 तक फ्यूल चार्ज लगाने का फैसला किया है। इसके बाद नई बुकिंग करने वाले यात्रियों को टिकट के साथ एक्सट्रा फ्यूल चार्ज देना होगा। एयरलाइन का कहना है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण जेट फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, इसलिए यह कदम उठाया गया है।

**कैश फॉर क्वेरी केस**

### टीएमसी नेता मोइत्रा और निशिकांत दुबे को नोटिस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सीबीआई को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस लोकपाल द्वारा दायर उस याचिका पर दिया गया, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के पिछले आदेश को चुनौती दी गई थी। सीजेआई सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की पीठ ने हाईकोर्ट के 19 दिसंबर के उस आदेश के एक हिस्से पर रोक लगा दी है, जिसमें लोकपाल को निर्देश दिया गया था कि वह सीबीआई को आरोप-पत्र दाखिल करने की मंजूरी देने पर नए सिरे से विचार करे। लोकपाल ने दलील दी कि हाईकोर्ट का यह मानना गलत था कि आरोप-पत्र और मुकदमा चलाने के लिए अलग-अलग मंजूरी की आवश्यकता नहीं है।

# सीईसी ज्ञानेश को हटाने विपक्ष ने दिया महाभियोग का नोटिस

## संसद में दिए नोटिस में 193 सांसदों के हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंपा है। इस नोटिस पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। नियमों के मुताबिक, लोकसभा में नोटिस के लिए कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती है। विपक्ष ने अब तक कुल 193 हस्ताक्षर जुटाकर यह जरूरी आंकड़ा आसानी से पार कर लिया है। लोकसभा सचिवालय को सीईसी के खिलाफ टीएमसी का नोटिस मिल चुका है। नोटिस की जांच-पड़ताल की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। सीईसी के खिलाफ कई आरोप भी लगाए गए हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया गया है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त पर ये आरोप



नोटिस में बिहार में एसआईआर को संभालने का तरीका, मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया गया एवं राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया, दुर्व्यवहार साबित हुआ है।

### अब महाराष्ट्र में यूसीसी लाने की तैयारी, प्राइवेट बिल पेश

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने शुक्रवार को विधानसभा में एक प्राइवेट मेंबर बिल (निजी सदस्य विधेयक) पेश किया है। यह बिल उत्तराखंड में लागू यूसीसी की तर्ज पर तैयार किया गया है। राज्य में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार व गोद लेने जैसे नागरिक मामलों में सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून सुनिश्चित करना है। इस कानून का मुख्य लक्ष्य समाज में समानता लाना और महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिलाना है। यूसीसी के साथ, सरकार जल्द ही धर्मांतरण विरोधी कानून भी पेश करने जा रही है, जिसे 'लव जिहाद' घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी बताया गया है।

# आयकर अफसर बनकर 82 लाख का सोना और नकदी लूट ले गए बदमाश

### बदमाशों में फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर डाली रेड

**जागरण, धार।** फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर आए बदमाशों ने ठेकेदार के घर से करीब 82 लाख कीमत का सोना और नकदी लूट कर फरार हो गए। यह वारदात धार जिले की बाग तहसील में हुई। बदमाश खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताकर घर में घुसे और रेड का डर दिखाकर सामान लेकर भाग निकले। घटना के बाद पूरे बाग क्षेत्र में दहशत और हड़कंप का माहौल है। जानकारी के अनुसार, वारदात गुरुवार सुबह 9.40 बजे बाग के ब्राह्मण मोहल्ला में बिजली विभाग से जुड़े ठेकेदार राजकुमार मालवीय के घर पर हुई। उस समय राजकुमार मालवीय, उनकी पत्नी कृष्णा मालवीय और घर में काम करने वाली महिला मौजूद थीं। इसी दौरान बिना नंबर की सफेद स्कॉर्पियो में सवार होकर पांच बदमाश पहुंचे। इनमें से दो बदमाश खाकी वर्दी में थे, जबकि तीन सिविल ड्रेस में थे। घर में घुसते ही उन्होंने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया। बदमाशों ने घरवालों से कहा कि उनके खिलाफ ब्लैक मनी रखने की शिकायत मिली है। इसके बाद उन्होंने घर में तलाशी शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्होंने घर की अलमारी की चाबियां मांगीं। पहले कृष्णा मालवीय ने चाबियां देने से इंकार किया, लेकिन जांच में सहयोग करने के उद्देश्य से राजकुमार मालवीय ने चाबियां सौंप दीं। बदमाशों ने अलमारी खोलकर उसमें रखे करीब 50 तोला सोने के जेवरात, ढाई से तीन लाख रुपए नकद और एक मोबाइल फोन निकाले और उन्हें लेकर फरार हो गए।



**बमबारी के साये में जिंदगी** — इजराइल-अमेरिकी हमले के बाद ईरान में भयावह मंजर

# तेहरान में हर पल अनिष्ट की आशंका, अभाव के बीच जीवन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका और इजरायल द्वारा करीब दो हफ्ते से की जा रही भारी बमबारी के साये में जिंदगी जी रहे ईरानी नागरिकों पर क्या बीत रही है, उसे शब्दशः बयां कर पाना तो संभव नहीं है, लेकिन तेहरान के एक पूर्व राजनीतिक कैदी ने द् गार्जियन को जो कुछ बताया उससे अंदाजा तो लगाया ही जा सकता है। प्रस्तुत है उनकी बताई कहानी का विस्तृत अंश विवरण-

गुरुवार, 12 मार्च की सुबह के 5 बज रहे थे। डर से भरे दिन के बाद आखिरकार मुझे नींद आने लगी थी कि तभी फोन की घंटी बजी। दहशत मेरे अंदर दौड़ गई। फोन करने का यह सही समय नहीं था। किसी को मदद की जरूरत होगी या शायद वे अकेले और डरे हुए होंगे। थका-हारा मैंने फोन उठाया। मेरी छोटी बहन का फोन था। वो रो रही थी और कुछ बोल नहीं पा रही थी। मेरा दिल टूट गया। कई दिनों से उससे नहीं मिला था। जेल से छूटने के बाद वो दूसरे शहर हमारी मां की देखभाल करने चली गई थी। वह अपने जन्मदिन पर लौटी। लेकिन फिर युद्ध शुरू हो गया, और हम तेहरान में दो अलग-अलग घरों में अलग-अलग रह गए। वह मुझसे काफी छोटी है, फिर भी उसने मेरे बेटे की रक्षा करने की जिम्मेदारी उठाई, ताकि मैं किसी सुरक्षित जगह पर रह सकूं और दोबारा गिरफ्तार होने से बच सकूं। मैं उसे याद दिलाता रहता हूं कि मैं उसका कितनी आभारी हूं। मेरा दिल बेचैन हो रहा है-मुझे लगा कि घर पर कुछ भयानक हुआ है और वह यह बात कह नहीं पा रही है। मैं उससे कहता हूं कि इस समय सबसे महत्वपूर्ण बात जीवित रहना है, भले ही हमारे पास घर न हो। वह सिसकते हुए कहती है-'हमारा पड़ोसी विस्फोट की लहर में फंस गया था... और उसकी मौत हो गई।'

एक पल के लिए मुझे अपने पड़ोसी की याद आ गई। मेरी तरह वह भी सिगरेट पीता था। वह शायद सिगरेट पीने के लिए बालकनी में गया होगा। या हो सकता है कई अन्य लोगों की तरह वह ड्रोन देखने और यह पता लगाने के लिए बाहर गया हो कि वे किस दिशा में उड़ रहे हैं। हो सकता है कि वह वहां एक तबाह होते देश और लोगों के लिए रोने गया हो। हो सकता है कि वह पेट्रोल कहां से मिलेगा, यह सोच रहा हो ताकि वह अपने दो बच्चों को किसी सुरक्षित शहर में ले जा सके। सप्ताहांत में ईंधन डिपो पर बमबारी होने के बाद से मेरी छाती में जलन हो रही है और मुझे सांस लेने में बहुत तकलीफ हो रही है। मैंने एक इनहेलर खरीदा है, ■ शेष पृष्ठ 9 पर



ईरान की राजधानी तेहरान में गुरुवार की राहत हमले के बाद उठता धुआं।

### काश..रेगिस्तान में होता

काश मैं किसी रेगिस्तान में होता, जहां मैं चीख सकता। जहां मैं जी भर कर रो सकता। पिछली बार मैं जनवरी में प्रदर्शनकारियों के नरसंहार के बाद रोया था। आखिर यहां दुनिया के बाकी हिस्सों के विपरीत, हम आम लोगों की तरह क्यों नहीं रो सकते? हमने इतना दुख क्यों सहा है कि अब नया दर्द भी हमें हिला नहीं पाता? मुझे अब नींद नहीं आती। मैं उस जगह जाता हूं, जहां मैंने एक छोटा गैस बर्नर रखा है-जिसे मैं अपनी रसोई कहता हूं। मुझे कॉफी चाहिए लेकिन कॉफी बहुत महंगी हो गई है और मुझे पैसे बचाने हैं। सिगरेट भी महंगी हैं, लेकिन मैं फिर भी पीता हूं-एक, दो, पांच...।

**वित्त मंत्री सीतारमण ने किया लोकसभा में ऐलान**

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने एक लाख करोड़ का फंड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि एक लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (इकोनॉमिक स्टेबलाइजेशन फंड) सरकार को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय मदद देगा। लोकसभा में पूरक अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह फंड पश्चिम एशिया जैसी जगहों पर अचानक पैदा होने वाली समस्याओं से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले झटकों को संभालने में मदद करेगा। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 2.81 लाख करोड़ अतिरिक्त खर्च करने की अनुमति लोकसभा से मांगी है। लेकिन सरकार को 80 हजार करोड़ अतिरिक्त आय भी मिलने की उम्मीद है, इसलिए इन दोनों को मिलाने के बाद सरकार को वास्तव में 2.01 लाख करोड़ ही अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे।



सीतारमण ने कहा, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान के भीतर ही रहेगा। 2025-26 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 फीसदी आंका गया है, जो 2025-26 के बजट अनुमान के बराबर है। सीतारमण ने कहा कि दूसरी पूरक मांगों के कारण 2025-26 के बजट अनुमान से अधिक खर्च नहीं बढ़ा है। इस दौरान विपक्ष के सदस्य एलपीजी की कमी के मुद्दे पर लगातार नारेबाजी करते रहे। चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान में सरकार ने कुल खर्च को 50.65 लाख करोड़ के अनुमान से 49.65 लाख करोड़ कर दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवा विवाद निराकरण के लिए समिति गठित

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र के वन कर्मचारियों के सामने आज सिर्फ 5680/1900 वेतनमान का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे सेवा-जीवन से जुड़े अनेक विवाद खड़े हैं। कहीं ट्रांसफर-पोस्टिंग मनमाने ढंग से नहीं हो रहे हैं, तो कहीं वेतन-वृद्धि बिना कारण रोकी जा रही है, तो कहीं वेतन निर्धारण, भत्तों, विभागीय जांच, पदोन्नति, वसूली और पेंशन तक के मामलों में अनिश्चितता है। उक्त चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग ने बैठक में निर्णय लेकर शुक्रवार को मप्र कर्मचारी वेतन एवं सेवा विवाद निराकरण समिति का गठन किया गया है। ताकि वन कर्मचारी अपनी सेवा-समस्याओं को भावनात्मक नाराजगी से नहीं, बल्कि तथ्य, दस्तावेज और कानून के आधार पर समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। समिति का अध्यक्ष अशोक पांडे, सदस्य लव प्रकाश पाराशर, हरि सिंह गुर्जर, नितिन गुप्ता, प्रेमलाल त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ला, रामबाबू सोनी और नरेंद्र पयासी मनोनीत किए गए है।

### पोर्टल से मिलेंगे 150 वॉट भार तक के कनेक्शन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग में 150 किलोवॉट भार तक के निम्न दाब श्रेणी के नए विद्युत कनेक्शन उपभोक्ताओं को प्रदान करने के लिए ऑनलाइन, सरल एवं पारदर्शी प्रक्रिया लागू की है। कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर उपलब्ध इस https://saralsanyojan.mpcz.in:}}}}/home लिंक के माध्यम से यह कनेक्शन ऑनलाइन मिलेंगे। नई व्यवस्था के तहत 150 किलोवॉट भार तक के नए कनेक्शन के लिए आवेदन केवल सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकृत किए जाएंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया है कि उपभोक्ताओं द्वारा नए कनेक्शन के लिए अब तक आवेदन के बाद 45 मीटर तक की सर्विस लाइन तथा आवश्यकता होने पर वितरण ट्रांसफार्मर, उच्च दाब/ निम्न दाब लाइन जैसी अन्य अधोसंरचना संबंधी निर्माण कार्य स्वयं कराना होते हैं। अब इस नई व्यवस्था में, वैध विद्युतीकृत क्षेत्रों में ऐसे सभी कार्य अब मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कराए जाएंगे।

### ग्लूकोमा और रेटिनोपैथी की विशेष स्क्रीनिंग आज

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के नेत्र रोग विभाग द्वारा 14 मार्च को ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच के लिए विशेष स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नेत्र रोग विभाग में लगेगा। इसमें आने वाले लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की जाएगी, ताकि इन गंभीर बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान कर समय पर इलाज शुरू किया जा सके। यह शिविर खासतौर पर 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए आयोजित किया जा रहा है, क्योंकि इस उम्र के बाद ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा बढ़ जाता है। शिविर का आयोजन साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार ग्लूकोमा को साइलेंट रोग कहा जाता है, क्योंकि इसकी शुरुआत में कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। जब मरीज अस्पताल पहुंचता है तब तक अक्सर एक आंख की रोशनी काफी हद तक जा चुकी होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह रोग इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि इसमें एक बार चली गई आंखों की रोशनी दोबारा वापस नहीं लाई जा सकती। ऐसे में समय पर जांच ही इससे बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

### अतिथि व्याख्याता की सेवा समाप्ति पर रोक

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायामूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने अतिथि व्याख्याता की सेवा समाप्ति के आदेश को प्रथमदृष्ट्या अनुचित पाया। इसी के साथ अंतरिम राहत बतौर सेवा समाप्ति पर रोक लगा दी। शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। याचिकाकर्ता विमलेश खम्परिया की ओर से अधिवक्ता सत्येंद्र च्योतिषी व अभिषेक मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता की अतिथि व्याख्याता के रूप में नियुक्ति लोक शिक्षण विभाग, भोपाल के द्वारा आलाइन आवेदन के जरिए हुई थी। मैरिट के आधार पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बहोरीबंद, कटनी के लिए 26 जुलाई, 2025 को चयन हुआ था। इसके बावजूद प्राचार्य द्वारा दुर्भावनापूर्ण तरीके से आवेदिका को मानसिक रूप प्रताड़ित किया जा रहा था। प्राचार्य द्वारा फोटो खींचने, वीडियो बनवाने सहित अन्य तरीकों से परेशान किया जा रहा था। शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी, कटनी, आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय, भोपाल को भी लिखित रूप में की गई थी। जांच के भी आदेश जारी हुए थे। इसके बावजूद प्राचार्य द्वारा आठ नवंबर, 2025 को मनमाने तरीके से सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया।

# प्रदेश के 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व अब हमारी बहनों के हाथों में है: मुख्यमंत्री

## आयोजन: डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपए

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की बहनें आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन के मामले में पूरे देश के लिए उदाहरण बन रही हैं। प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से जुड़कर करीब 65 लाख बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। आज प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां कार्यरत हैं। हम महिला उद्यमियों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारी बहनें अब फैक्ट्रियों और उद्योगों का नेतृत्व कर रही हैं। प्रदेश के 47 प्रतिशत नए स्टार्ट-अप का नेतृत्व अब हमारी बहनों के हाथों में है।

हम सभी बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, इसलिए यहां की बहनों को लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के रूप में डबल खुशियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर, घाटीगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत प्रत्येक कठिन परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें प्रदेश की बहन-बेटियां भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि से पहले आज बहनों को 1500 रुपए की सौगात मिल रही है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना में बहनों को योजना की 34वीं किश्त प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 27 हजार से अधिक बहनों के खाते में 1 हजार 836 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की।

लाड़ली बहन योजना में अब तक 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने सभी लाड़ली बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे हर महीने मिलने वाली राशि से अपनी बेहतरी के लिए कोई भी रुचिकर काम-धंधा शुरू करें और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान दें।

### ग्वालियर जिले को दी 122 करोड़ रुपए के 54 विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर जिले को 121 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत वाले 54 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने सिंगल क्लिक से लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लगभग 62 करोड़ रुपये की लागत वाले 19 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 39 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से कुलैथ घाटीगांव में शासकीय सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर मध्यप्रदेश का गौरव है। ये धरती शक्ति के आशीर्वाद से सिंचित है और शक्ति की उपासना से ही हमारा संसार सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र मध्यप्रदेश के साथ देश की इकॉनामी डेवलपमेंट में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। कभी बीहड़ों के लिए मशहूर रहा यह क्षेत्र हमारी सरकार के प्रयासों से आज औद्योगिक गतिविधियों का नया केन्द्र और प्रगति का नया उदाहरण बन रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति पर पुष्प-वर्षा कर उन्हें आदरपूर्वक नमन किया।

### भितरवार को माता शबरी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त: सिंधिया

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भितरवार को माता शबरी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। लाडली बहनों को आज योजना की 34वीं किश्त की राशि सीधे बैंक खाते में मिल रही है। भारत अब आजादी के अमृतलाल से आगे शताब्दी काल की ओर बढ़ रहा है। बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के बगैर विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता है। भितरवार की जनता को शिक्षा, सड़क एवं रेल लाइन की सौगात मिली है। जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी तुलसीराम सिलावट ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर अंचल के विकास में कोई कसर नहीं रखी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के अन्नदाता को समृद्ध बनाने के लिए संकल्प लिया है।

### राजधानी जल अभाव ग्रस्त घोषित, गर्मियों में बोरवेल पर रोक

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** गर्मियों के मौसम के शुरू होते ही भूजल स्तर में गिरावट आना शुरू हो गई है। जिसे देखते हुए हर साल की तरह कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए नए नलकूप खनन और बोरवेल पर रोक लगा दी है। ऐसे में अब बिना किसी वैध कारण और बिना प्रशासन की अनुमति के नलकूप खनन या बोरिंग की जाती है, तो 2 हजार रुपए के आर्थिक दंड या 2 साल की जेल या दोनों ही सजाओं से दंडित किया जा सकता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट के आधार कृषि और व्यावसायिक कार्यों के लिए भू-जल के अत्यधिक दोहन से नलकूप सूख रहे हैं। स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए जिले में निजी व अशासकीय नलकूपों के नए खनन पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब किसी भी नए बोरिंग के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) की लिखित अनुमति अनिवार्य होगी। आदेश के अनुसार, जिले की सीमा में बिना अनुमति कोई भी बोरिंग मशीन प्रवेश नहीं कर सकेगी। यदि कोई मशीन अवैध खनन करते पाई गई, तो उसे तत्काल जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही यह प्रतिबंध शासकीय योजनाओं के तहत होने वाले खनन पर लागू नहीं होगा। प्रशासन ने पुलिस और राजस्व अधिकारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं।




कांग्रेस ने सिलेंडर की किल्लत को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया।

### लोक अदालत में निपटेंगे राजीनामा योग्य प्रकरण

**जागरण, जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अयक्ष प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजनं किया जाएगा। इसके जरिए विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। सचिव शक्ति वर्मा ने बताया कि आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, सिविल प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, भरण-पोषण संबंधी प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, श्रम विवाद, राजस्व प्रकरण तथा पारिवारिक एवं वैवाहिक मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग एवं बीएसएनएल से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। यातायात प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। प्रकरणों का त्वरित, सरल एवं कम खर्च में समाधान संभव होता है।

## एमपी छोड़ने एक और आईपीएस को हरी झंडी, शापू और यादव को मिली एडीजी रैंक

### आईपीएस यादव और शापू केंद्र में एडीजी रैंक में इम्पैनल, पहले से केंद्र में पदस्थ हैं दोनों अफसर

**जागरण, भोपाल।** एमपी कैडर के एक और भारतीय पुलिस सेवा के आईपीएस अधिकारी को मध्यप्रदेश छोड़ने की हरी झंडी मिल गई है। 2022 बैच के यह अधिकारी रवि सिहाग जल्द ही मध्यप्रदेश से केंद्र शासित राज्य में सेवा देने रवाना हो जाएंगे। वहीं केंद्र में पहले से सेवा दे रहे दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को एडीजी और समकक्ष पद के लिए नामित कर लिया है। दोनों के नाम पैनल में इम्पैनल किए गए हैं।

असल में केंद्र सरकार द्वारा देश भर के 30 आईपीएस अधिकारियों के नाम सूची में शामिल किए हैं। इनमें से एमपी के दो आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। इनमें 1998 बैच के आईपीएस अंशुमान यादव और साजिद फरीद शापू शामिल हैं। केंद्र सरकार की अपाइंटमेंट कमेटी



ऑफ कैबिनेट ने एडीजी और उसके समकक्ष पद के लिए इम्पैनल किए जाने को मंजूरी दी है। दोनों अधिकारियों को एडीजी पद के लिए इम्पैनल किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। बताया जाता है कि केंद्र सरकार ने सीनियर अधिकारियों का पूल विकसित करने के उद्देश्य से यह इंपैनलमेंट किया गया है। इन वरिष्ठ अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग केंद्र की पुलिसिंग को और मजबूती दिलाने में किया जाएगा। हालांकि मध्यप्रदेश कैडर के ये दोनों ही अधिकारी पहले से ही केंद्र सरकार में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं केंद्र सरकार ने एमपी कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रवि कुमार सिहाग को पारिवारिक कारणों से मध्यप्रदेश छोड़ने की मंजूरी दी गई है। उन्हें केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) का नया कैडर अलॉट किया गया है। सिहाग की शादी एजीएमयूटी कैडर की आईएएस अधिकारी इशिता राठी के साथ हुआ है। विवाह के बाद उन्होंने कैडर बदलने के लिए आवेदन किया था। डीओपीटी की कैडर कमेटी से हरी झंडी मिलने के बाद वे जल्द ही मध्यप्रदेश से रवानगी डाल सकते हैं।

### नगर निगम में करोड़ों के फर्जी बिल मामले में अपर आयुक्त के खिलाफ एफआईआर

## सॉफ्टवेयर की मदद से फर्जी बिल बनाए, लोकायुक्त ने 10 साल के रिकार्ड और सर्वर डेटा किया जब्त

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नगर निगम भोपाल में करोड़ों रुपए के फर्जी बिल मामले में अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर के खिलाफ लोकायुक्त ने एफआईआर दर्ज की है। लोकायुक्त ने 10 साल के रिकार्ड और सर्वर डेटा को जब्त किया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अपर आयुक्त ने कुछ कर्मचारियों के साथ मिलकर यह घोटाला किया है। सॉफ्टवेयर की मदद से फर्जी बिल बनाए। बिना काम कराए अपने रिश्तेदारों व परिचितों की फर्मों को करोड़ों रुपए भुगतान कर दिए। इसके एवज में कमीशन के रूप में मोटी रकम ली। लोकायुक्त ने यह कार्रवाई एक शिकायत के आधार पर की है।

लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर के मुताबिक, निगम में भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान का आरोप लगाया गया था। लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत का प्रारंभिक सत्यापन किया, जिसमें कुछ तथ्य सही पाए जाने के बाद न्यायालय से वारंट प्राप्त किया। इसके बाद शुक्रवार को लोकायुक्त पुलिस की एक टीम ने नगर निगम के डाटा सेंटर कार्यालय समेत संबंधित शाखाओं में दबिश देकर दस्तावेज और डिजिटल रिकार्ड जब्त किए। प्राथमिक जांच में मोटर वर्क शाखा, जल कार्य विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग से जुड़े कुछ कार्यों



में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। लोकायुक्त पुलिस ने भुगतान से जुड़े सर्वर का डाटा भी जब्त कर लिया है। अब इस डाटा की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जांच में मिलीभगत आएगी सामने

छापेमारी के दौरान लोकायुक्त टीम ने पिछले करीब 10 वर्षों से जुड़े रिकॉर्ड और फाइलों को अपने कब्जे में लिया है। इसके साथ ही भुगतान से जुड़े एसएपी सॉफ्टवेयर का डाटा भी जब्त किया गया है। जांच एजेंसी अब इन दस्तावेजों और डिजिटल डाटा का विश्लेषण कर यह पता लगाएगी कि किन-किन कार्यों के नाम पर भुगतान किया गया और वास्तव में वे काम हुए भी थे या नहीं। साथ ही इनमें कौन-कौन सी फर्म और अधिकारियों की मिलीभगत थी। एसपी दुर्गेश का कहना है कि आरोपी गुणवंत सेवतकर के खिलाफ लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार अधिनियम, आपराधिक षड्यंत्र रचने, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने की एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल उनकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। टीम केस की बारीकी से जांच कर रही है। जांच में आए तथ्यों के आधार पर अन्य कर्मचारियों को नामजद किया जाएगा। लोकायुक्त की जांच जारी है।

## आरटीई में पहले दिन जमा हुए 22 हजार से ज्यादा आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन के पहले ही दिन शुक्रवार को 22 हज़ार से अधिक बच्चों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च रखी गई है। राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिंह ने आरटीई पोर्टल का स्क्रीन शॉट जारी करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। यह अभिभावकों की जागरूकता ही है जो प्रथम दिवस इतनी बढी संख्या में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। शाम सात बजे की स्थिति में करीब 22 हजार लोगों ने अपने बच्चों के आवेदन ऑनलाईन कर चुके थे। प्रथम दिवस की समयावधि समाप्ति तक यह संख्या और अधिक हो सकती है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत, सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। पात्रतानुसार निजी स्कूल में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के द्वारा दो अप्रैल को किया जायेगा। सत्र 2026-27 के लिये जारी समय सारिणी के अनुसार निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों और उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 28 मार्च तक जमाकर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड किया जाना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी उपलब्ध रहेगा। । आवेदक ने आरटीई में निःशुल्क प्रवेश के लिए जिस केटेगरी/निवास क्षेत्र के प्रवेश चाहा है। तत्तसंबंधी केटेगरी और निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी।

**28 मार्च तक जमा होंगे आवेदन**

**आयोजन** पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कालेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, आयुष मंत्री ने कहा-

## चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से आमजन को पहुंचे स्वास्थ्य लाभ

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा पद्धति है, इसे आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी नवाचारों के साथ जोड़कर वैश्विक स्तर पर स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। यह कहना है मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार का। वे शुक्रवार को पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कालेज एवं संस्थान के रजत जयंती सभागार में राष्ट्रीय आयुष मिशन मप्र द्वारां आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी नेत्रम-2026 के समापन सत्र में बोल रहे थे।

उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में प्रमाण-आधारित शोध, क्लिनिकल स्टडी और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। मंत्री परमार ने इंटीग्रेटेड मेडिकल केयर की आवश्यकता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से आम जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सकता है। मंत्री परमार ने यह भी कहा कि क्रॉनिक बीमारियों तथा कैंसर जैसी जटिल व्याधियों पर शोध को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, ताकि इन रोगों के प्रभावी एवं समन्वित उपचार विकसित किए



जा सकें। मंत्री परमार ने यह भी कहा कि इस प्रकार के सेमिनार और संगोष्ठियों का उद्देश्य केवल आयोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इनसे प्राप्त निष्कर्ष और सुझाव, समाज तथा चिकित्सा क्षेत्र में वास्तविक रूप से उपयोगी सिद्ध होने चाहिए। मंत्री परमार ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य तभी सार्थक माना जाएगा, जब इसके माध्यम से प्राप्त ज्ञान और शोध कार्यों का लाभ आम जनता तक पहुंचे।

### 172 शोध किए गए प्रकाशित

संगोष्ठी में स्मारिका का विमोचन किया गया, जिसमें 9 की-नोट व्याख्यान तथा 172 शोध सार प्रकाशित किए गए। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान कुल आठ वैज्ञानिक सत्र और दो प्लेनरी सत्र आयोजित किए गए। इनमें 120 शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया। 35 डिजिटल पोस्टर प्रस्तुतियां भी प्रदर्शित की गई। सत्रों में शालाक्य तंत्र, क्रियाकल्प चिकित्सा, साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियां तथा आधुनिक नेत्र विज्ञान के साथ आयुर्वेद के समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान एवं विचार-विमर्श किया गया।

### वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण तथा नई तकनीक पर दिया बल

कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने भी आयुर्वेदिक नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान, वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण तथा आधुनिक तकनीकों के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। संगोष्ठी के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि इस संगोष्ठी के माध्यम से प्राप्त ज्ञान एवं विचार-विमर्श भविष्य में आयुर्वेदिक नेत्र चिकित्सा के विकास तथा साक्ष्य-आधारित अनुसंधान को नई दिशा प्रदान करेंगे। संगोष्ठी के समापन अवसर पर आयुष प्रमुख सचिव शोभित जैन, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु सुरेश कुमार जैन, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के तहत आचार एवं पंजीयन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सुश्रुत कनौजिया एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली की प्राध्यापक डॉ मंजूषा राजगोपाल और पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कालेज के प्रधानाचार्य डॉ उमेश शुक्ला सहित विभिन्न राज्यों से विषयविद, शोधार्थी और संस्थान के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों सहित अन्य गणमान्य विद्वतजन उपस्थित थे।

### यूनियन कार्बाइड परिसर में किया जाएगा भोपाल गैस मेमोरियल का निर्माण

**जागरण, जबलपुर।** सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में जानकारी पेष की गयी कि यूनियन कार्बाइड परिसर में भोपाल गैस मेमोरियल बनाया जायेगा। इसके लिए अपर मुख्य सचिव भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजित की गयी थी। बैठक में सफाई,टॉक्सिक वेस्ट को हटाने एव आस-पास की खराब मिट्टी और ग्राउंड वाटर के सुधार, खराब प्लांट स्ट्रक्चर के डिटॉक्सिफिकेशन और डीकंटैमिनेशन पर चर्चा की गयी। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन रूल्स 2025 के तहत तैयार इस कार्य के लिए शॉर्ट-टेंडर जारी करने का निर्णय लिया गया है। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक कुमार सिंह तथा जस्टिस अजय कुमार निरंकारी ने सरकार को कार्य योजना की रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देश जारी करते हुए अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की है।

## नगर में आज

**कला प्रदर्शनी**
- **स्थान:** आलियांस फ्रांसिस, शाहपुरा
- **समय:** सुबह 10 से 6 बजे

**रंग महोत्सव**
- **स्थान:** रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप
- **समय:** शाम 7 बजे

**नृत्य प्रतियोगिता**
- **स्थान:** दुष्यंत संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 2 बजे

**शिवलिंग निर्माण**
- **स्थान:** बिट्टन दशहरा मैदान
- **समय:** सुबह 10 बजे

**बाल साहित्य संगोष्ठी**
- **स्थान:** एनआईटीटीटीआर, श्यामला हिल्स
- **समय**- सुबह 11 बजे

**चित्र प्रदर्शनी**
- **स्थान:** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय
- **समय:** सुबह 11 बजे से



राजधानी के नादरा बस स्टेंड के पास स्थित रेलवे कॉलोनी के मैदान में गैस सिलेंडर के लिए लगी लाइन। यहां एचपी और इंडेन गैस एजेंसी की गाड़ियां सिलेंडर बांटने के लिए पहुंचती हैं।



प्रभात चौराहे पर सिलेंडर ले जाती हैं महिलाएं।

# गैस सिलेंडर की जमाखोरी ने बिगाड़े हालात, गैस एजेंसियों के सर्वर ठप, 6 घंटे में खाली हो रही 500 सिलेंडर की गाड़ी

## बुकिंग न होने से एजेंसियों पर पहुंच रहे लोग, भीड़ को देख एजेंसी संचालक भी हो रहे गायब

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ईरान इजरायल युद्ध के बाद कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी बंद होने से लोगों ने सिलेंडर की जमाखोरी शुरू कर दी है। नतीजतन पूरे माह भर में होने वाली सिलेंडर की बुकिंग केवल दो ही दिन में हो गई है और उसके बाद भी लोग सिलेंडर बुक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। लगातार चौथे दिन भी सभी गैस कंपनियों के सर्वर ठप रहे। एक ओर जहां बुकिंग न होने से परेशान लोग गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं, वहीं लोग घर तक होने वाली डिलीवरी का भी इंतजार नहीं कर रहे हैं। सीधे गोडाउन से ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी ले रहे हैं, जिसके कारण जरूरतमंद लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे और गैस सिलेंडर को लेकर अफरा तफरी का माहौल बन रहा है। शुक्रवार को दैनिक जागरण ने स्थिति का जायजा लेने के लिए शहर की कई गैस एजेंसियों और गोदामों पर



जाकर स्थित का आंकलन किया। इस दौरान कुछ जगहों पर बुकिंग के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटती देखी गई और कुछ जगहों पर स्टॉक खत्म होने से एजेंसी संचालक गोदाम में ताला लगाकर गायब हो गए। वहीं इतनी अधिक बुकिंग होने से 500 सिलेंडर की गाड़ी जिससे दिन भर लोगों के घरों तक सिलेंडर डिलीवर किए जाते हैं वह केवल 6 घंटे में ही खाली हो जा रही है।

### इन क्षेत्रों में डिलीवरी नार्मल

प्रभात चौराहा स्थित भारत गैस एजेंसी और जीटीबी कॉम्पलेक्स स्थित एचपी गैस एजेंसी पर बुकिंग होने के बाद सिलेंडर की डिलीवरी लेने के लिए लोग पहुंचे। इस दौरान संचालकों द्वारा समय पर सबके मैसेज चेक करने के बाद सिलेंडर एंट्री बुक पर एंट्री कर दी गई। ताकि अगला सिलेंडर एंट्री के 25 दिन बाद ही अगला सिलेंडर डिलीवर किया जा सके। हालांकि इस दौरान एजेंसी पर लोगों की भारी भीड़ रही, लेकिन इस दौरान सभी लोगों को समय पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी दी गई।

### देर रात करें सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग

टीला जमालपुरा स्थित अर्चना गैस एजेंसी पर लोगों की भारी भीड़ होने के कारण एजेंसी संचालक द्वारा एजेंसी पर ताला लगवा दिया गया और काउंटर पर सर्वर ठप होने का नोटिस चस्पा करवा दिया। इसके बाद भी मौके पर जुटी भीड़ जब बढ़ने लगी तो यहां के स्टाफ द्वारा उन्हें डेमो देकर बुकिंग के तरीके बताए गए। स्टाफ के अनुसार लोगों द्वारा दिन के 18 घंटे में बुकिंग का प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा। ऐसे में यदि बुकिंग करना चाहते हैं, तो रात 11 से 1 और सुबह 4 से 7.30 के बीच सर्वर पर लोड कम रहता है और बुकिंग तुरंत हो जाती है। यही जानकारी हमें लालघाटी गुफा मंदिर स्थित भारत गैस के गोडाउन मैनेजर द्वारा भी दी गई।

### कोलार पुलिस ने पकड़ी सिलेंडरों से भरी बोलेरो

दूसरी ओर कोलार पुलिस से मुखबिर से मिली सूचना के बाद घरेलू सिलेंडरों से भरी हुई एक बोलेरो को पकड़ा है। जिसमें 25 सिलेंडर पाए गए। जिसके बाद पुलिस ने इसकी जानकारी खाद्य अमले और एसडीएम कोलार को दी। अधिकारियों के अनुसार बोलेरो चालक सिलेंडरों के संबंध में किसी भी तरह के दस्तावेज पेश नहीं कर सका, जिसके बाद सिलेंडर जब्ती की कार्रवाई की गई।

### विनीत गैस एजेंसी पर स्टॉक पर मिली अनियमितता

वहीं एसडीएम एमपी नगर द्वारा जंबूरी मैदान स्थित विनीत गैस एजेंसी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के गोदाम में मौजूद स्टॉक और संचालक द्वारा दर्शाए गए स्टॉक में भारी अनियमितताएं मिलीं। इस दौरान गोदाम के 51कमर्शियल सिलेंडर, 147 पांच किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर और 18 प्लास्टिक कमर्शियल सिलेंडर भरे हुए पाए गए। इसके अलावा 535 घरेलू सिलेंडर भी मिले। अमले ने 823 खाली घरेलू सिलेंडर भी गोदाम में मिले हैं। स्टॉक और रजिस्टर में अंतर मिलने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम एमपी नगर एलके खरे ने पंचनामा तैयार कर एजेंसी संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

> शहर में गैस एजेंसी संचालकों को नियमानुसार गैस की डिलीवरी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का अमला भी औचक निरीक्षण कर एजेंसी की जांच पड़ताल कर रहा है। जमाखोरी करने वालों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है।
> ■ **कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर भोपाल**

## प्रशासन ने 3 ट्रक और ऑटो से जब्त किए 658 सिलेंडर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** एक ओर शहर में जहां लोग सिलेंडर की खरीदी को लेकर परेशान हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शहर में बड़े पैमाने पर सिलेंडरों की कालाबाजारी भी की जा रही है। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन ने शहर में दो स्थानों पर कार्रवाई कर 683 कमर्शियल व घरेलू सिलेंडर जब्त किए। पहली कार्रवाई लालघाटी स्थित गुफा मंदिर के पास की गई। यहां से प्रशासन ने 3 ट्रक और एक ऑटो से 658 सिलेंडर जब्त किए। दूसरी कार्रवाई कोलार में की गई। जहां कोलार पुलिस के दल ने एक बोलेरो से 25 घरेलू



सिलेंडर जब्त किए। इसके अलावा जंबूरी मैदान स्थित विनीत गैस एजेंसी द्वारा भी सिलेंडरों को लेकर अनियमितता की जा रही थी, जिसे लेकर एसडीएम एमपी नगर एलके खरे के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई।

### इन जगहों पर हुई कार्रवाई

प्रशासन के अनुसार लालघाटी स्थित गुफा मंदिर के पास ममता गैस एजेंसी द्वारा लोगों को बिना अनुमति सिलेंडर वितरित किए जा रहे थे। जिसकी जानकारी जिला प्रशासन के अमले को मिली। अमले ने मौके पर पहुंच कर देखा तो 3 ट्रक और एक ऑटो में भारी मात्रा में सिलेंडर पाए गए। जिसके बाद 19 किलो के 215 कमर्शियल सिलेंडर (21 भरे हुए) 348 घरेलू सिलेंडर (18 भरे हुए) जब्त किए गए। इस दौरान 5 किलो वाले 95 खाली सिलेंडरों की भी जब्ती की गई। एजेंसी संचालक विस्थापन के बाद भी नियम विरुद्ध सिलेंडर बांट रहा था। जिस जगह पर सिलेंडर बांटे जा रहे थे। वहां तीन अन्य गैस एजेंसियों के भी गोदाम हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति सिलेंडर खरीदने के लिए पहुंच रहा था, तो लोग एजेंसी संचालक से मिलकर खरीद-फरोख्त कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान एसडीएम बैरागढ़ रवि शंकर राय, तहसीलदार बैरागढ़ हर्ष विक्रम सिंह, थाना प्रभारी कोहेफिजा केजी शुक्ला कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बैरागढ़ कुणाल पटवारी और दुलारे खान मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क पार कर रहे नर्सिंग छात्र को कार ने कुचला

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग की असिस्टेंट रजिस्ट्रार भर्ती परीक्षा में भागीदारी करने 25 हजार रुपये का विलंब शुल्क के साथ 22 अप्रैल तक आवेदन जमा होंगे। तीन हजर रुपये के विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा होने की तिथि बीत चुकी है, लेकिन इसमें एमपीपीएससी को ज्यादा आवेदन नहीं मिले हैं। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन 500 रुपये और आरक्षित वर्ग के लिए 250 रुपये रखा गया है। एआर भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए 12 हजार आवेदन एमपीपीएससी में जमा हुए हैं। जबकि एमपीपीएससी ने 12 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है। परीक्षा 17 मई को होगी। रिजल्ट एक माह बाद जून तक जारी किए जाएंगे। एमपीपीएससी उक्त रजिल्ट ओबीसी आरक्षण मामले के कोर्ट में होने के कारण 87-13 फॉर्मुले के तहत जारी करेगा। चयन सूची भी उसी आधार पर दी जा रही है। ऐसे में असिस्टेंट रजिस्ट्रार का एक पद होल्ड पर रहेगा।

### पैसे नहीं देने पर किन्नर ने तोड़फोड़ कर की मारपीट

**जागरण, भोपाल।** बजरिया थाना क्षेत्र में दो हजार रुपए नहीं देने पर किन्नर ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर मारपीट की। घटना रेलवे स्टेशन सिकंदरी सराय की है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 55 वर्षीय जैन पाल शंकराचार्य नगर में रहते है। उनकी रेलवे स्टेशन सिंकदरी सराय मस्जिद के पास महावीर जनरल स्टोर की दुकान है। गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे शराब के नशे में किन्नर काजल उर्फ बंबइयां उनकी दुकान पर पहुंची। जहां उसने दो हजार रुपए की मांगे। आनाकानी करने पर काजल दुकान में घुसकर फ्रिज, काउंटर समेत अन्य सामान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने दुकानदार को दो-तीन चांटे जड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। बाद में पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### गौतम नगर में बदमाश ने झुग्गियों में लगाई आग

**जागरण,भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र में बदमाश ने दो झुग्गियों में आग लगा दी। जिससे झुग्गी जलकर खाक हो गई। घटना 5 मार्च की रात नौ बजे की है। पुलिस के अनुसार 48 वर्षीय नर्मदा बाई अटल अयूब नगर में रहती है। वह कबाड़ी का काम करती है। उनके दो बेटे सचिन पंती और छोटू पंती गुंडा बदमाश है। उनके खिलाफ पहले से ही थाने में कई मामले दर्ज है। रंग पंचमी के दिन उनके बेटे का आकाश मालवीय से मामूली विवाद हुआ था। इस पर उन्होंने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। जिसका बदला लेने के लिए आकाश ने 5 मार्च को उनकी झुग्गी में आग लगा कर भाग गया।

## बस ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत

### पत्नी 20 फीट दूर झाड़ियों में गिरी, पति के ऊपर से निकली बस

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** ओवरटेक कर रही तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर मैत हो गई। पत्नी 20 फीट दूर झाड़ियों में गिरी, जबकि पति के ऊपर से बस का पहिया गुजर गया था। घटना तरावली जोड़ और गुरुकुल स्कूल के बीच की है। बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन के अनुसार ग्राम मनीखेड़ी गुनगा निवासी 48 वर्षीय मोहर सिंह रैकवार प्राइवेट नौकरी करते थे। शुक्रवार को मोहर सिंह अपनी पत्नी उमा बाई (45) के साथ बैरसिया के पास स्थित नंद गांव एक रिश्तेदार के यहां आने के लिए निकले थे। सुबह करीब 11 बजे मोहर सिंह अभी तरावली जोड़ और गुरुकुल स्कूल के बीच में थे, तभी राधा-रानी ट्रेवल्स की बस ने एक वाहन को ओवरटेक किया। सामने मोहर सिंह की बाइक आ गई। टक्कर लगने से पीछे बैठी उमा बाई 20 फीट दूर जाकर झाड़ियों में गिरी। जबकि मोहर सिंह बाइक की चपेट में आ गए। उनके ऊपर से बस का पहिया गुजर गया।




### चालक के खिलाफ केस दर्ज

इधर, हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला। बस बैरसिया से भोपाल जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाए। बाइक के परखच्चे उड़ गए थे। बस को जब्त कर थाने में खड़ा किया। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बैरसिया इलाके में ही अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल कमल अहिरवार (36) निवासी अयोध्या नगर की गुरुवार को मौत हो गई। कमल बीती 7 मार्च को बरखेड़ा गांव से भोपाल बाइक जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी।

## बदमाश भूरा हड्डी की दुल्हन पहुंची थाने, बोली- दो घंटे के लिए रिहा कर या कस्टडी में ही फेरे करा दो

### इल्लीगल गैंग के सरगना को पुलिस ने मंडप से था उठाया, पुजारी को हनीट्रेप में फंसाकर किया था किडनैप

### पुलिस ने सभी छह आरोपियों को भेजा जेल, निकाला जुलूस, 8 की तलाश जारी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कुख्यात बदमाश आकाश नीलकंठ उर्फ भूरा हड्डी की दुल्हन सीमा शुक्रवार को कोहेफिजा थाने पहुंची। उसने पुलिस से गुहार लगाई कि दो घंटे के लिए रिहा कर दो या कस्टडी में ही शादी करवा दो, नहीं तो साहब मेरी जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। मेरी क्या गलती है? मुझे उसके जुर्म की जानकारी नहीं थी। घर में मेहमान हैं। हल्दी से लेकर तमाम रस्में हो चुकी हैं। रोते हुए उसने मीडिया से बातचीत की। बताया कि आरोपी भूरा हड्डी के पिछले अपराधों की उसको जानकारी नहीं थी। सीमा के हाथों में मेहंदी लगी थी। चेहरे पर हल्दी और गले में माला पहने थी। वह भूरा हड्डी से मिलवाने की गुहार लगा रही थी, लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। इसके बाद पुलिस भूरा हड्डी समेत



गिरफ्तार छह आरोपियों को जिला अदालत ले गई, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। जेल दाखिल कराने से पहले पुलिस भूरा हड्डी को वाजपेयी नगर मल्टी इलाके में ले गई थी। जहां उसका जुलूस निकालकर अकड़ निकाल दी।

### शादी के लिए पैसों की थी जरूरत

पुलिस पूछताछ में आरोपी भूरा हड्डी ने बताया कि उसे शादी के लिए पैसों की जरूरत थी। आकाश उपाध्याय के कहने पर उसने राजेश पुजारी को किडनैप करने की साजिश रची थी। योजना के अनुसार आकाश ने लड़की बुलवाई थी। लड़की के आने पर वह कमरे से निकल गया था। किडनैपिंग से मिले 50 हजार रुपए में से कुछ हिस्सा उसने हल्दी वाले दिन खर्च कर दिया था। हम बता दें कि आकाश नीलकंठ उर्फ भूरा हड्डी की गैंग में 15 सदस्य हैं, जिसमें युवती भी शामिल हैं।

### गवा पर मांगी की 8 लाख की फिरौती

आरोपी भूरा हड्डी और उसके साथी रामजी ठाकुर, आकाश उपाध्याय, अभिषेक मीणा, नीरज खानगे और अमित ओसवाल ने 8 मार्च को संजीव नगर निवासी राजेश खेमरिया उर्फ पुजारी को हनीट्रैप के जाल में फंसाकर मारपीट की। अगवा कर 8 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। राजेश के भाई से 50 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए थे। इसके बाद राजेश को छोड़ दिया था। मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अभी आठ आरोपियों की और तलाश है, जिनके संभावित ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है।

### भूरा के अपराधों से वाकिफ है सीमा, कर रही थी लव मैरिज

कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक, आरोपी भूरा हड्डी ने शाहजहांनाबाद समेत छह थाना इलाकों में दहशत फैला रखा थी। उसकी और सीमा की लव मैरिज होने वाली थी। दोनों के बीच करीब 5 साल पुराना प्रेम संबंध था। सीमा, भूरा के मोहल्ले में ही रहती है। वह उसके आपराधिक रिकार्ड से भलीभांति वाकिफ थी। उस पर हत्या का केस समेत अन्य अपराध दर्ज हैं। चार महीने पहले ही भूरा हड्डी हत्या के मामले में जेल से जमानत पर रिहा हुआ है। आते ही उसने अपनी गैंग फिर से सक्रिय की और अपराध करने लगा। बुधवार को भूरा हड्डी की सीमा से शादी होने वाली थी। इससे पहले पुलिस ने उसे मंडप से दबोच लिया था।

**शिकायत** सरकारी रिकार्ड में निस्तार के नाम से दर्ज है रकबा, गांव के लोगों का रास्ता हुआ बंद

## जाटखेड़ी में 1.5 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। होशंगाबाद रोड मिसरोद के पास जाटखेड़ी गांव में 1.5 एकड़ सरकारी भूमि पर कुछ स्थानीय लोगों ने कब्जा कर लिया है। भूमि पर कब्जा कर वहां मैरिज गार्डन बनाकर उसे किराए पर चलाया जा रहा है। मामले की शिकायत जाटखेड़ी के रहने वाले जागरुक लोगों ने शासन से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब यह मामला जबलपुर हाईकोर्ट के समक्ष पहुंच गया है। याचिकाकर्ता नरेन्द्र सिंह ने इस मामले में एक जनहित याचिका दायर की है। 18 फरवरी को सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने मप्र शासन से मुख्य सचिव, भोपाल संभागायुक्त, कलेक्टर भोपाल, कमिश्नर नगर निगम और एसडीएम कोलार तहसील से तीन सप्ताह के अंदर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।



### 2023 में किया कब्जा

याचिकाकर्ता के अनुसार, खसरा नंबर 160/104 की लगभग 0.607 हेक्टेयर यानि 1.5 एकड़ सरकारी भूमि, जो ग्राम निस्तार के लिए आरक्षित है, उस पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि भू-माफियाओं ने वहां 2,400 वर्ग फीट (60×40) की एक आरसीसी बिल्डिंग और लगभग 8,000 वर्ग फीट (100×80) का एक विशाल मैरिज हॉल बना लिया है। इस परिसर का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों और शादियों के लिए किया जा रहा है।

### आम जनता को हो रही परेशानी

इस अवैध निर्माण के कारण सार्वजनिक रास्ता बाधित हो गया है। याचिका में कहा गया है कि सड़क अवरुद्ध होने से किसानों के वाहनों और आम जनता की आवाजाही में भारी असुविधा हो रही है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की है कि रिट ऑफ मैंडमस जारी कर प्रशासन को इस अवैध अतिक्रमण को तुरंत ढहाने और सरकारी जमीन को मुक्त कराने के निर्देश दिए जाएं।

### पहले सील किया फिर ताला तोड़ा

याचिका में उल्लेख है कि दिसंबर 2023 में मुख्य सचिव को की गई शिकायत के बाद, कलेक्टर भोपाल ने जांच के आदेश दिए थे। तहसीलदार और एसडीएम कोलार की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण की पुष्टि की और पंचनामा बनाकर जमीन को सीज भी किया था। अब याचिकाकर्ता का आरोप है कि एक स्थानीय पार्षद के राजनीतिक प्रभाव के कारण जनवरी 2024 में इस सील किए गए परिसर को दोबारा खोल दिया गया।

### इन पर कब्जा करने का आरोप

**देवी प्रसाद पाटीदार, राज कुमार, शामलाल, मनोज मोहित, धर्मेंद्र, राम किशन, प्रताप वारे।**

> मुझे इस विषय में जानकारी नहीं है। हाइकोर्ट का जो आदेश आया है, उस पर कार्रवाई कर जवाब समयावधि में प्रस्तुत कर देंगे।
> ■ **पीसी पांडे,** एसडीएम कोलार तहसील

## हत्या के प्रयास मामले में राजीनामा नहीं करने पर युवक का चाकू से कान काटा

### आरोपी बोला- ऐसा मारेंगे नजीर बन जाओगे, आधा दर्जन किए वार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** हत्या के प्रयास के मामले में राजीनामा नहीं करने पर आरोपियों ने युवक का चाकू से कान काट दिया। आरोपियों ने आधा दर्जन वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपियों ने कोतवाली इलाके में दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया। मुख्य आरोपी बोला - ऐसा मारेंगे नजीर बन जाओगे। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### 12 घंटे तक बेहोश रहा अल्ताफ

अल्ताफ के गर्दन व कान पर गहरा घाव है। 12 घंटे तक वह बेहोश रहा। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अमन नेपाली और फैजान के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### दिनदहाड़े वारदात को दिया अंजाम

कोतवाली पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय अल्ताफ राजा जवाहर कालोनी ऐशबाग में रहता है। वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। उसकी अमन नेपाली नाम के बदमाश से पुरानी रंजिश है। इस मामले में अमन उस पर राजीनामा के लिए दबाव बना रहा था लेकिन अल्ताफ इसके लिए तैयार नहीं था। गुरुवार दोपहर अल्ताफ बाइक सुधरवाने के लिए पुराने शहर गया था। जहां से दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नूर महल रोड पर उसे अमन नेपाली और फैजान मिल गया। पुरानी बात पर अमन ने उससे गाली गलौच की। इसके बाद चाकू से उस पर हमला कर दिया। अमन ने अल्ताफ ने सिर, कान, पैर, कमर पर चाकू से आधा दर्जन वार किए। इससे अल्ताफ का कान कट गया। हमले के बाद आरोपी चाकू लहराते हुए फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। अल्ताफ का काफी खून बह गया था।

तकनीक की दुनिया का

# अब हमारे लिए 'हरित स्मार्ट सेंसर टैग'



**स्विट्जरलैंड के शोधकर्ताओं ने एक हरित स्मार्ट सेंसर टैग तैयार किया है, जो स्टिकर जैसा है। यह दुलाई के दौरान सामानों की नमी और तापमान की निगरानी करेगा। इससे उसे खराब होने से बचाया जा सकेगा।**

दुनिया भर में रोजाना बड़ी मात्रा में वस्तुएं एक जगह से दूसरी जगह भेजी जाती हैं। इनमें कुछ बहुत नाजुक होती हैं, जैसे वैक्सीन, दवाइयां और खाद्य उत्पाद। ये उत्पाद सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंचें, यह सुनिश्चित करने के लिए परिवहन के दौरान इन्हें एक निश्चित तापमान और आर्द्रता सीमा के भीतर रखा जाना आवश्यक होता है, लेकिन यह कैसे सुनिश्चित किया जाए? इस समस्या का समाधान एक शोध ने कर दिया है।

स्विट्जरलैंड के ईएमपीए, ईपीएफएल और सीएसईएम संस्थान के शोधकर्ताओं ने गीन्सपैक नाम के प्रोजेक्ट में एक 'हरित स्मार्ट सेंसर टैग' तैयार किया है, जो तापमान और आपेक्षिक आर्द्रता को माप सकता है। और यह याद भी रख सकता है कि तापमान ने निर्धारित सीमा को कब पार किया। यह छोटा-सा स्टिकर न केवल सिलिकॉन रहित है, बल्कि पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल भी है। शोधकर्ताओं ने अपने नतीजों को 'नेचर कम्युनिकेशन' पत्रिका में प्रकाशित किया है। स्मृति वाला विद्युत परिपथ इस स्मार्ट टैग को न तो बैटरी की आवश्यकता है और न ही किसी ट्रांसमीटर की। इसकी जगह यह आरएफआईडी चिप की तरह काम करता है। इसमें संवाहक पदार्थों से मुद्रित पथ होते हैं, जो प्रतिरोधक और धारिता वाले तत्वों से बने विद्युत परिपथ तैयार करते हैं। जब ये परिपथ किसी विद्युत चुंबकीय क्षेत्र- जैसे टैग रीडर के संपर्क में आते हैं, तो एक अनुनाद उत्पन्न होता है, जिसे रीडर द्वारा डिकोड किया जा सकता है। अच्छी बात यह है कि इन परिपथों की चालकता और धारिता परिवेश के तापमान और आर्द्रता के आधार पर बदलती रहती है, जिससे उनका अनुनाद भी बदल जाता है। यह परिवर्तन बिना किसी जटिल मापन तकनीक के वर्तमान तापमान और आर्द्रता की जानकारी उपलब्ध कराता है। यदि तापमान 25 डिग्री से ऊपर चला जाता है, तो परिपथ के एक छोटे से तत्व का गलन होता है, जिससे परिपथ स्थायी रूप से टूट जाता है। इसका अर्थ यह है कि परिवहन किए जाने वाले सामनों के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। उदाहरण के लिए टीकों की बात करें, तो इसका अर्थ यह हो सकता है कि उस खेप का उपयोग अब नहीं किया जा सकता या उसकी एक्सपायरी तिथि अमान्य हो चुकी है।

शोध परियोजना के प्रमुख और ईएमपीए की सेलूलोज एवं वुड मैटेरियल्स प्रयोगशाला के प्रमुख गुस्ताव निस्ट्रॉम के अनुसार, 'यह तकनीक सप्लाई चेन का बोझ कम करती है और कार्बन फुटप्रिंट भी घटाती है। निस्ट्रॉम का मानना है कि 'हम जिन सामग्रियों का उपयोग करते हैं, उनके आधार पर हम अलग- अलग तापमान सीमाएं निर्धारित कर सकते हैं।' अगर यह तकनीक व्यावसायिक रूप से सफल होती है, तो खराब होने वाले सामानों को तय समय पर गंतव्य स्थलों तक पहुंचाया जा सकेगा।

ऑन डिमांड डिलीवरी

# बस 10 मिनट कमाल का क्विक कामर्स



**क्विक कामर्स अर्थात आपकी जरूरत की वस्तुएं कम से कम समय में आपके पास। इसमें सबसे बड़ा खेल रफ्तार का है। यहां एआइ के जरिये डेटा मैनेजमेंट एवं जीपीएस सुविधा समेत यूपीआइ क्यूआर स्कैनर का कमाल है तो वहीं कुशल प्रबंधन और वेयर हाउस की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। क्विक कामर्स के बारे में बता रहे हैं शंभु सुमन**




किचन में नाश्ता तैयार कर रहीं दिल्ली की सजना को घर पर सरसों का तेल व सब्जी न होने का ध्यान आता है। वह अपना स्मार्टफोन उठाती हैं और ब्लिंकिट से जरूरत का सामान आर्डर कर देती हैं। मुश्किल से सात - आठ मिनट में उन्हें सामान मिल जाता है। स्कूल के लिए तैयार हो रही उनकी बेटी बोल पड़ती है, यह तो कमाल हो गया मम्मी! इस पर संजना मुस्कुरा देती हैं। वह जानती हैं कि यह कमाल उनका नहीं, बल्कि उस एप का है, जो अक्सर उनके काम आता है। हालांकि, इस एप के पीछे छिपे उस क्विक कामर्स के ताने-बाने की ताकत, तकनीक और तौर-तरीकों के बारे में उन्हें ज्यादा मालूम नहीं है।

इन दिनों 10 मिनट वाला जेप्टो, स्विगी इंस्टामार्ट और ब्लिंकिट क्विक कामर्स महानगरीय जीवनशैली में काफी चलन में आ चुका है। इनके एप के जरिए हरी सब्जियां, फल, कपड़े, जूते, साबुन आदि से लेकर मोबाइल व अन्य गैजेट्स केवल 10 मिनट में मंगवाए जा सकते हैं। इनका एक बड़ा आनलाइन बाजार बन चुका है, जिसमें रफ्तार का तगड़ा खेल है। यह एआइ के जरिये डेटा मैनेजमेंट एवं जीपीएस सुविधा समेत यूपीआइ क्यूआर स्कैनर का कमाल है तो इसमें कुशल प्रबंधन और वेयर हाउस की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

दरअसल, यह कोरोना के दौर की आपदा से लगाए गए लाकडाउन की देन है, जो भारतीय स्टार्टअप कंपनियों के लिए अगस्त, 2020 और दिसंबर, 2021 के बीच अवसर बनकर आया। दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम में इंस्टामार्ट ने 10 अगस्त, 2020 को अपना एक ब्रांड स्विगी लांच करते हुए फूड आइटम 30 से 45 मिनट में डिलीवर करने का वादा किया। तब इसमें पके फूड व ग्रासरी ही थी। इसका आर्डर एप के जरिये किया जाने लगा। कोविड का दूसरा फेज आने पर इंस्टामार्ट ने इस सुविधा में बदलाव कर डिलीवरी का समय 10 से 15 मिनट कर दिया। इसने उपभोक्ताओं को काफी प्रभावित किया, जिसे देखते हुए जून, 2021 में जेप्टो ने इसी तरह की शुरुआत कर दी। इसके बाद गुरुग्राम में वर्ष 2013 की स्थापित कंपनी ब्लिंकिट भी दिसंबर, 2021 में मैदान में कूद पड़ी। इस तरह से क्विक कामर्स के बाजार में इन तीन कंपनियों के बीच बेहतर सर्विस देने की प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई, जिसे शहरी लोगों ने सहर्ष स्वीकार किया। क्विक कामर्स की प्रक्रिया आर्डर देने के बाद से कुल छह चरणों में पूरी होती है। एप के जरिये जब कोई आर्डर किया जाता है, तब इसकी सूचना उसी वक्त ग्राहक के नजदीकी 'डार्क स्टोर' यानी छोटे गोदाम में चली जाती है। ये एक से तीन किमी. के दायरे में बने होते हैं। यहां आनलाइन आर्डर की पैकिंग की जाती है। एआइ और डेटा से कंपनियों को पहले से मालूम रहता है कि सुबह या शाम को दूध और ब्रेड ज्यादा बिकेगा। इसी तरह से वीकेंड पर चिप्स, कोल्ड ड्रिंक्स, बारिश में नूडल्स और पर्व त्योहार आने पर पूजा-पाठ संबंधी सामान अधिक बिकेंगे। इन डार्क स्टोर में हजारों आइटम रहते हैं। डार्क स्टोर में आर्डर आते ही उसकी पैकिंग का टाइमर चालू हो जाता है। यह क्विक कामर्स का तीसरा चरण होता है। आर्डर कन्फर्म करने के लिए मात्र 30 से 60 सेकंड का समय मिलता है। फिर दो से तीन मिनट में पिकिंग और पैकिंग का काम पूरा कर लिया जाता है। इसके बाद चौथे चरण के तहत छह से सात मिनट में डिलीवरी पार्टनर को बाइक से आर्डर करने वाले के पास पहुंचना होता है। इसके लिए उन्हें कुछ जीपीएस और आटो रूट से मदद मिलती है। इस काम के लिए डिलीवरी पर्सन डार्क स्टोर के पास पहले से तैयार रहते हैं। कई बार आर्डर आने से पहले ही वे अपना बैग तैयार कर अलर्ट रहते हैं। इस तरह डिलीवरी पर्सन एक से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में आर्डर देने वाले के पास 10 मिनट से पहले पहुंच जाता है।

क्विक कामर्स से शहरी उपभोक्ता को तुरंत मिली सुविधा का सबसे बड़ा फायदा समय की बचत का हुआ है। इससे आफिस जाने वाले स्टूडेंट्स, सिंगल फैमिली आदि को बड़ी राहत मिली है। अच्छे अनुभव के तौर पर उन्हें कंपनियां डिस्काउंट या आफर का भी समय-समय पर फायदा पहुंचाती रहती हैं। हालांकि, इससे लोगों में अब अभी खरीदने की आदत बनती जा रही है तो हाइ आर्डर फ्रीक्वेंसी के तहत छोटी, लेकिन बार-बार खरीद की लत लगने लगी है। बहुत से लोग आवेग में खरीदारी करते हैं और जरूरत से अधिक खर्च कर देते हैं। छोटी चीज के लिए भी एप खोलना और उस पर लगातार मिलने वाले आफर के नोटिफिकेशन को चेक करते रहने से भी लोग कई बार तब तनाव में आ जाते हैं, जब कहा जाता है कि आफर खत्म होते ही कीमतें बढ़ सकती हैं।

## हैं कुछ साइड इफेक्ट भी

- इसका साइड इफेक्ट छोटे-छोटे किराना दुकानदारों को हुआ है। पड़ोस की दुकान खाली रहने लगी है। कीमत के मामले में भी उन्हें बड़े प्लेटफार्म्स से बड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।
- बड़ी मुश्किल डिलीवरी पार्टनर के साथ आती है। वे अत्यधिक दबाव में रहते हैं। कंपनी के 10 मिनट के टाइम का वादा पूरा करने के लिए उनकी तेज रफ्तार सुरक्षात्मक जोखिम से भरी रहती है, जिसमें सड़क हादसों का खतरा बना रहता है तो उनकी इंसेंटिव आधारित कमाई अनिश्चित आय की चिंता से भी भरी होती है।
- ट्रैफिक, वारिश और हाइ डिमांड टाइम की वजह से वे बेहद तनाव में सर्विस देते हैं।
- एक नुकसान पर्यावरण को लेकर भी है। कारण छोटी-छोटी डिलीवरी में ज्यादा वाहन के इस्तेमाल से कार्बन उत्सर्जन व प्लास्टिक/ पैकेजिंग कचरा फैलने का भी है, साथ ही ट्रैफिक और अव्यवस्था सामान्य आवागमन को प्रभावित कर देती है।

# स्मार्ट कार्यों के लिए प्रयोग करें स्मार्टफोन

स्मार्टफोन की खूबी यही है कि एक ही डिवाइस आपके सारे दैनिक कार्यों को आसान बना देती है। हम स्मार्टफोन को जितना स्मार्ट मानते रहे हैं, यह उससे भी अधिक है। केवल इसके सेंसर से ही आप कई सारे कार्यों को कर सकते हैं, जिसके लिए महंगे उपकरणों की जरूरत होती है। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ दिलचस्प प्रयोग, जिन्हें आप स्मार्टफोन के सेंसर से कर सकते हैं...

**मापें वाद्ययंत्रों की पिच :** अगर आप संगीत के शौकीन हैं तो अपने म्यूजिक उपकरण को फोन एप के साथ ट्यून कर सकते हैं, जैसे गिटार टूना एप से आप गिटार को ट्यून कर सकते हैं। यह एप फोन के माइक्रोफोन से साउंड को रिकार्ड करके स्ट्रिंग की पिच के साथ मैच करता है। ऐसे कई सारे म्यूजिक एप आपके लिए उपयोगी हो सकते हैं।

**रोशनी के स्तर को जांचें :** अगर आप किसी प्रकाश के स्त्रोत, जैसे टार्च, बल्ब आदि की रोशनी के स्तर को जांचना चाहते हैं तो फोन का प्रयोग कर सकते हैं। लक्स मीटर जैसे एप्स फोन के अंदर मौजूद एंबियंट लाइट सेंसर का प्रयोग करके बता सकते हैं कि फोन का सेंसर कितनी रोशनी महसूस कर रहा है। इस तरह के एप्स से इनडोर लाइट को मापा जा सकता है।

साउंड लेवल को मापें साउंड मीटर, डेसिबल एक्स, निओस साउंड लेवल मीटर जैसे एप्स फोन के माइक्रोफोन का प्रयोग करके आवाज के स्तर को डेसिबल में मापते हैं। सुनने के लिए कोई साउंड कितना परफेक्ट है, इसे आप अपने फोन से आसानी से जांच सकते हैं।

**वायुमंडलीय दाब का स्तर जांचें :** बैरोमीटर के जरिए हवा का दाब मापा जाता है। कई सारे फोन में बिल्ट-इन बैरोमीटर की सुविधा होती है। अगर यह आपके फोन में नहीं है तो आप थर्ड पार्टी एप से यह जांच सकते हैं। ऊंचाई वाले स्थानों पर इस तरह के टूल्स काफी उपयोगी साबित होते हैं। ब्लड आक्सीजन मापें हेल्थ एप्स ब्लड आक्सीजन सैचुरेशन का अंदाजा लगाने के लिए आपके फोन या कनेक्टेड वाच में लगे सेंसर का प्रयोग करते हैं।

## राजधानी

# टीईटी के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षक सड़कों पर उतरे

## शिक्षकों ने भोपाल कलेक्टर कार्यालय के सामने निकाली रैली, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को प्रदेशभर में शिक्षकों ने प्रदर्शन कर कलेक्टरों को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। भोपाल में एकत्रित हुए शिक्षकों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने शासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। बता दें कि संचालक लोक शिक्षण भोपाल द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को भी आगे नौकरी जारी रखने के लिए टीईटी परीक्षा पास करनी होगी।

उक्त आदेश के बाद प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों में नाराजगी देखी है। शासकीय शिक्षक संगठन का आरोप है कि उक्त आदेश विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बिना जारी किया गया है और इससे करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के भविष्य पर अनावश्यक संकट खड़ा हो गया है। संगठन का कहना है कि 27 सालों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर अचानक नई शर्त लागू करना न्यायसंगत नहीं है। इस निर्णय के विरोध में प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन किया गया। संघ ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह मप्र सरकार को भी शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए। संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे। उपेंद्र कौशल ने कहा कि 15 से 28 मार्च के बीच प्रदेशभर में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके माध्यम से करीब दो लाख शिक्षक परिवारों की नौकरी पर आए संकट को दूर करने की मांग उठाई जाएगी और केंद्र व राज्य सरकार से टीईटी परीक्षा आदेश रद्द करने तथा सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की अनुशंसा करने को कहा जाएगा।

### 29 को बैठक कर बनाएंगे अगली रणनीति

प्रदर्शन के दौरान संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल, जिलाध्यक्ष राजेश साहू और अन्य कर्मचारी-शिक्षक संगठनों के नेताओं ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान शिक्षक नेता राकेश पटेल, राकेश पांडेय, सुभाष शर्मा और सतीश शर्मा सहित कई पदाधिकारियों ने सरकार से शिक्षकों की मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। उपेन्द्र कौशल ने कहा कि फिलहाल सरकार से शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है। एक सप्ताह के भीतर मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो 29 मार्च को प्रदेश के सभी शिक्षक संगठनों की बैठक बुलाकर संयुक्त शिक्षक मोर्चा बनाया जाएगा और आगे बड़े आंदोलन की रणनीति घोषित की जाएगी।

### पूर्व विधायक ने लिखा सीएम को पत्र

सुसनेर विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को लिखे पत्र में कहा है कि आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय से जारी आदेश के बाद प्रदेश का समग्र शिक्षक समाज हतप्रभ है। पाटीदार ने मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि इस मामले में संबंधित निर्देश को निरस्त किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और शिक्षा का अधिकार अधिनियम को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर सकारात्मक पहल कर ऐसा मार्ग निकाला जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि उक्त मामले में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो शिक्षक समाज उग्र आंदोलन की ओर बढ़ेगा और वे स्वयं भी उनके आंदोलन का समर्थन करेंगे।

# मंच पर दिखेगी स्त्री रचनाशीलता की सशक्त अभिव्यक्ति

## भारत भवन में आद्या समारोह का 17 मार्च को होगा शुभारंभ

**जागरण, भोपाल।** भारत भवन में स्त्री रचनाशीलता को समर्पित छह दिवसीय 'आद्या समारोह' का आयोजन 17 मार्च से किया जा रहा है। महिलाओं की सृजनात्मक दृष्टि, संवेदना और कलात्मक नेतृत्व पर केन्द्रित इस सांस्कृतिक उत्सव का संयोजन भारत भवन के रंगमंडल प्रभाग द्वारा किया गया है। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि समारोह के माध्यम से रंगमंच पर स्त्री संवेदना, विचार और रचनात्मक नेतृत्व को केंद्र में लाने का प्रयास किया गया है। विविध कथ्य और शैली वाले इन नाटकों के जरिए स्त्री दृष्टि से समाज, संबंधों और मानवीय अनुभवों की नई व्याख्या देखने को मिलेगी। समारोह की विशेषता है कि इसमें प्रस्तुत होने वाले सभी नाटक महिला निर्देशकों द्वारा निर्देशित होंगे, जो रंगमंच पर स्त्री दृष्टि की सशक्त उपस्थिति को रेखांकित करेंगे। सभी प्रस्तुतियां प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रारंभ होंगी।

### कब क्या होगा

उद्घाटन दिवस 17 मार्च को विजयदान देथा की चर्चित कथा पर आधारित नाटक 'दुविधा' का मंचन होगा, जिसका निर्देशन सविता दाहिया करेंगी और प्रस्तुति लोकरंग नाट्य समिति देगी। 18 मार्च को शरतचंद्र की रचना 'दर्प चूर्ण' का मंचन भारती के निर्देशन में रंगदूत नाट्य समिति करेगी। 19 मार्च को जयवर्धन लिखित नाटक 'मध्यांतर' को विभा श्रीवास्तव के निर्देशन में एकरंग सोश्यो कल्चरल सोसायटी मंचित करेगी। चौथे दिन 20 मार्च को सुश्रुत गुप्ता द्वारा लिखित नाटक 'सुदामा' का मंचन वैशाली गुप्ता के निर्देशन में अर्घ्य कला समिति द्वारा किया जाएगा। 21 मार्च को मानव कौल की रचना 'त्रासदी' को शोभा चटर्जी के निर्देशन में आहान शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति प्रस्तुत करेगी।

# आरटीआई कानून नहीं, शासन में पारदर्शिता का सबसे बड़ा हथियार

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के मूल सिद्धांत विषय पर एक विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र को मुख्य वक्ता केंद्रीय सूचना आयोग नई दिल्ली के सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि सूचना का अधिकार केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक उपकरण है, जो प्रशासन में पारदर्शिता और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। आयुक्त तिवारी ने बताया कि वर्तमान में आरटीआई का क्रियान्वयन काफी प्रभावशाली रहा है और नागरिकों की संतुष्टि दर लगभग 95 फीसदी है। प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह समय पर जनधन और सार्वजनिक संसाधनों के संबंध में सही जानकारी जनता को उपलब्ध कराए। उन्होंने आरटीआई के नए संशोधनों और कुछ लैंडमार्क निर्णयों का उल्लेख करते हुए, सीआईसी के नियमों और अधिनियमों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। आयुक्त तिवारी ने आरटीआई इकोसिस्टम में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए 'प्रोएक्टिव' दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि अधिक जानकारी देने पर कोई ऐतराज नहीं है, बल्कि जानकारी में कमी नागरिकों के अधिकारों के लिए चुनौती बनती है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों के प्रश्नो के भी बेबाकी से उत्तर देते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक ऐसी विरासत छोड़ें, जिसमें शासन-प्रशासन में पारदर्शिता हो। एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. चन्द्र चारू त्रिपाठी ने कहाकि आरटीआई के सफल क्रियान्वयन के लिए संस्थागत प्रक्रियाओं का सरल और स्पष्ट होना आवश्यक है और कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाना चाहिए। इस दौरान मप्र और उप्र के विभिन्न संस्थानों के निदेशक, कुलसचिव, व आरटीआई से सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी, सेवानिवृत्त विजय लक्ष्मी तिवारी, संस्थान के प्रो. आरके दीक्षित, मेजर निशांत कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# भगवान आदिनाथ का अभिषेक और अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जन्म कल्याणक के उपलक्ष में शुक्रवार को राजधानी के मंदिरों में निरंतर धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। श्री आदिनाथ जैन मंदिर पिपलानी में दो दिवसीय अनुष्ठान के दौरान आज मूलनायक भगवान आदिनाथ की विशाल पद्मासन प्रतिमा का श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से अभिषेक कर सभी के कल्याण की भावना से शांति धारा की। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया जिनालय का वातावरण पूरी तरह भक्ति मय था। भक्ति नृत्य के साथ श्रद्धालु कुंडलपुर, चांदखेड़ी के बड़े बाबा के जयकारे लगाते रहे। इस अवसर पर अष्ट द्रव्यों से श्री आदिनाथ विधान के अर्घ समर्पित किए गए। जिनालय में श्री आदिनाथ चालीसा और भक्तांमर का वाचन भी प्रतिदिन हो रहा है। पालना सजाकर प्रभु आदिनाथ की प्रतिमा को झुलाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अरविन्द पंत, प्रदीप हर्षोला, राजू गोयल, अतुल सिंघई, राजेंद्र सेठी, संजय जैन, अतुल जैन, नीतेश जैन, श्री ऐरादेवी महिला मंडल की अनिता पंत, मंजु हरसोला, सिम्मी गंगवाल आदि मौजूद थे।

**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
26-Arera Hills, Jail Road, Bhopal
Board/Nirman/P.Cell/Water Treatment/IInd Call/25-26/2416
Bhopal, Dated : 13.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Repair and Maintenance of PLC based CBR-MMS integrated Centralized Automatic Bacteriological Treatment Plant with Online Comprehensive Analyzer at Mandi Yards (APMC - Berasia, District Bhopal, APMC - Sehore, District Sehore, APMC - Ganj Basoda, District Vidisha, APMC - Harda, District Harda, APMC - Pipariya, District Narmadapuram, APMC - Itarsi, District Narmadapuram, APMC - Badnawar, District Dhar, APMC - Khargone, District Khargone, APMC - Ashta, District Sehore, APMC - Burhanpur, District Burhanpur, APMC - Ujjain, District Ujjain, APMC - Dewas, District Dewas, APMC - Neemuch, District Neemuch, APMC - Jaora, District Ratlam, APMC - Agar, District Agar-Malwa, APMC - Guna, District Guna, APMC - Ashoknagar, District Ashoknagar, APMC - Jabalpur, District Jabalpur, APMC - Seoni, District Seoni, APMC - Satna, District Satna) for treatment of water as per BIS standards vide IS:10500-2012. (Tender Number : 2026_MPSAM_490000 (IInd Call), (PAC amount Rs. 380.00 Lakh). The following Tender to be received online up to 5:30 PM on Dated 06.04.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/124907/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (BHOPAL REGION)
Nishtha Parisar, Bijlinagar, Govindpura, Bhopal-462023
Phone : 0755-2588291, E-mail : sepurchasebr@gmail.com
NIT No. : CGM/BR/02/Pur/11997 Bhopal, Dated : 13.03.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

E-tenders are invited from eligible bidders for supply of following item :-

| TS No. | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (In Rs.) | EMD (In Rs.) | Date of Opening of Bids Online |
|---|---|---|---|---|---|
| CGM/BR/ E-Enquiry 27 | Supply & Installation of Split Type AC with Voltage Correctors | 3.00 Lakh | 500/- + GST @ 18 % Extra | 6,000/- | 30.03.2026 at 15:45 hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124908/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (BHOPAL REGION)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग जिला सिंगरौली (म.प्र.)**
email:- piusingrauli@gmail.com ph.no- 07805-297421
एनआईटी नं.-07/2026/केन्द्रीयकृत निविदा/सी.ई./पी.डब्ल्यू.डी./बिल्डिंग/502 रीवा, दि. 06.03.2026
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| स. क्र. | टेंडर पोर्टल नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख में | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_489335_1 | जिला सिंगरौली में 50 बिस्तरीय ब्लॉक-देवसर सिविल अस्पताल भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमन्त्रण) | सिंगरौली | 1194.23 | 1000000.00 | 30000.00 | 18 माह |

1- निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन 10.03.2026 समय 10.00 से दिनांक 26.03.2026 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग
जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

जी-27247/25
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

## संक्षिप्त खबरें

### दसवीं-बारहवीं का पेपर देने का झांसा देकर रुपए ऐंठने वाला आरोपी गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो यानी मोनो का उपयोग कर टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर छात्रों से दसवीं-बारहवीं का पेपर देने का झांसा देकर रुपए ऐंठने वाले आरोपी को सायबर क्राइम ने राजगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने टेलीग्राम पर स्थ्र क्र्भड्डह्लस्न क्क्षुश्चद्गह्र द्यद्गड्डद्म के नाम से ग्रुप बनाया था। पेपर देने का झांसा देकर फर्जी खातों में छात्रों से रुपए डलवाए थे। रुपए लेने के बाद आरोपी, छात्रों को गुमराह कर सैंपल पेपर थमा देता था। इस मामले में पुलिस ने राजगढ़ के खुजनेर से आरोपी अरुण मालवीय (22) पिता घनश्याम मालवीय को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वार्षिक परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर छात्रों से 500 और 1000 रुपए डलवाए थे। यह पैसा आरोपी क्यूआर कोड के माध्यम से लेता था। पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल फोन और सिमकार्ड जब्त किया है।

### गौ सेवा कर ऋषभदेव के जीव दया के संदेश का किया अनुसरण



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान जी के जन्म महोत्सव सप्ताह के तहत शुक्रवार को गौ सेवा का कार्य किया गया। राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ के सदस्यों ने चार इमली स्थित गौशाला पहुंचकर गौ माता को चारा, रोटी एवं गुड़ खिलाकर ऋषभदेव भगवान के द्वारा बताए गए। जीव दया के कार्य का अनुसरण किया। संगठन के प्रवक्ता दीपेश जैन ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों के तहत रविवार को ऋषभ भक्त सम्मेलन का आयोजन मंगलवारा जैन मंदिर धर्मशाला में किया गया है। इसमें भोपाल के सभी कालोनियों के जैन मंदिरों के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान संघ के सदस्य में राकेश गोहिल, वीरेंद्र अजमेरा, राजेंद्र चौधरी, डॉ मनोज, संजय मुंगावली, सतीश जैन शीतल, एडवोकेट योगेश अतुल, सुनील अरिहंत, शैलेन्द्र माया, उज्जवल जैन, जयदीप जैन वास्तुविद आदि सभी उपस्थित रहे।

### देवलिया स्मृति व्याख्यान आज दीप्ति चौरसिया होंगी सम्मानित

**भोपाल।** राज्य स्तरीय भुवन भूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान अलंकरण समारोह और व्याख्यान शनिवार 14 मार्च को माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय में सुबह 11 बजे से होगा। समारोह की मुख्य अतिथि भोपाल की महापौर मालती राय होंगी। व्याख्यान का विषय है- पत्रकारिता में महिलाओं की चुनौतियां। मुख्य वक्ता होंगी देश की मानीमानी पत्रकार दैनिक हिंदुस्तान की सलाहकार संपादक एवं पत्रिका नंदन की संपादक जयंती रंगनाथन। समारोह की अध्यक्षता निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे करेंगी। सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार दीप्ति चौरसिया को सम्मानित किया जाएगा।

### राजधानी में जेल रोड व बावड़िया कला में आज होगी बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** रत्नागिरी तिराहे से आशाराम तिराहे तक चल रहे 10 लेन रोड निर्माण कार्य के चलते आज जेल रोड स्थित पलासी व बड़वई गांव सहित अन्य इलाकों में बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार बायपास चौड़ीकरण कार्य के चलते आज जेल रोड स्थित पलासी गांव, बड़वई गांव, एलेक्सर ग्रीन, नाइस स्पेस कालोनी, राजनगर पलासी, न्यू कोहेफिजा, संस्कृति गार्डन व आसपास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। वहीं लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते डीके देवस्थली फेस-1 ओर फेस-2, पल्लवी नगर, ओपेल रीजेंसी, विक्टोरिया पार्क, सुरेंद्र रेसीडेंसी आदि क्षेत्रों में 11 से 1.30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### छात्रों को वितरित किए स्कूल बैग




**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया भोपाल द्वारा एम्पावर हर एवं पॉवर हिम पहल के तहत सेवियर कॉन्वेंट स्कूल के समस्त छात्रों को स्कूल बैग एवं किट वितरित करी। कार्यक्रम में यूनियन बैंक उप क्षेत्र प्रमुख भोपाल नीतेश शर्मा, एजीएम धनंजय कुमार,एवं स्टाफ मती सुथापा सुनैना, जागृति उपस्थित रहे ।

### ग्राहकों को सीएनजी और पीएनजी की उपलब्धता का आश्वासन

**भोपाल।** भारत की अग्रणी सिटी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों में से एक, थिंक गैस ने आज ग्राहकों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। कंपनी ने बताया कि फिलहाल कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और वितरण नेटवर्क में सामान्य संचालन जारी है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में हालिया अस्थिरता को लेकर उठी चिंताओं के संदर्भ में कंपनी ने स्पष्ट किया कि उसके परिचालन क्षेत्रों में गैस आपूर्ति में किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं है। घरेलू ग्राहकों, आवश्यक सेवाओं और परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और पीएनजी सेवाएँ सामान्य रूप से जारी हैं।

### 2026 की प्रतियोगिताओं का आगाज



**भोपाल।** मध्य भारत के पहले कौशल विवि स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आईसीएआई) का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। इसी अवसर पर एआई एक्सपर्ट वैभव सिसिन्टी के हाउ टू विन इन द एआई रेस विषय पर आयोजित की-नोट सेशन के साथ नवोन्मेष 2026 की प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ।



## श्रृद्धालुओं ने दूसरे दिन 63 लाख से ज्यादा पार्थिव शिवलिंग बनाए

**जागरण, भोपाल।** बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान पर चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र अभिषेक ज्ञान यज्ञ में द्वितीय दिवस शुक्रवार को 63 लाख 37 हजार 33 शिवलिंगों का निर्माण हुआ जो संकल्पित लक्ष्य की पूर्ति की ओर एक बड़ा कदम है। गृहस्थ संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री, दद्दा जी के ज्येष्ठ पुत्र कथा वाचक अनिल देव प्रभाकर शास्त्री बड़ेभैय्या के सानिध्य में आयोजन के दूसरे दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं में एक अलौकिक ऊर्जा का संचार देखा गया एवं उत्साहपूर्ण रूप से सपरिवार उपस्थित होकर बड़ी संख्या में पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया इसके बाद बड़े भैय्या ने श्रीमद भगवत ज्ञान कथा का वाचन किया तथा उपस्थित शिक्षण मंडल एवं श्रद्धालुओं ने निर्मित पार्थिव शिवलिंग भगवान भोले नाथ का आचार्यों के मंत्रोच्चारण के साथ महारुद्र अभिषेक किया। इससे पंडाल में उपस्थित समस्त श्रद्धालु भक्ति भाव से भर गए, संगीतमय आरती के बाद विशाल भोजन शाला में सभी ने भोजन प्रसादी गृहण की। यह कार्यक्रम भोपाल के लिए एक अनूठा आयोजन साबित हो रहा जिसमें दो दिनों में ही अपने लक्ष्य की पूर्ति की ओर है।



## वार्षिक उत्सव में उपद्रव करने पर एसवी पालीटेक्निक से पांच विद्यार्थी निलंबित

### धक्का लगने से शुरू हुआ विवाद, शोरगुल सुन चौराहे पर खड़े पुलिसकर्मियों ने हिरासत में लिया

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सरदार भाई पालीटेक्निक कालेज में वार्षिक उत्सव चल रहा है, जिसमें भीड़ थी। इसी दौरान सिविल, इलेक्ट्रानिक्स और फिल्म टेक्नालाजी एंड टीवी प्रोडेक्शन विभाग के विद्यार्थियों को एक दूसरे का धक्का लग गया। इससे विवाद बढ़ गया। श्यामला हिल्स थाना पुलिस को हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराना पड़ा और कुछ विद्यार्थियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेना पड़ा। इसके चलते चतुर्थ सेमेस्टर के एक छात्रा समेत पांच छात्रों को अनुशासन बनाए रखने के लिए निलंबित किया गया है। एसवी पालीटेक्निक में वार्षिक उत्सव के दौरान फिल्म टेक्नालाजी एंड टीवी प्रोडेक्शन विभाग के विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिनिक्स व सिविल के विद्यार्थियों से कहा कि वे कैमरे के सामने नहीं आएं। शार्ट बिगड़ जाएगा। यह बहुत कीमती है। इसके बाद एफटीटीपी चतुर्थ सेमेस्टर विद्यार्थी सिविल और इलेक्ट्रानिक्स विद्यार्थियों के बीच धक्कामुक्की हो गई। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे के खिलाफ गाली गलौच शुरू कर दिया और मारपीट शुरू हो गई। विद्यार्थियों को शांत करने कुछ फैकल्टी सामने आयी, तो फिल्म टेक्नालाजी एंड टीवी प्रोडेक्शन विभाग के विद्यार्थियों ने दुर्व्यवहार शुरू कर दिया। वे फैकल्टी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। प्राचार्य केबी राव ने भी विद्यार्थियों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन मानने को तैयार नहीं थे। पालीटेक्निक से शोरशराबा सुन पुलिसकर्मी घटना स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने आधा दर्जन विद्यार्थियों को हिरासत में ले लिया। थाना पुलिस ने विद्यार्थियों का भविष्य देखते हुए विद्यार्थियों में समझौता करा दिया और उन्हें छोड़ दिया।



#### कॉलेज के कैमरे तक कर दिए क्षतिग्रस्त

प्राचार्य रॉव ने प्रकरण में शामिल पांच विद्यार्थियों को निलंबित कर दिया है। इसमें एफटीटीपी चतुर्थ सेमेस्टर से आकांक्षा मीना, रिषभ पाटीदार, निक्की यादव, अध्यात्म सिंघई और छठवें सेमेस्टर से देव चौहान शामिल हैं। निलंबन आदेश में कहा गया है कि उक्त विद्यार्थियों ने फैकल्टी और विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार और अनुशासनहीनता की है। इस दौरान पालीटेक्निक कालेज के कैमरे का डाटा क्षतिग्रस्त किया गया है। यहां तक विद्यार्थियों के साथ मारपीट की गई है। इसलिए उन्हें निलंबित किया जाता है।

### आईआईआईटी में फर्स्ट ईयर के विद्यार्थी से मारपीटी

**भोपाल।** इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंफोर्मेशन टेक्नालाजी (आईआईआईटी) के प्रथम वर्ष के दो विद्यार्थी अपास में टकरा गए। एक विद्यार्थी ने मारपीट की शिकायत यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज करा दी है। हेल्पलाइन ने ट्रिपलआईटी को कार्रवाई के लिए ई-मेल भेज दिया है। अब विद्यार्थियों को नोटिस देकर तलब किया जाएगा। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आईआईआईटी में प्रथम वर्ष में पढ़ने वाले दो विद्यार्थियों ने विवाद कर लिया। मारपीट के दौरान एक विद्यार्थी ने हेल्पलाइन में दूसरे विद्यार्थी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। जबकि उक्त प्रकरण रैगिंग का न होकर मारपीट का बताया जा रहा है। इसलिए प्रबंधन ने शुक्रवार को सभी विद्यार्थियों से कहा कि कोई भी घटनाक्रम की पहली शिकायत या सूचना संस्थान में देगा। जब तक प्रकरण का निराकरण नहीं हो जाता तब तक दूसरे प्लेटफार्म पर शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहिए। मामला एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज हो चुका है। इसलिए अब प्ररकण की जांच करने के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। डीएसडब्ल्यू के मुताबिक प्रौक्टर पवन कुमार और एंटी रैगिंग अभिनव सिंह परिहार के समक्ष दोनों विद्यार्थियों के हाजिर होकर बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस देकर तलब किया जाएगा। उनकी रिपोर्ट के आधार पर दोषी विद्यार्थी के खिलाफ के कार्रवाई तय की जाएगी। आईआईआईटी में गत माह 16 फरवरी को दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष के विद्यार्थी के बीच विवाद हो गया था। इसकी शिकायत भी एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी।

## बाल साहित्य से कर सकते हैं प्राकृतिक चेतना की रक्षा




### एनआईटीटीटीआर में बाल साहित्य राष्ट्रीय संगोष्ठी

**जागरण, भोपाल।** यह बाल साहित्य को संवर्द्धित करने का अवसर है। बालकों को हम जैसा सांस्कृतिक, पारिवारिक, सामाजिक वातावरण देंगे वो उनको श्रेष्ठ बनाता है। प्राकृतिक चेतना की रक्षा बाल साहित्य द्वारा कर सकते हैं। यह बात वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रिका बालवाटिका के संपादक भेरूलाल गर्ग ने बतौर अतिथि कही। अवसर था साहित्य अकादमी म.प्र. द्वारा स्व. कृष्ण कुमार अष्ठाना स्मृति बाल साहित्य राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन का, जो भोपाल स्थित एनआईटीटीटीआर (श्यामला हिल्स) में शुक्रवार को हुआ। इसका समग्र संयोजन बाल पत्रिका देवपुत्र के सम्पादक गोपाल माहेश्वरी ने किया। प्रातः 11 बजे से बाल साहित्यकारों की उपस्थिति में इस संगोष्ठी का उद्घाटन अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, डॉ. भेरूलाल गर्ग, दिनेश पाठक और राजा चौरसिया ने किया। इस 2 दिनी संगोष्ठी में प्रथम सत्र में बाल मनोविज्ञान और बाल साहित्य सृजन विषय पर समीक्षा तैलंग, डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. वर्षा महेश, शीला पाण्डेय, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, शशि पुरवार, राजकुमारी चौकसे, देवी प्रसाद गौड़, और देवेन्द्रसिंह सिसौदिया ने अपनी अभिव्यक्ति दी। द्वितीय सत्र में बाल-साहित्य में बदलती परिवार व्यवस्था, शिक्षक एवं समाज की भूमिका विषय पर डॉ. रेखा लोढा, नीलम राकेश, उमेशचंद्र सिरसवारी, मीरा जैन और निरुपमा त्रिवेदी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। तीसरे सत्र में बाल-साहित्य में देशप्रेम, राष्टीयता, पर्यावरण तथा भारतीय संस्कृति का भाव विषय पर सपना साहू स्वप्निल, आशा पांडेय, सत्यनारायण सत्य, विष्णु शर्मा हरिहर और हरीराम पथिक आदि ने बाल साहित्य के बिंदु प्रस्तुत किए। देर शाम चौथे सत्र में बाल-साहित्य में कल्पना एवं यथार्थ विषय पर डॉ. आर.पी. सारस्वत, डॉ. वर्षा ढोबले सहित मीरा तिवारी आदि ने अपने भाव व्यक्त किए।

#### गुजरात के प्रापर्टी डीलर से हवाला के 55 लाख की लूट

## क्राइम ब्रांच ने छह दिन में दर्जनों संदेहियें को उठाया

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** श्यामला हिल्स इलाके में गुजरात के प्रापर्टी डीलर दिव्यांग बारोट से 7 मार्च को हुई हवाला के 55 लाख की लूट के मामले में टीआई से लेकर अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है। मामले की जांच में पहले दिन से जुटी क्राइम ब्रांच ने 6 दिन में दर्जनों संदेहियों को उठाया और उनसे पूछताछ की। ऐसे लोग जब घर नहीं पहुंचे तो उनके परिजन परेशान हुए। एक महिला ने अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने टीला जमालपुरा, फिर हनुमानगंज थाने पहुंची, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। महिला दर-दर भटक रही है। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रापर्टी डीलर दिव्यांग और उसके भाई तारक ने जिस दुकान से आखिरी बार पैसा कलेक्ट किया था। उस दुकान पर क्राइम ब्रांच पहुंची। क्राइम ब्रांच की टीम ने वहां से मालिक, नौकर, मालिक के दोस्त, नौकर के दोस्त, अकाउंटेंट, उससे मिलने वाले लोगों को उठा लिया। पूछताछ के नाम पर क्राइम ब्रांच ने दर्जनों लोगों को उठाया और लंबी पूछताछ की। इधर, आरोपी शहर की सीमा से दूर निकल चुके थे। पुलिस के एक अफसर का दावा है कि मुंबई से दो लोगों को उठाया है, लेकिन मामले में चार पहले ही पुलिस को मिल चुके थे। मौके पर छह लुटेरे थे, लेकिन लूट की साजिश में और भी लोग शामिल हैं। पुलिस के पास लूटी गई राशि नहीं थी। लूट की राशि अन्य लुटेरे लेकर फरार हो चुके थे। पुलिस की 10 टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। पुलिस मामले का जल्द ही खुलासा कर सकती है।

### जल संरक्षण संस्कार पर जागरूकता कार्यक्रम

**जागरण, भोपाल।** अपने आस पास के जल निकायों को प्रदूषण मुक्त रखना और वर्षा जल को संचय करने के उपाय अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जीवनदायी जल के स्रोत सिमटते जा रहे हैं, इन्हें बचाना और बढ़ाना जरूरी है। यह बात विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कही। जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न जल संरचनाओं तालाबों, डेम, छोटी नदियां के समीप किया जा रहा है। सारिका ने बताया कि बढ़ते शहरीकरण से प्राकृतिक जल स्रोत सिमटते जा रहे हैं। बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन से भी इनमें कमी आ रही है। जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हर नागरिक की भी उतनी है जितनी की शासन की। सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए बच्चों को जल संरक्षण संस्कार दिया जाना जरूरी है। सारिका ने कहा कि जल प्रत्येक व्यक्ति से जुड़ा विषय है इसलिए इसे बचाने के लिए इस अभियान में सभी की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम के अंतर्गत जल महत्व को बताते हुए इसके संरक्षण की शपथ ली गई।

## नाट्य समारोह में भरतनाट्यम की प्रस्तुति

### 03 दिवसीय राष्ट्रीय बैले नाट्य समारोह

**जागरण, भोपाल।** अर्घ्य कला समिति, भोपाल द्वारा 03 दिवसीय "राष्ट्रीय बैले नाट्य समारोह" का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन अर्घ्य प्रेक्षागृह, गाँधी भवन परिसर में प्रतिदिन सायं 7.00 बजे से निःशुल्क रहेगा। समारोह संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त समारोह में प्रथम दिवस शुक्रवार को शिखर सम्मान से सम्मानित श्रीमती भारती होम्बल की शिष्याओं द्वारा "भरतनाट्यम" की प्रस्तुति दी गई। इसी क्रम में शनिवार को कोरियोग्राफर डॉ. श्रुति कीर्ति बारिक द्वारा बैले नाट्य "स्वयंभू" का प्रदर्शन किया जायेगा। 15 मार्च को दो प्रस्तुतियां जिसमें पहली प्रस्तुति श्रीमती वैशाली गुप्ता के निर्देशन में "रंग संगीत" एवं दूसरी प्रस्तुति श्रीमती विभा श्रीवास्तव द्वारा परिकल्पित "रत्नावली" का प्रदर्शन किया जायेगा।



**संगोष्ठी** एमएलबी गर्ल्स कॉलेज में 'विकसित भारत 2047' राष्ट्रीय संगोष्ठी और पुरावस्तुओं की प्रदर्शनी

## प्राचीन सिक्कों व पुरावस्तुओं से जानी सांस्कृतिक विरासत

**जागरण, भोपाल।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में शुक्रवार को विकसित भारत- 2047 संस्कृति, ज्ञान तथा सततता पर अंतरविषयी दृष्टिकोण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हो गई। पहले दिन लगाई प्रदर्शनी इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण है। एमएलबी कॉलेज में इतिहास विभाग द्वारा डॉ. आरसी ठाकुर के संग्रह से प्राचीन सिक्कों की दुर्लभ प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज चौहान और विक्रमादित्य काल के सिक्के, उज्जैन के महाकाल से जुड़े सिक्के और विभिन्न कालखंडों की दुर्लभ मुद्राएं प्रदर्शित की जा रही हैं। इसके अलावा पद्मश्री सम्मानित डॉ. नारायण व्यास के निजी संग्रह से प्राचीन औजार, पंचांग, डाक टिकट और अन्य पुरावस्तुएं भी प्रदर्शित की जा रही हैं।






### कई प्रमुख वक्ता आए संगोष्ठी में

व्याख्यान सत्र में अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन, प्रबल सिपाहा, आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन, डॉ. आर.आर. रश्मि सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी, मनोज श्रीवास्तव, राच्य निर्वाचन आयुक्त मध्यप्रदेश, मनोज कुर्मी, निदेशक पुरातत्व संग्रहालय उपस्थित थे।विषय प्रवर्तन कार्यक्रम के दौरान अनुपम राजन ने कहा कि संतुलित आर्थिक विकास होना चाहिए जिसमें पर्यावरण, संस्कृति आदि सभी का समन्वयात्मक सहकार होना चाहिए। मनोज श्रीवास्तव ने 'वन हेल्थ' के बारे में बताया कि इस अवधारणा पर वर्तमान में बहुत बात की जा रही है जबकि यह सदैव से सनातन संस्कृति में निहित है। संगोष्ठी के तृतीय वक्ता उदयन बाजपेयी ने बताया कि राष्ट्र केवल मनुष्य केंद्रित है जिसमें पेड़, पौधे, पशु, पक्षियों के लिए जगह नहीं है जबकि देश जैविक है।

### 102 शोध पत्र प्राप्त हुए

राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुल 250 रजिस्ट्रेशन हुए। 181 शोध सार प्राप्त हुए तथा 102 शोध पत्र प्राप्त हुए। द्वितीय सत्र में शोधार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर अपने शोध पत्रों का वाचन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एएसआई के आर्कियोलॉजिस्ट डॉ. मनोज कुमार कुर्मी, जनजातीय संग्रहालय के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे और दत्तोपंत ठेंगड़ी संस्थान के डॉ. मुकेश मिश्रा भी के रूप में मौजूद रहे।

### रचनात्मक प्रस्तुतियां

महाविद्यालय के ड्रॉइंग एवं पेंटिंग विभाग द्वारा गोंड कला और लोककला पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। रसायन विज्ञान विभाग गुलाब जल और लौंग से तेल निकालने की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन कर रहा है। वाणिज्य विभाग शार्क टैंक- थिंक अबाउट द बिजनेस विषय पर नवाचार और व्यवसायिक विचारों से जुड़ी गतिविधि आयोजित करेगा। विज्ञान संकाय के बॉटनी विभाग द्वारा प्राकृतिक रंग बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि समाज शास्त्र विभाग मध्यप्रदेश की गोंड जनजाति की सांस्कृतिक यात्रा को प्रदर्शित करेगा। कार्यक्रम के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल हैं। संगोष्ठी की संयोजक डॉ. सीमा रायजादा, आयोजन सचिव डॉ. अमिता सिंह, समन्वयक डॉ. दीपा एस. कुमार और सह-समन्वयक डॉ. सुधीर कुमार शर्मा हैं।

### संवाद कार्यक्रम में किया छात्राओं की मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान

**जागरण, भोपाल।** नूतन कॉलेज में एक छात्र संवाद कार्यक्रम हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं की शैक्षणिक, सामाजिक व मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान करना और उन्हें भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं के साथ संवाद किया और करियर विकास, परीक्षा की तैयारी तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। प्राचार्य गोस्वामी ने समकालीन विश्व में छात्रों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अनुपम राजन ने इस बात पर जोर दिया कि छात्राओं को इन चुनौतियों से उबारने और उनमें स्पष्टता व आत्मविश्वास भरने के लिए निरंतर संवाद और उचित मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वविद्यालय और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा करते हुए समय प्रबंधन और प्रामाणिक सूचना स्रोतों पर भरोसा करने की सलाह दी।

संस्थापक ▶ गुरुदेव गुप्त

**संपादकीय**

## तेल आयात नीतियों में संशोधन की जरूरत

*पश्चिम एशिया में जो घटित हो रहा है उसने न सिर्फ भारत की ऊर्जा सुरक्षा, बल्कि संकट के समय में उसकी नीतिगत तैयारियों और संचार रणनीति पर भी ध्यान खींचा है। यह देखते हुए कि भारत अपनी तेल संबंधी जरूरतों का तकरीबन 90 फीसदी आयात करता है, अतः यह स्वाभाविक है कि सप्लाई चेन में किसी व्यवधान से वह बुरी तरह प्रभावित होगा। इस सप्लाई चेन में होर्मुज जलडमरूमध्य खास तौर पर अहम है। सरकार तारीफ की हकदार है कि वह भारत की तेल आयात निर्भरता धीरे-धीरे घटाने की कोशिश कर रही है। एथनॉल और जैविक-ईंधन इसी दिशा में एक कदम है। निकट भविष्य में इनको अपनाने की राह आसान बनाना सरकार की नीतिगत प्राथमिकता होनी चाहिए। फिर भी, हर साल अर्थव्यवस्था के 6-8 फीसदी की दर से बढ़ने के साथ, आयातित तेल पर भारत की निर्भरता अब भी बहुत बड़ी है और इसमें वृद्धि हो रही है। इसलिए, एथनॉल और जैविक-ईंधन के मिश्रण जैसे कदम शायद केवल बहुत सीमित रणनीतिक महत्व के रहेंगे।*

*तेल आयात पर नीतियों को ज्यादा दीर्घकालिक उन्मुखी और बाहरी दबाव के समक्ष मजबूत होने की जरूरत है। ऐसे समय में जब नयी दिल्ली अमेरिकी दबाव में रूसी तेल आयात में कटौती कर रही थी, पश्चिम एशिया में संकट ने भारत को दिखा दिया है कि रूस से आपूर्ति कितनी महत्वपूर्ण है। अतीत में, सरकार ईरानी और वेनेजुएलाई तेल को लेकर अमेरिकी दबाव में झुकी थी। अमेरिका अब वैश्विक बाजारों में स्थिरता लाने के वास्ते भारत को रूसी तेल के आयात के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अमेरिका का 50 फीसदी टैरिफ झेल पाना मुश्किल था, लेकिन भारत जानता था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर विचार कर रहा है, और, इसलिए वह उसके आदेश का एक महीने इंतजार कर सकता था। जैसी कि स्थितियां हैं, हो सकता है कि अब भारत को रूसी तेल पर दाम में कोई छूट न मिले, उसने मॉस्को का भरोसा गंवा दिया है, अमेरिका से मिलने वाला सम्मान कम हो रहा है, और उसके साथ व्यापार समझौता अब भी दूर है।*

*सरकारी अधिकारियों ने बिना नाम जाहिर किये बयान दिए हैं कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के जवाब में ईंधन के दाम नहीं बढ़ाये जायेंगे। यह नैतिक से ज्यादा राजनीतिक जरूरत है। आखिरकार, बीते ढाई साल में कच्चे तेल की कीमतें काफी नरम हो जाने के बावजूद ईंधन के दामों में कटौती नहीं की गयी। परिवारों को एलपीजी कनेक्शन मुहैया कराने वाली प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने यह भी उघाड़ दिया है कि कैसे नीति संकटों का अनुमान नहीं लगाती। परिवारों को इस योजना से लाभ हुआ है, लेकिन परिणामस्वरूप एलपीजी मांग में हुई बढ़ोतरी का नतीजा यह हुआ है कि रसोई गैस की किल्लत के बीच रेस्तरां और होटल मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।*

*अंत में, केवल ऑफ-रिकॉर्ड ब्रीफिंग और गाहे-बगाहे ट्वीट के जरिए संचार की अभी तक की सरकारी नीति का नतीजा यह हुआ है ईंधन की उपलब्धता को लेकर अपेक्षा से ज्यादा घबराहट फैल गयी है। मंगलवार की अंतर-मंत्रालय प्रेस कॉन्फ्रेंस कई दिन देर से हुई और उसमें कोई सवाल नहीं लिये गये। साफ है कि जवाबदेह संचार की जरूरत थी, जो अब भी नहीं हो रहा। सरकार को संकट में संचार पर ज्यादा काम करने की जरूरत है। इस युद्ध का उद्देश्य भी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में इसका परिणाम क्या होगा, इसका अनुमान लगाना मुश्किल है। इस वजह से अनिश्चितता का माहौल बन गया है, खासतौर पर भारत जैसे देशों के लिए। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 85 फीसदी से अधिक हिस्सा आयात करता है और इसका बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। ऐसे में अगर तेल की कीमतें बढ़ती हैं या इसकी आपूर्ति में बाधा आती है तो इससे भारत की व्यापक आर्थिक व्यवस्था का प्रबंधन मुश्किल हो सकता है।*

**प्रसंगवश**

## पेंशन में पारदर्शिता को लेकर पैदा हो रही गंभीर चिंताएं

*ईपीएफओ ने व्यापक परामर्श के बिना पेंशन योजना के नियमों में बदलाव किया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने 2 मार्च को कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) 1995 की जगह पर ईपीएस 2026 योजना को जिस तरीके से मंजूरी दी, उससे पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। इस कदम से तकरीबन 5.4 करोड़ अंशदान करने वाले सदस्य और 82 लाख पेंशनभोगी प्रभावित होंगे। भले ही ईपीएस और कर्मचारी भविष्य निधि एवं कर्मचारी की जमा से जुड़ी बीमा योजनाओं को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के पूरक के रूप में डिजाइन किया गया है, लेकिन सरकार या श्रम मंत्रालय ने अब तक नई योजनाओं के बारे में कोई संकेत नहीं दिया था। उल्लेखनीय है कि इस सामाजिक सुरक्षा संहिता को तीन अन्य संहिताओं के साथ नवंबर 2025 में अचानक अधिसूचित किया गया था। अब अधिकारियों ने बीमा योजनाओं को रीडिजाइन करते समय हितधारकों से कोई मशविरा नहीं किया।*

*बाकी सभी योजनाओं के मुकाबले, ईपीएस 1995 योजना पिछले एक दशक में सुप्रीम कोर्ट सहित विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमों के चलते सुर्खियों में छाई रही है। पिछले 12 सालों के दौरान, इस योजना की कुछ खासियतों में बदलाव किए गए। इससे कर्मचारियों को नुकसान हुआ। मिसाल के तौर पर, इस पेंशन योजना के दायरे को मूल रूप से निर्धारित सार्वभौमिक कवरेज के बजाय हर महीने 15,000 रुपये तक कमाने वालों तक सीमित कर दिया गया। पेंशन योग्य तनख्वाह की गणना पिछले 12 महीनों के औसत तनख्वाह से बदलकर 60 महीनों के औसत तनख्वाह पर कर दी गई है। इससे पात्र पेंशन की राशि में काफी कमी आई है।*

*उच्च पेंशन पर पेंशन पाने का अप्रतिबंधित विकल्प उन्हीं लोगों तक सीमित था जिन्होंने 1 सितंबर, 2014 को लागू हुई संशोधित योजना के एक साल के भीतर इस विकल्प का इस्तेमाल किया था। साल 2022 में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद, उच्च पेंशन के विकल्प को 2014 के बाद सेवानिवृत्त होने वालों के लिए एक विशेष मामले के रूप में विस्तारित किया गया। बदकिस्मती से, 2014 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले लोग अधर में लटक गए क्योंकि भविष्य निधि (पीएफ) निकाय द्वारा निर्धारित अवास्तविक शर्तों के चलते उनमें से अधिकांश उच्च पेंशन के लिए अपात्र हो गए।*

*सीबीटी द्वारा मंजूर नई पेंशन योजना में, विकल्प के प्रावधान को हटा दिया गया है क्योंकि इसे एक संकीर्ण कानूनी व्याख्या को प्रकट करने के कारण 'अप्रचलित' माना गया है। इसके अलावा, 15,000 रुपये की पीएफ योगदान सीमा को बढ़ाए जाने की उम्मीद कर रहे लोग निराश हैं, क्योंकि ऐसा कोई संकेत अभी तक नहीं दिया गया है। तनख्वाह की अधिकतम सीमा और 1,000 रुपये की न्यूनतम पेंशन, दोनों को 11 साल पहले तय किया गया था। ईपीएफओ का रवैया कुल मिलाकर अधिकारियों की भाषा में अगर कहें तो पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धता के बोझ को कम करने पर केंद्रित जान पड़ता है। सरकार की तरफ से ज्यादा धनराशि और नियोक्ताओं एवं इच्छुक कर्मचारियों के ज्यादा योगदान से ईपीएफओ पेंशन संबंधी चुनौतियों का सामना बखूबी कर सकता है। केंद्र सरकार और ईपीएफओ को पेंशनभोगियों एवं योगदानकर्ताओं के प्रति सकारात्मक नजरिया और सहानुभूति रखने की जरूरत है। कानूनों, नियमों और प्रक्रियाओं में बदलाव मात्र से करोड़ों सदस्यों एवं लाखों पेंशनभोगियों की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकेंगी।*




**राष्ट्रीय योग संस्थान**

योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती का प्रदर्शन कर रही है

# वेलनेस में भारत के नेतृत्व को मजबूत कर रहा योग



प्रतापराव जाधव

बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्त जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025-2029 के लिए इसे फिर से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्तक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्थान की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्स दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं।

इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशानिर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन



भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है। संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है।

डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने योग की पहुँच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियाँ सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। एम-योगा मोबाइल एप्लिकेशन और वाय-ब्रेक प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्व बनाए रखते हुए उसे बड़े वाय-ब्रेक अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है। इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं। शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं—ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। वाय-ब्रेक अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने , कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने, और कार्य जीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है। एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन- 2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्व पर जोर दिया गया। ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन शुरू हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएंगे कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें। योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। आज, भारत योग की अनंत ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और सार्वभौमिक रूप से सुलभ मार्ग में बदलने का अगला निर्णायक कदम उठा रहा है, जो वैश्विक स्वास्थ्य, संतुलन और कल्याण के लिए मार्गदर्शक बन सकेगा।

**(लेखक आयुष मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्री हैं।)**

**सक्सेस स्टोरी** 'ऑर्गेनिक आनंद' के फाउंडर- आनंद कश्यप

## 30 लाख सालाना की नौकरी छोड़ी आज 10 लाख हर महीना कमा रहे

मंदसौर के इंजीनियर आनंद कश्यप ने 20-30 लाख की नौकरी छोड़कर अपना स्टार्टअप ऑर्गेनिक आनंद शुरू किया। मां के अचार से शुरू हुआ काम आज 10 लाख महीना कमाने वाला ब्रांड बन चुका है।

आनंद कश्यप एक मिडिल क्लास परिवार से हैं। बचपन से ही वे प्रकृति और खेतों के करीब रहे। यही माहौल उन्हें शुद्ध और रसायन-मुक्त भोजन की अहमियत समझाता रहा। आज वे 'ऑर्गेनिक आनंद' नाम के ब्रांड के संस्थापक हैं। आनंद ने 2009 में इंदौर के श्री गोविंदराम सेकसरिया इंटिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मल्टीनेशनल कंपनियों और यूएस में 12 साल से ज्यादा काम किया।

आनंद की मां पारंपरिक तरीके से बिना केमिकल के अचार बनाती थीं। यहीं से आनंद को आइडिया मिला कि क्यों न इसी स्वाद को बड़े स्तर पर लोगों तक पहुंचाया जाए। 2021 में कोविड की दूसरी लहर के दौरान उन्होंने नौकरी छोड़कर 'ऑर्गेनिक आनंद' की शुरुआत की।

### शुरुआत में कितनी मुश्किलें आईं?

शुरुआती निवेश करीब 4 लाख रुपये था, जो बाद में 10 लाख से ज्यादा हो गया। पहले महीने की कमाई 30 हजार रुपये से भी कम थी। वे खुद ही प्रोडक्शन, पैकेजिंग, मार्केटिंग और कस्टमर सर्विस संभालते थे। ऑनलाइन सेल्स का अनुभव कम था और




ग्राहकों तक पहुंच बनाना आसान नहीं था। लेकिन लगातार सीखने की जिद ने उन्हें आगे बढ़ाया। 2022 में आनंद ने वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम जॉइन किया। यहां से उन्हें सही ट्रेनिंग और मेंटरशिप मिली।

### आज कितना बड़ा है बिजनेस?

आज ब्रांड के पास अचार, कैंडी, शहद आधारित प्रोडक्ट्स, हर्बल और हेयरकेयर कैटेगरी में करीब 100 प्रॉडक्ट हैं। तीन साल में मासिक कमाई 30 हजार से बढ़कर 10 लाख रुपये हो गई है। यानी सालाना टर्नओवर 1 करोड़ रुपये से ज्यादा पहुंच चुका है। यह सफर छोटे शहर से बड़े सपने तक का उदाहरण बन चुका है। आनंद अब हेल्दी कैंडी और हर्बल प्रोडक्ट्स पर फोकस कर रहे हैं। मेहंदी, इंडिगो, शतावरी और अश्वगंधा जैसे प्रोडक्ट्स लॉन्च किए जा चुके हैं। वे ई-कॉमर्स और देशभर में वेयरहाउस बढ़ाकर डिलीवरी तेज करने की योजना बना रहे हैं।

आनंद मानते हैं कि सीखने की इच्छा सबसे जरूरी है। पहले फाइनेंशियल प्लानिंग और मानसिक तैयारी जरूर करें। आनंद कश्यप की कहानी दिखाती है कि अगर इरादा मजबूत हो तो मां के हाथ का अचार भी करोड़ों का ब्रांड बन सकता है।

**हेल्थ अपडेट**

## परीक्षा के समय बच्चों के लिए संतुलित आहार ही उचित

**इस्मत अख्तर, डाइटीशियन**

परीक्षा का समय बच्चों के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण होता है। इस दौरान बच्चों पर पढ़ाई का मानसिक दबाव बढ़ जाता है, जिसका सीधा प्रभाव उनके खान-पान और स्वास्थ्य पर पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, परीक्षा के दिनों में संतुलित और पौष्टिक आहार बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



परीक्षा के समय बच्चों का नाश्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। नाश्ता दिमाग को आवश्यक ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे बच्चे लंबे समय तक ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। दूध, दलिया, ओट्स, फल, अंडा, पनीर और दही जैसे खाद्य पदार्थ बच्चों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होते हैं।

दोपहर के भोजन में दाल, हरी सब्जियां, रोटी या चावल के साथ सलाद और दही को शामिल करना चाहिए। बहुत अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन बच्चों में सुस्ती और पाचन संबंधी समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है। पढ़ाई के बीच हल्के और पौष्टिक स्नैक्स जैसे फल, भुने चने, मखाने और मूंगफली ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होते हैं।

### कोल्ड ड्रिंक्स और जंक फूड से दूरी

परीक्षा के दौरान चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक्स और जंक फूड से दूरी बनाना आवश्यक है, क्योंकि ये चीज़ें कुछ समय के लिए ऊर्जा तो देती हैं, लेकिन बाद में थकान और बेचैनी बढ़ा सकती हैं। साथ ही, दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना और कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेना भी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए ज़रूरी है।

परीक्षा में सफलता पढ़ाई के साथ बच्चों के सही खान-पान, पर्याप्त नींद और सकारात्मक वातावरण भी आवश्यक है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को तनावमुक्त रखें और स्वस्थ आहार अपनाने के लिए प्रेरित करें, ताकि बच्चे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

**डिजिटल पेमेंट**

## वरिष्ठ जनों को यूपीआई फ्रॉड से बचाएगा 'सर्किल'

**पवन पांडेय**

78 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रभूषण अपने बेटे के साथ रहते हैं। एक दिन, बाजार में सब्जी खरीदते हुए उन्हें एक अनजान कॉल आया- 'सर, आपका बैंक अकाउंट हैक हो गया है, ओटीपी बताइए।' भोले चंद्रभूषण जी ने ओटीपी शेयर कर दिया और अगले ही पल उनके खाते से 50,000 रुपये गायब। यह कहानी सिर्फ चंद्रभूषण जी की नहीं है, बल्कि डिजिटल पेमेंट की दुनिया में धोखाधड़ी के शिकार भारत के लाखों वरिष्ठ नागरिकों की हकीकत है। ऐसे में 'यूपीआई सर्किल' नाम का फीचर वरिष्ठ नागरिकों के लिए काम का साबित हो सकता है।

**क्या है यूपीआई सर्किल :** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 'यूपीआई सर्किल' फीचर पेश किया है। यह प्राइमरी यूजर (जिसके पास बैंक खाता है) को यह सुविधा देता है कि वह किसी सेकंडरी यूजर (जैसे परिवार के सदस्य) को अपने बैंक खाते से पेमेंट करने की अनुमति दे, वह भी बैंक अकाउंट से जुड़ी कोई जानकारी या ओटीपी साझा किए बगैर। फीचर चालू करने के लिए प्राइमरी यूजर यूपीआई सर्किल सेक्शन पर जाकर सेकंडरी यूजर को आईडी/क्यूआर के जरिये इनवाइट लिंक भेजता है, फिर ट्रांजेक्शन लिमिट तय करता है। इनवाइट स्वीकार होते ही सर्किल बन जाता है।

**ऐसे बचाएगा धोखाधड़ी से :** ठग अक्सर बुजुर्गों से फोन पर पिन, ओटीपी या बैंक खाते से जुड़ी जानकारी मांगकर ठगते हैं। यूपीआई सर्किल में प्राइमरी यूजर, सेकंडरी को जोड़ता है और सेकंडरी पेमेंट कर सकता है। उदाहरण के लिए, चंद्रभूषण जी अपने बेटे को सेकंडरी यूजर के रूप में जोड़ सकते हैं, इस स्थिति में उनके सारे छोटे भुगतान उनका बेटा अपने यूपीआई से कर सकता है। इससे उन्हें किसी तीसरे व्यक्ति को पिन साझा करने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही, प्राइमरी यूजर के पास यह विकल्प होता है कि वह सेकंडरी यूजर के लिए मासिक सीमा तय कर सकता है। इससे एक निर्धारित सीमा से अधिक का भुगतान अपने आप रुक जाता है। सेकंडरी यूजर को क्यूआर कोड स्कैनिंग या कॉन्टैक्ट लिस्ट में शामिल होने पर ही जोड़ा जा सकता है, मोबाइल नंबर डालकर नहीं।

**सीमाएं और नियम:** प्राइमरी यूजर इस फीचर के तहत अधिकतम पांच लोग या डिवाइस जोड़ सकता है। एक सेकंडरी यूजर सिर्फ एक ही प्राइमरी यूजर से जुड़ सकता है। इस फीचर में फुल डेलिगेशन और पार्शियल डेलिगेशन के दो विकल्प मिलते हैं। खर्च की अधिकतम सीमा 15,000 रुपये प्रति डिवाइस और प्रति लेन-देन की सीमा 5,000 रुपये प्रति डिवाइस है। केवाईसी अपडेट हमेशा बैंक से कराएं।

**ट्रेवल अपडेट**

## सिर्फ तेल मालिश नहीं है थाई मसाज

> "दुनियाभर में थाईलैंड जाने के लिए लोग उत्साहित रहते हैं क्योंकि वहां की थाई मसाज के चर्चे दूर-दूर तक हैं। मान्यता के अनुसार थाई मसाज की शुरुआत भगवान महावीर बुद्ध के वैद्य चिकित्सक 'शिवगो कोमरपाज' ने की थी।

कहते हैं कि अगर थाईलैंड जाकर आपने थाई मसाज का लुत्फ नहीं उठाया तो आपका सफर अधूरा है। इसलिए थाईलैंड जाने से पहले आप थाई मसाज की खासियत के बारे में जान लें। थाई मसाज में ऐसा क्या खास है कि दुनियाभर से लोग वहां स्पेशली थाई मसाज करवाने जाते हैं। हालांकि वक्त के साथ साथ इस मसाज में कई तरह के बदलाव आए हैं लेकिन इसे करने के तरीका आज भी पारंपरिक ही है। थाई मसाज आपकी बॉडी और आपके मन को बैलेंस करने के लिए जानी जाती है। थाई मसाज आपकी मांसपेशियों, सॉफ्ट टिशूज और लिगामेंट्स को रिलैक्स पहुंचाती है। इससे आप फ्रेश महसूस करते हैं। थाईलैंड का शहर पटाया थाई मसाज के लिए पॉपुलर है। वैसे तो थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी आपको थाई मसाज मिलेगी लेकिन पटाया में थाई मसाज देने वाले थैरेपिस्ट को दुनियाभर से आए लोगों ने सराहा है। थाई मसाज में सिर्फ तेल मालिश नहीं होती बल्कि इसमें थैरेपिस्ट योगासन और स्ट्रेचिंग के ज़रिए आपके प्रेशर पाइंट्स पर इस तरह मसाज देते हैं कि आपकी सारी मांसपेशियों को आराम मिलता है और थकान दूर हो जाती है। थाई मसाज बेड पर लिटाकर नहीं बल्कि मैट पर बिठाकर भी दी जाती है।



**थाई मसाज के फायदे** बॉडी में फ्रेश एनर्जी आती है। शुगर और ब्लड प्रेशर कन्ट्रोल होता है। मानसिक आराम मिलता है। शरीर की कई तरह की बिमारियों को ठीक करने में थाई मसाज से मदद मिलती है। थाई मसाज आपके वज़न को कम करने और संतुलित रखने में भी फायदेमंद है।

### थाई मसाज के लिए कितने पैसे खर्च करने पड़ेंगें

थाईलैंड की करंसी को 'बहात' कहते हैं और इसकी कीमत इंडियन रुपये के मुकाबले दुगनी होती है। 1 थाई बहात इंडिया के 1.96 रुपये के बराबर होता है। थाईलैंड के लोकल लोगों के लिए ये मसाज अगर 260 बहात में होती है तो विदेशियों के लिए इस मसाज का रेट ज्यादा होता है। विदेशियों को इस एक घंटे की मसाज के लिए 420 से 520 बहात तक खर्च करने पड़ते हैं। जिसे भारतीय रुपयों में देखा जाए तो ये 500 रुपये से भी सस्ती है। वैसे थाईलैंड में आपको ये मसाज 150 बहात से लेकर 500 बहात के बीच में आराम से मिल सकती है जगह के हिसाब से इसके रेट अलग अलग हैं।

# लव जिहाद व धर्मांतरण के खिलाफ मैदान में उतरा अभा सिंधी साधु समाज, रहेगी पैनी नजर

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अहम चर्चाएं: स्वामी तुलसीदास महाराज

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधी परिवारों की युवतियां लव जिहाद के चक्कर में न फंसने पाए, इसी तरह हर हिन्दु बेटी को भी इस चक्रव्यूह से दूर रखने के लिए अभा सिंधी समाज पूरी सक्रियाता से पैनी नजर रखेगा। यह निर्णय समाज की आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। इसमें संत हिरदाराम नगर से समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं गंगाधाम आश्रम के संचालक महंत स्वामी तुलसीदास महाराज विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने गोवा से लौटकर पत्रकारों को बताया कि हमें धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मामलों पर पैनी नजर रखने हेतु निर्देश दिए गए हैं, जिस पर हम सभी ने काम करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होने बताया कि अखिल भारतीय सिंधु संत समाज ट्रस्ट की राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी की द्विसत्रीय बैठक गोवा में सम्पन्न हुई। अमरधाम उदासीन आश्रम, उल्हासनगर के महंत स्वामी अर्जनदास ने बैठक का आयोजन किया।

### धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं

बैठक में धर्मांतर को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करने का संकल्प लिया गया और पूरे सदन ने स्वीकार किया कि समाज में और खासकर युवावर्ग में सनातन धर्म और अपनी संस्कृति की श्रेष्ठता, उच्च आदर्शों, नीति-मर्यादाओं, गौरवशाली इतिहास और सत्शास्त्रो का सटीक ज्ञान न होने की वजह से ही धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मामले दिनों दिन बढ़ रहे है। इस बात पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है। धर्म और संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मामलों के प्रति पूर्ण जागरूक रहने की भी आवश्यकता है। जब भी ऐसा कोई मामला सामने आए तो पूरे समाज को एकजुट होकर और प्रशासन का सहयोग लेकर मामले से निपटना होगा। इसके लिए हमें सामाजिक एकता को भी मजबूत करना होगा। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी के कहा कि सभी संतो को धर्म की रक्षा में आगे आना होगा। समाज में फैल रही कुरीतियों के बारे में खुलकर बोलना होगा। भ्रामक प्रचार करने और कुरीतियों को फैलाने वालो को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। धर्म रक्षा हम सभी का कर्तव्य है तभी धर्म हमारी रक्षा करेगा। उबैठक के आगामी छः मास में अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्री राम लला मंदिर दर्शन और तीन दिवसीय संत सम्मेलन का निर्णय लेकर कार्ययोजना तैयार की गई। इस मौके पर दिवंगत महापुरुषों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था की तरफ से महामंत्री स्वामी हंसदास ने गोवा बैठक के आयोजक महंत स्वामी अर्जनदास द्वारा आवास, भोजन और परिवहन की अति अनुकूल व्यवस्था प्रदान करने हेतु साधुवाद प्रकट किया। महंत स्वामी अर्जनदास ने भी सभी संतो की उपस्थिति हेतु आभार व्यक्त किया।

इस दो दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी से (संरक्षक) महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी (भीलवाड़ा), संरक्षक महंत श्यामदास जी (किशनगढ़) राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत खिमियादास जी (सतना), राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी हंसदास जी (रीवा), कोषाध्यक्ष महंत स्वरूपदास जी (अजमेर), मुख्य सलाहकार महंत अर्जनदास जी (उल्हा.) और प्रदेश कार्यकारिणी से महंत हनुमानराम जी (पुष्कर), महंत अर्जुनदास जी (अजमेर), महंत गुलराज जी (जयपुर), महंत तुलसीदास जी (भोपाल), साध्वी परमानंदा (गोधरा), स्वामी सरूपदास जी (रीवा), संत नारायणदास जी (कोटा), संत संतदास जी (इंदौर) आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे




### मनाएं सभी हिन्दू त्यौहार

बैठक में रामनवमी, हनुमान जयंती, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, नवरात्रि, पितृपक्ष आदि सभी सनातनी त्योहारों के साथ सिंधु संस्कृति के पर्व थधड़ी, गोग्यो, टीजड़ी, महालक्ष्मी आदि पर्वो पर भी विशेष आयोजन करने का सिधी समाज से आव्हान किया गया। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सत्यनारायण कथा, एकादशी कथा, सुंदरकांड पाठ, यज्ञ-हवन आदि के भी मासिक या साप्ताहिक कार्यक्रम रखने चाहिए। संध्या गुरुकुलम प्रारंभ कर बच्चों को भी सनातन धर्म और सिंधु संस्कृति के प्रति जागरूक करना चाहिए। विश्व के एकमात्र सिंधी भाषी महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम ने राम नाम लेखन पुस्तिका छपवाने का प्रस्ताव रखा। पूरे सदन ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पास किया कि देश भर के सभी सिंधी टिकाणों सनातन मंदिरों के माध्यम से राम नाम लेखन पुस्तिकाएं बाटी जाए और लेखन करने वाले को भेट आदि देकर प्रोत्साहित भी किया जाएं। इस हेतु त्रिसदस्यीय समिति की घोषणा भी की गई जिसमें महंत स्वामी स्वरूपदास (अजमेर) महंत स्वामी हनुमानराम (पुष्कर) स्वामी हंसदास उदासी (रीवा) को शामिल किया गया।

# माता-पिता से बढ़कर दुनिया में कोई दूसरा हितैषी नहीं: आचार्य कृपा शंकर

## श्रीमद भागवत कथा में जुट रहे हजारों श्रद्धालु, पहुंचे केबिनेट मत्री

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर के ओल्ड डेयरी फार्म ग्राउंड पर इन दिनों श्रीमद भागवत कथा चल रही है, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। यहां आचार्य कृपा शंकर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि माता-पिता से बढ़कर इस संसार में कोई दूसरा हितैषी नहीं होता। वे अपने बच्चों के सुख-दुख में जीवन भर साथ खड़े रहते हैं और बिना किसी स्वार्थ के उनका पालन-पोषण करते हैं। इसलिए हर संतान का कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता का सम्मान करे और उनकी सेवा को अपना धर्म माने। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने माता-पिता का सम्मान करता है, उस पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। कथा के दौरान आचार्य जी ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए भक्तों को सत्य, प्रेम, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके मधुर वचनों और आध्यात्मिक संदेशों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पूरे मनोयोग के साथ कथा का रसपान किया। कथा के तीसरे दिन प्रथम आरती में विशेष रूप से प्रियंक कानूनगो कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार, अनिल पचैरी, जगदीश यादव, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, कमल विधानी, राज मनवानी, सुरेश वासवानी, नवरंग धाकड़, राधे महाराज, पंडित रवि पटेरिया, कमल मनसुखानी, रानू चैहान, राजू अहिरवार, भरत सेन ने शामिल होकर व्यास पीठ का पूजन किया और आरती में भाग लेकर कथा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान उपस्थित प्रियंक कानूनगो ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



# तन की शुद्धि के लिए मन शुद्ध होना जरूरी: धरती बेन ठक्कर

## संत सिद्ध भाऊ ने किया प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** गुजरात की जानी मानी विश्व प्रसिद्ध योगा विशेषज्ञ एवं प्राकृतिक चिकित्सक धरती बेन ठक्कर ने कहा है कि तन की शुद्धि के पूर्व मन का शुद्ध होना बहुत जरूरी हे। यह बात उन्होंने आरोग्य केन्द्र में आयोजित दस दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर के समापन्न अवसर पर कही। संत सिद्ध भाऊ के अलावा केन्द्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गुलाब टेवानी की विशेष उपस्थिति में धरती बेन ठककर ने कहा कि आरोग्य केन्द्र एक मंदिर हैंझ संत सिद्ध भाऊ यहाँ के भीषम पितामह है। आरोग्य केन्द्र वह स्थान है, जहाँ पर हर एक साधक को परिणाम मिलता हैं, यहाँ पर जो सेवाएँ देते हैं वह पूर्ण भाव से दी जाती हैं। जीवन क्या होता है, और कैसे जीना चाहिए, वो यहाँ से सीखने को मिलता हैं। दरअसल आहार ही आपका सच्चा औषध है अगर आप आहार को औषध की तरह लेंगे तो आपको जीवन प्रयान्त औषध आहर की तरह नही लेना पडेगा। यहां संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिविर में आए शिविरार्थियों से कहा कि आपके स्वस्थ और सुखद जीवन की मंगल कामना करता हूँ। इस दुर्बल मनुष्य जीवन का लाभ हमे तब मिलेगा जब हम स्वस्थ होगें स्वस्थ आदमी सब कर सकता है। आहार ऐसा हो जो स्वादिष्ट हो, पौष्टिक हो और सुपाच्य हो। प्रारंभ में मेडीकल डायरेक्टर डॉ गुलाब टेवानी ने कहा कि दस दिनों के दौरान जो दिनचर्या में बदलाव किया, घर पर भी समस्त साधकगण इसी प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा स्वयं एवम अपने परिवार को कैसे स्वस्थ कर सकते है। इसे न केवल घर पर आसानी से करते हुए रोग मुक्त रहा जा सकता है बल्कि इसका लाभ दूसरों को भी देकर उन्हें भी इस विधि से स्वास्थ प्रदान कर सकते हैं।




### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम प्रदीप भौमिक (PRADIP BHAUMIK) पुत्र श्री गणेश भौमिक ( GANESH BHAUMIK), आयु-42 वर्ष, निवासी-1, आराधना नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल, म0प्र0 है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम प्रदीप कुमार भौमिक (PRADIP KUMAR BHAUMIK) पुत्र श्री गणेश भौमिक ( GANESH BHAUMIK) अंकित है। मेरे आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम प्रदीप भौमिक (PRADIP BHAUMIK) पुत्र श्री गणेश भौमिक (GANESH BHAUMIK) है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के हैं। अब मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम प्रदीप भौमिक (PRADIP BHAUMIK) पुत्र श्री गणेश भौमिक (GANESH BHAUMIK) कर रहा हूं।

भवदीय
प्रदीप भौमिक (PRADIP BHAUMIK)
निवासी-1, आराधना नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल, म0प्र0
मो.नं.- 8588849969


## SUDOKU 174

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 7 | 8 |
| 8 | | | | | 3 | 4 | | |
| 1 | 4 | | 8 | 9 | | | | |
| | | 8 | | 1 | | | | |
| 4 | 2 | | | | | | 8 | 6 |
| | | | | 3 | | 5 | | |
| | | | | 7 | 5 | | 3 | 9 |
| | | 9 | 4 | | | | | 1 |
| 7 | 1 | | | | | | | |

## SOLUTIONS 173

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन थोड़ा भागदौड़ वाला रह सकता है। काम की जिम्मेदारियां बढ़ी हुई महसूस हो सकती हैं। अगर आप एक-एक काम पर ध्यान देंगे तो सब संभल जाएगा।

**वृषभ :** कामकाज सामान्य तरीके से चलता रहेगा। धीरे-धीरे मेहनत का असर दिख सकता है। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन :** मन थोड़ा उलझा हुआ महसूस कर सकता है। एक साथ कई चीजें दिमाग में चल सकती हैं। पैसों के मामले में थोड़ा संभलकर चलें।

**कर्क :** दिन सामान्य रहेगा। काम में ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिलेगा। परिवार से जुड़ी कोई बात सामने आ सकती है, जिस पर ध्यान देना पड़ेगा। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

**सिंह :** आत्मविश्वास बना रहेगा और काम करने का मन भी बना रहेगा। किसी नए काम या योजना के बारे में सोच सकते हैं। दोस्तों या परिवार के साथ अच्छी बातचीत हो सकती है।

**कन्या :** कुछ काम उम्मीद से थोड़ा देर से पूरे हो सकते हैं। ऐसे में धैर्य रखना जरूरी रहेगा। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**तुला :** आज का दिन ठीक-ठाक रह सकता है। कुछ काम आसानी से पूरे होंगे तो कुछ में थोड़ा समय लग सकता है। किसी पुराने मामले को सुलझाने की कोशिश सफल हो सकती है।

**वृश्चिक :** किसी जरूरी काम में धीरे-धीरे प्रगति दिख सकती है। लंबे समय से अटका हुआ काम आगे बढ़ सकता है। मन में चल रही चिंता थोड़ी कम महसूस हो सकती है।

**धनु :** कुछ नया करने का मन बना रह सकता है। किसी काम को नए तरीके से करने की सोच सकते हैं। घर का माहौल सामान्य रहेगा।

**मकर :** काम की जिम्मेदारियां थोड़ी ज्यादा लग सकती हैं, लेकिन धीरे-धीरे सब संभल जाएगा। किसी करीबी की मदद मिल सकती है।

**कुंभ :** मन थोड़ा बदलाव चाहता हुआ महसूस हो सकता है। नई चीजें सीखने या करने का मन बन सकता है। दोस्तों से बातचीत अच्छी रहेगी।

**मीन :** भावनाओं में बहकर कोई फैसला लेने से बचें। शांत दिमाग से सोचेंगे तो बेहतर रास्ता मिल सकता है। कामकाज में ज्यादा परेशानी नहीं आएगी। परिवार का साथ बना रहेगा।

**आज का पंचांग:** 14 मार्च शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व। **भद्रा :** प्रातः 08.12 मिनट पर समाप्त। **विशेष :** सूर्य की मीन संक्रांति, खर मास प्रारंभ विक्रम संवत 2082 शके 1948 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु चैत्र मास कृष्ण पक्ष की दशमी 08 घंटे 12 मिनट तक, तत्पश्चात एकादशी उत्तराषाढ़ा नक्षत्र 28 घंटे 50 मिनट तक, तत्पश्चात श्रवण नक्षत्र वरियान योग 10 घंटे 43 मिनट तक, तत्पश्चात परिघ योग धनु में चंद्रमा 09.33 मिनट तक तत्पश्चात मकर में।


### प्रेस विज्ञप्ति

संस्था सी.एम.आई. सेवा संघ ऑफ सागर, सी.एम.आई. हाउस 59, गोविंद गार्डन, जिला-भोपाल द्वारा अपनी भूमि ग्राम लहराचा प.ह.न. 36 तहसील चाचौडा जिला गुना खसरा क्रमांक 19/1/3 (एस) (ओल्ड नं. 19/1 ग) रकबा 0.8510 हेक्टेयर, खासरा क्रमांक 19/1/2/2 (एस) (ओल्डनं. 19/1 (एस)) रकबा 0.6270 हेक्टेयर कुल रकबा 1.4780 हेक्टेयर भूमि विक्रय की जा रही है।

उक्त भूमि विक्रय हेतु किसी को कोई आपत्ति हो तो यह कार्यालय रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएँ, म.प्र. भोपाल, खण्ड (घ) प्रथम तल, विन्ध्यांचल भवन, भोपाल के समक्ष प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।, सभी कार्य का प्रकार- मल्टी पर्पस स्टॉल, सभी कैटलॉग क्र.- JBP-CMPS-26-2 , एवं सभी ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय - 27/03/2026, 11:00 hrs.

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिक क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| दमोह | MPS-JBP-DMO-MPS-76-26-1 | DMO-MPS-4 | 27/03/2026 11:30 hrs. |
| मदन महल | MPS-JBP-MML-MPS-50-24-1 | MML-MPS-1 | 27/03/2026 11:40 hrs. |
| ब्योहारी | MPS-JBP-BEHR-MPS-75-26-1 | BEHR-MPS-1 | 27/03/2026 11:50 hrs. |
| जबलपुर | MPS-JBP-MPS-74-26-1 | JBP-MPS-3 | 27/03/2026 12:00 hrs. |

संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www-ireps-gov-in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सुचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री
### लोक निर्माण विभाग जिला सिंगरौली (म.प्र.)

email:- piusingrauli@gmail.com ph.no- 07805-297421

एनआईटी नं.-07/2026/केन्द्रीयकृत निविदा/सी.ई./पी.डब्ल्यू.डी./बिल्डिंग/502 रीवा, दि. 06.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| स. क्र. | टेंडर पोर्टल नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि ( पीएसी ) लाख में | अमानत राशि ( ईएमडी ) ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय ( वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_489430_1 | जिला सिंगरौली में 100 बिस्तरीय ब्लॉक- चितरंगी सिविल अस्पताल भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमन्त्रण) | सिंगरौली | 2001.14 | 1000570.00 | 50000.00 | 18 माह |

1- निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन 10.03.2026 समय 10.00 से दिनांक 26.03.2026 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री ( भवन )
लोक निर्माण विभाग
जिला-सिंगरौली ( म.प्र. )

जी-27185/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

### न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी अभयारण्य औबेदुल्लागंज, (जिला-रायसेन म.प्र.) पिन कोड-464993

क्रमांक / 784 औ.गंज/दिनांक 10/03/26

### सूचना/विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज के अंतर्गत परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत दिनांक 26.02.26 को बीट पश्चिम मथार के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 534 में समय 08. 15 AM पर वन अमले द्वारा गश्ती के दौरान वाहन मोटर साइकिल टी.व्ही.एस. (ब्लैक / नीला) क्रमांक, इंजिन नं., चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ से अवैध परिवहन करते हुए सागौन ठूठ 01 नग, वनोपज 03 नग 0.131 घ.मी. जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया विचाराधीन है :-

| क्र. | वाहन क्रमांक / वाहन का विवरण | पी.ओ.आर. न. /दि. | वाहन मालिक / आरोपी का नाम | वाहन का क्रमांक / वाहन मालिक का नाम | वन अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन मोटर साइकिल टी.व्ही. एस. (ब्लैक/ नीला) क्रमांक, इंजिन नं.. चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ। | 42358/25 दिनांक 26.02.26 | अज्ञात | अज्ञात | परिक्षेत्र देलावाडी के दिनांक 26.02. 26 को समय रात्रि 08.15 AM गश्ती के दौरान बीट पश्चिम मथार के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 534 से वाहन मोटर साइकिल टी.व्ही.एस. (ब्लैक/ नीला) से अवैध परिवहन करते हुए सागौन ठूठ 01 नग, वनोपज 03 नग 0.131 घ.मी. जप्त | परिक्षेत्र देलावाडी की बीट पश्चिम मथार के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 534 से अंतर्गत गश्ती के दौरान अवैध परिवहन करते जप्त किया गया। | देलावाडी |

यदि कोई व्यक्ति उक्तवाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज में प्रातः 11.00 उपस्थित होकर अपना वाहन संबंधी दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
सूचना पत्र आज दिनांक 10.03.26 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

(मयंक राज) स.व.स
सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक
रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज

जी-27199/25 'पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार'

### कार्यालय, नगर पालिका परिषद, देवरी जिला-सागर (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व शाखा/20/273 देवरी, दिनांक- 05/3/26

### नामान्तरण सूचना

एतद् द्वारा नीचे लिखे क्रेता एवं विक्रेताओं एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण का इश्तहार जारी किया जा रहा है। जिन व्यक्तियों को निम्न भवन/भूखण्ड/दुकान के नामांतरण। के संबंध में कोई आपत्ति हो तो कोई व्यक्ति इश्तहार दिनांक से 30 दिवस में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के उपरान्त एवं प्रमाण रहित प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. | सम्पत्ति जहां स्थित वार्ड का नाम | न.पा. अभिलेख के अनुसार भवन/भूखण्ड /दुकान | भवन /भूखण्ड दुकान | नामांतरण का आधार | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | झुनकु वार्ड | भूखण्ड 300 वर्गफीट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | रूपराम लोधी पिता दशरथ लोधी झुनकु वार्ड देवरी | श्री कृष्ण लोधी पिता रूपराम झुनकु वार्ड देवरी |
| 2 | झुनकु वार्ड देवरी | भूखण्ड 3012 वर्गफीट | भूखण्ड | खसरा बीवन की छायाप्रति | स्व. बाबूलाल सोनी पिता गणेश प्रसाद सोनी शास्त्री वार्ड देवरी | राजेन्द्र कुमार सोनी पिता स्व. बाबूलाल सोनी शास्त्री वार्ड देवरी |
| 3 | कौशल किशोर वार्ड देवरी | भूखण्ड 570 वर्गफीट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | मोहम्मद शाहिद खान पिता सकिर खान गुरूगोविंद वार्ड सागर | तसबीर बी पिता असरफ खान बहन कौशल किशोर वार्ड देवरी |
| 4 | तिलक वार्ड देवरी | भूखण्ड 1985 वर्गफुट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | सुनील कुमार श्रीवास्तव पिता लक्ष्मन प्रसाद श्रीवास्तव महाकाली वार्ड देवरी | दीपका दुबे पति सुरेन्द्र मोहन दुबे ग्राम छीर तह. देवरी |
| 5 | गांधी वार्ड देवरी | भूखण्ड 1750 वर्गफिट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | नीरज कुमार चौरसिया पिता कनछेदी लाल चौरसिया सुभाष वार्ड देवरी | विभा राजोरिया पति सतीश राजोरिया ग्राम मछरिया |
| 6 | जवाहर वार्ड देवरी | भूखण्ड 900 वर्गफिट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | शरद कुमार प्रजापति पिता जीवनलाल प्रजापति ग्राम डोभी | राजेश सेन पिता काशीराम सेन ग्राम ढेचूआ |
| 7 | बाजार वार्ड देवरी | भूखण्ड 1088 वर्गफिट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | लाखन सींग यादव पिता अर्जुन सिंह यादव खंडेराव वार्ड देवरी | देवकी नंदन काछी पटेल पिता कनई पटेल सुखचैन वार्ड देवरी |
| 8 | झुनकु वार्ड देवरी | भूखण्ड 1740 वर्गफुट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | राजेन्द्र कुमार जैन पिता छोटेलाल जैन सिंघपुर गंजन तह देवरी | आलोक जैन पिता कमाल कुमार जैन झुनकु वार्ड देवरी |
| 9 | झुनकु वार्ड देवरी | भूखण्ड 0.012 हे. | भूखण्ड | तहसील ऑडरशीट खसरा बीवन की छायाप्रति | स्व. भुजबल साहू पिता उदयराम झुनकु वार्ड देवरी | शारदा बाई साहू बेवा पति भुजबल साहू झुनकु वार्ड देवरी |
| 10 | जवाहर वार्ड देवरी | भूखण्ड 2182.58 वर्गफुट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | ताहिर खान पिता मजीद खान जवाहर वार्ड देवरी | असरफ खा पिता अकबर, साकिर पिता जाकिर खान, कदीर पिता कल्लू, हकीम शा इदरीशा पिता असरफ आकिल खां पिता असीमुद्दीन खान जवाहर वार्ड देवरी |
| 11 | लक्ष्मी वार्ड देवरी | भवन 225 वर्गमीटर | भवन | खसरा बीवन की छायाप्रति | गोकल प्रसाद पिता रामप्रसाद चौरसिया लक्ष्मी वार्ड देवरी | राजाराम पिता रामप्रसाद, भगवान दास हरिशंकर पराश्रम राजेश आसारणी वेब चौरसिया लक्ष्मी वार्ड देवरी |
| 12 | खंडेराव वार्ड देवरी | भूखण्ड 1307 वर्गफुट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | चेतराम कौशकिया पिता हरीकृष्ण कौशकिया, मधू कौशकिया वसंत विहार कालोनी सागर | कान्ति दीक्षित पति देवेन्द्र दीक्षित ग्राम मुवार खास |
| 13 | अंबेडकर वार्ड देवरी | भवन 95 वर्गमीटर | भवन | खसरा बीवन तहसीलदार ऑर्डर सीट की छायाप्रति | किशोरीलाल गौड़ पिता बल्ले गौड़ अंबेडकर वार्ड देवरी | गफलु कल्लु पिता किशोरी लाल गोंड रेखारानी पिता किशोरी लाल गोंड अंबेडकर वार्ड देवरी |
| 14 | गांधी वार्ड देवरी | भूखण्ड 712 वर्गफुट | भूखण्ड | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | शपपी खान बहन पिता बाबू खान गांधी वार्ड देवरी | मनीष खान बहना पिता गफूर खान गांधी वार्ड देवरी |
| 15 | शास्त्री वार्ड देवरी | भवन 65 वगमीटर | भवन | ऑर्डर सीट खसरा बीवन की छायाप्रति | स्व. कृष्णचंद पिता लखमी चंद पिता गया प्रसाद हूका शास्त्री वार्ड देवरी | संतोष कुमार पिता स्व. कृष्णचंद पिता लखमीचंद हूका शास्त्री वार्ड देवरी |
| 16 | बाजार वार्ड देवरी | भूखण्ड 2176 वर्गफुट | भवन | रजिस्ट्री बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | परषोत्तम पटेल पिता लक्ष्मन पटेल बाजार वार्ड देवरी | गायत्री पति हरिसंकर प्रजापति हेमलता पति खेमचंद पटेल वार्ड देवरी |
| 17 | झुनकु वार्ड देवरी | भूखण्ड 702.25 वर्गफुट | भूखण्ड | खसरा बीवन तहसीलदार आर्डर सीट की छायाप्रति | सरस्वती पति रामकृषण झुनकु वार्ड देवरी | रामनाथ विश्वकर्मा पिता मोहन विश्वकमी झुनकु वार्ड देवरी |
| 18 | पटेल वार्ड देवरी | भवन 807 वर्गफुट | भवन | तहसीलदार आर्डर सीट नजूल शीट की छायाप्रति | स्व. महेश प्रसाद पाठक पटेल वार्ड देवरी | राकेश अखलेश नीलेश पुत्र उषा ज्यौति पत्नी हेमलता पति महेश प्रसाद पाठक |
| 19 | झुनकु वार्ड देवरी | भवन 900 वर्गफुट | भवन | रजिस्टर्ड बैनामा नजूल शीट की छायाप्रति | नंदकिशोर पिता गजाधार पाठक झुनकु वार्ड देवरी | धनीराम लोधी नरेश लोधी पिता हरिदयाल लोधी ग्राम सिलारी |
| 20 | सुभाष वार्ड देवरी | भवन 0.311 हे. | भवन | तहसीलदार आर्डर सीट की छायाप्रति | स्व. कृष्णकुमार पिता भगवत शुक्ल सुभाष वार्ड देवरी | राजकुमार मनोज पुत्री माया पत्नी शीलरानी सुभाष वार्ड देवरी |
| 21 | जवाहर वार्ड देवरी | भवन 852.5 वर्गमीटर | भवन | रजिस्टर्ड बैनामा नजूल शीट की छायाप्रति | उमाशंकर काछी पिता तुलसीराम काछी पटेल वार्ड देवरी | चंदा जैन पति विमल जैन राम मंदिर के पास तारादेही |
| 22 | जवाहर वार्ड देवरी | भवन 652 वर्गफुट | भवन | रजिस्टर्ड बैनामा खसरा वीवन की छायाप्रति | उमाशंकर काछी पिता तुलसीराम काछी पटेल वार्ड देवरी | सम्यक जैन पिता कैलाश जैन जवाहर वार्ड देवरी |
| 23 | लक्ष्मी वार्ड देवरी | भवन 60 वर्गमीटर | भवन | आर्डर सीट आर्डर सीट की छायाप्रति | अमित सोनी पिता जमना प्रसाद सोनी लक्ष्मी वार्ड देवरी | प्रियाशु सोनी पिता प्रमोद सोनी लक्ष्मी वार्ड देवरी |
| 24 | तिलक वार्ड देवरी | भूखण्ड 957 वर्गफुट | भूखण्ड | रजिस्टर्ड बैनामा खसरा बीवन की छायाप्रति | जमना बाई दीक्षित पति राधेश्याम दीक्षित तिलक वार्ड देवरी | अंशु गुरु पति मनोज गुरु तिलक वार्ड देवरी |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, देवरी

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**



| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 37.8 | 17.6 |
| इंदौर | 37.6 | 18.4 |
| जबलपुर | 37.5 | 18.4 |
| ग्वालियर | 36.1 | 17.8 |

**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.6 | 20.4 |
| मुंबई | 37.0 | 22.8 |
| चेन्नई | 38.0 | 20.8 |
| कोलकाता | 33.7 | 26.2 |

सूर्यास्त 6:29 PM
सूर्योदय 6:32 AM
चन्द्रोदय 2:29 AM
चन्द्रास्त 1:07 PM

# भोले-भाले लोगों के म्यूल खाते लेकर यहां से वहां कर दिए 15 करोड़, 17 गिरफ्तार

## 180 से अधिक खातों को बनाया टारगेट, ऑनलाइन गेमिंग, सेक्सटार्शन व साइबर फ्रॉड से फंसाते थे शिकार

**जागरण, नरसिंहपुर।** भोले-भाले लोगों के खाते खुलवाकर उनके जरिए ऑनलाइन गेमिंग, सेक्सटार्शन और साइबर फ्रॉड से काली कमाई करने वाला एक बड़ा गिरोह नरसिंहपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। यह गिरोह म्यूल खातों के जरिए अब 15 करोड़ रुपए से अधिक का अवैध लेन-देन कर चुका है। गिरोह के पास से पुलिस को 180 से अधिक बैंक खातों का रिकॉर्ड मिला है। पुलिस के मुताबिक साइबर ठगी करने वाले इस गिरोह की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों से लिंक बढ़ाते हुए पुलिस ने छापा मारकर इस गिरोह का भंडाफोड़ किया। यह गिरोह लोगों को लालच देकर खाते खुलवाता था। फिर इनके सारे दस्तावेज, पासबुक, एटीएम अपने पास रख लेता था। आम लोगों के इन म्यूल अकाउंट(किराए के खाते) से यह गिरोह करोड़ों रुपए का अवैध लेन-देन कर रहा था। अब तक करीब 180 बैंक खातों गिरोह खुलवा चुका था। इनके जरिए 15 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अवैध लेन-देन भी पुलिस के सामने आया है। बताया जाता है कि लोगों के खाते खुलवाकर गिरोह के सदस्य इन खातों का इस्तेमाल



ऑनलाइन गेमिंग, सेक्सटॉर्शन और साइबर फ्रॉड से कमाई गई काली कमाई को खपाने के लिए करते थे। पुलिस ने छापा मारकर गिरोह के 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह से मिली जानकारी के बाद 35 म्यूल अकाउंट्स को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। साथ ही 9 पासबुक, 4 एटीएम कार्ड और 9 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

### ऐसे होती थी काले धन की लॉड्रिंग

शातिर ठगों का यह गिरोह बड़े ही शातिराना ढंग से काली कमाई कर उन्हें यहां से वहां कर देता था। ऑनलाइन फ्रॉड कर यह गिरोह ठगी की राशि पहले इन म्यूल खातों में मंगवाता था। फिर इस काली कमाई को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करके, नकद निकालकर या ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स में जमा कराता था। इससे पुलिस की नजर में यह गिरोह नहीं आ पाता था और शिकायत होने पर लोगों के म्यूल खातों का रिकॉर्ड ही आता था। पुलिस ने गिरोह से मिली जानकारी के बाद संबंधित बैंकों को म्यूल खाते बंद करने के लिए पत्र भेजे हैं। साथ ही संदिग्ध खातों से लेन-देन बंद करने कहा है। नरसिंहपुर पुलिस अब तक करीब 45 लाख रुपए की राशि होल्ड करा चुकी है। साथ ही करीब 53 लाख रुपए की ठगी गई राशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई गई है। गिरोह को सफलता पूर्वक पकड़ने में करेली, स्टेशनगंज और गाडरवारा थाना प्रभारियों सहित साइबर सेल के अधिकारियों की मुख्य भूमिका रही।

# एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. परमार का निधन

**भोपाल।** वरिष्ठ गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता एवं एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रन सिंह परमार (72) का शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के तिल्दा में निधन हो गया। वे तिल्दा में विख्यात गांधीवादी राजगोपाल पी.व्ही. एवं एकता परिषद के वरिष्ठ साथियों के साथ एक बैठक में भाग ले रहे थे। डॉ. परमार नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के राष्ट्रीय महासचिव, महात्मा गांधी सेवा आश्रम, जौरा के सचिव तथा भोपाल स्थित गांधी भवन के ट्रस्टी भी थे। पिछले लगभग 50 वर्षों से वे वंचित समुदायों के हित में जल, जंगल और जमीन पर समुदाय के अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष और पैरवी करते रहे। एकता परिषद द्वारा आयोजित कई राष्ट्रीय पदयात्राओं और जन आंदोलनों में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई। तिल्दा से रात 12 बजे उनका पार्थिव देह सड़क मार्ग से महात्मा गांधी सेवा आश्रम के ग्वालियर संसाधन केंद्र, पुरानी छावनी थाना के पास लाया जाएगा। सुबह 11 बजे से श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव मृगपुरा, जिला मुरैना ले जाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।



# पारदी हत्याकांड मामले में 19 वर्ष बाद फैसला: पूर्व मंत्री सहित 14 लोग बरी



**बैतूल जागरण।** चौथिया गांव में वर्ष 2007 में हुए पारदी दंपति हत्याकांड में कोर्ट की विशेष अदालत ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व मंत्री और विधायक सुखदेव पांसे और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित 14 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला घटना के लगभग 19 वर्ष बाद आया है। इस निर्णय से उन सभी आरोपियों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पिछले 19 वर्षों से लगातार भोपाल स्थित कोर्ट में पेशी पर जाना पड़ रहा था। फैसले को लेकर बैतूल जिले में लंबे समय से राजनीतिक सरगर्मी बनी हुई थी। मुलताई क्षेत्र में हुई इस वारदात के बाद आसपास के गांवों में पारदी समुदाय के खिलाफ भारी आक्रोश फैल गया। लोगों में यह धारणा बन गई कि इस घटना में पारदी समुदाय के लोग शामिल हैं।11 सितंबर 2007 को मुलताई के पास चौथिया ढाने में पारदी समाज की बस्ती में हिंसक घटना हुई थी। उस समय बड़ी भीड़ ने पारदी बस्ती पर हमला कर करीब 62 मकानों को आग के हवाले कर दिया था। घटना के बाद इलाके में काफी तनाव की स्थिति बन गई थी। मामले में पीड़ित पक्ष के आलस्य पारदी ने पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद 7 अगस्त 2009 को हाईकोर्ट ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। जांच के दौरान सीबीआई ने जबलपुर स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की, जिसमें 82 लोगों को आरोपी बनाया गया। चार्जशीट में कुछ अधिकारियों और राजनेताओं के नाम भी शामिल किए गए थे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई थी। मुलताई के ग्राम चौथिया में पारदी दंपत्ति बोन्द्रू हत्याकांड में वर्ष 2018 में एक अहम मोड़ आया था। उस समय सीबीआई सत्र न्यायालय जबलपुर की जज माया विश्वालाल ने मामले में प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिलने पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और पूर्व विधायक सुखदेव पांसे, भाजपा के जिला पंचायत सदस्य राजा पवार, तत्कालीन एसडीओपी डीएस साकल्ले सहित आठ लोगों को आरोपी मानते हुए नोटिस जारी किया था।

**चौथिया गांव में वर्ष 2007 में हुआ था पारदी दंपति हत्याकांड**

# दर्दनाक हादसा : देर रात सीधी में स्कॉर्पियो ने दो मजदूरों को कुचला

## बस से उतरकर सड़क पार करते समय दोनों हुए हादसे का शिकार



**जागरण, सीधी।** शहर में देर रात पटेल पुल के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। ये दोनों मजदूर सतना जिले के रहने वाले थे और सीधी में घरों और दुकानों में पत्थर (ग्रेनाइट) लगाने का काम करते थे। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल हादसा गुरुवार की रात करीब 2 बजे का है। बस से उतरकर दोनों मजदूर सड़क पार कर रहे थे, तभी काले रंग की स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मजदूर सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन जब तक उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। हालांकि रात भर दोनों शवों की पहचान नहीं हो पाई थी। शुक्रवार दोपहर 3 बजे जब पुलिस ने पड़ताल की, तब पता चला कि मृतकों के नाम बसंत यादव (40 वर्ष) और रामभुवन सिंह (65 वर्ष) हैं। दोनों सतना जिले के निवासी थे और रोजी-रोटी के चक्कर में सीधी आए हुए थे।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, जिसमें एक काले रंग की स्कॉर्पियो संदिग्ध हालत में भागती नजर आ रही है। पुलिस का कहना है कि गाड़ी की पहचान हो चुकी है और बहुत जल्द आरोपी ड्राइवर भी गिरफ्तारी हो जाएगी।

# आंगनबाड़ी से घर लौट रही मासूम को डंपर ने कुचला



आकृति यादव

**परिजनों ने पॉलीथिन में एकत्रित किए शव के टुकड़े**

**जागरण, मंडला।** प्रदेश के मंडला जिले में शुक्रवार को तेज रफ्तार डंपर ने आंगनबाड़ी से घर लौट रही ढाई साल की बच्ची को कुचल दिया। हादसा इतना भयंकर था कि ग्राम बम्होरी की रहने वाली इस बच्ची के खून के छींटे समीप स्कूल की दीवार पर पड़े हैं। बच्ची की डेडबॉडी सड़क पर चिपक गई थी। मां और परिजन को टुकड़ो अपने हाथों से समेटकर पॉलीथीन में डालना पड़ा। हादसे के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है। दरअसल मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मृत बच्ची की पहचान आकृति यादव के रूप में हुई है।

### लोगों में 7 किमी पीछा कर डंपर चालक को पकड़ा

हादसे के बाद डंपर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने बाइक, ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से डंपर का पीछा किया। करीब 7 किलोमीटर दूर तिंदनी टोल प्लाजा के पास डंपर को पकड़ लिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया।

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। दोपहर 1.30 बजे से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। वे आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मौके पर सोनल सिडाम, पीयूष मिश्रा और शफीक खान सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# मंदसौर में चार किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जागरण, मंदसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब 5 लाख रुपए मूल्य की 4 किलो 208 ग्राम अफीम बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त करते हुए दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। दरअसल पुलिस चौकी कचनारा, थाना दलौदा की टीम को सूचना मिली थी कि आक्या-सरसौद मार्ग स्थित हनुमान मंदिर आश्रम के पास कुछ लोग



अवैध मादक पदार्थ लेकर आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से टम्मु सिंह देवड़ा (36) निवासी बेहपुर और दिलीप सिंह डोडिया (45) निवासी नवेली को गिरफ्तार किया।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग भोपाल-03
Mobile No. 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/291/पयं/भोपाल-03/तशा/2025
भोपाल, दिनांक : 13.3.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-3 अंतर्गत विशेष मरम्मत कार्य एवं निर्माण कार्य जिला विदिशा एवं सीहोर हेतु निविदा क्रमांक.-23/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-490263, 490266, 490268, 490270) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-24.03.2026 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124902/2026 — परियोजना यंत्री

# कौओं की लड़ाई में जलकर राख हो गया किसान का 6 एकड़ का गेहूं

**जागरण, दमोह।** लगातार कम हो रहे कौओं ने शुक्रवार को एक किसान की साल भर की मेहनत और सपनों में आग लगा दी। जब इन कौओं की लड़ाई में उसकी 6 एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गेहूं की फसल के अलावा आग में सिंचाई के पाइप भी जल गए। यह अजीबोगरीब घटना दमोह जिले के तेंदूखेड़ा क्षेत्र के चौरई गांव में शुक्रवार शाम को हुआ। जब दो खेत के ऊपर आसमान में कौओं के दो झुंड आपस में टकरा गए। इस लड़ाई के बीच ही दो कौए लड़ते हुए तेज गति से बिजली के तारों से टकरा गए। कौए के टकराते ही तारों से चिंगारी निकली और आकर खेत में गिर गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया और पूरी फसल को अपने कब्जे में ले लिया। इससे पूरी फसल जलकर राख हो गई। इस आगजनी में किसान ओमकार साहू, संतराम प्रजापति और सुनील त्रिपाठी की करीब 6 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। किसानों को करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग की लपटें उठते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मगर नुकसान नहीं रोक सके।

# रीवा: बीपीएल सूची से नाम कटने पर महिला पार्षद को लात घूंसे से पीटा, 6 घायल

**जागरण, रीवा।** गरीबी रेखा सूची से नाम कटने से नाराज लोगों ने वार्ड 30 की महिला पार्षद पर जानलेवा हमला कर दिया। समझाने पहुंची पार्षद पर आरोपियों ने लात-घुसे बरसा दिए। पार्षद के समर्थक बीच-बचाव करने आए तो आरोपियों ने बेस बॉल से हमला कर दिया। इस हमले में पार्षद सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला पार्षद के साथ बेरहमी से की जा रही मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मामला रीवा शहर के चिकान टोला वार्ड क्रमांक 30 का है। यहां गुल मुहम्मद अंसारी के किरायेदार समीर अंसारी और आतिफ अंसारी आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आलेकान और उसका एक साथी वहां से गुजर रहे थे। कुछ देर बाद वे वापस लौटे और आरोप लगाने लगे कि दोनों ने उन पर टिप्पणी की है, जबकि वे आपस में ही बातचीत कर रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़



गया। विवाद बढ़ने पर स्थानीय लोगों के साथ वार्ड क्रमांक 30 की पार्षद रुकसाना अंसारी भी मौके पर पहुंचीं और मामला शांत कराने की कोशिश की। इसी दौरान पाले खान, अनवरूल हक, अनस अंसारी, रहबर अंसारी और रहीस अंसारी ने अचानक हमला कर दिया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म. प्र.)**

क्रमांक / 210/ स्वा.वि/ 2026 — देवास, दिनांक 12/03/2026

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_ 489931_1 12/03/2026 | नगरीय सीमा क्षेत्र में प्राकृतिक / दुर्घटनाजन्य मृत मवेशियों को उठाने एवं वैज्ञानिक विधि से डिस्पोजल करने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र | 12 माह 27.00.000/- + GST | 5,000/- 81,000/- | 02/04/2026 06:00 PM |

**नोट:**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, देवास

**बिजनेस प्लस**

# टीवीएस ऑर्बिटर वी-1 लॉन्च; अब बीएएएस मॉडल के साथ 49,999 रुपए से उपलब्ध

**लखनऊ।** दो और तीन पहिया वाहनों के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए 1.8 किलोवॉट बैटरी के साथ टीवीएस ऑर्बिटर वी1 लॉन्च किया है। यह कंपनी की लाइन-अप में सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने पूरे ईवी पोर्टफोलियो में बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल भी पेश किया है, जो ग्राहकों को अधिक लचीला ओनरशिप विकल्प देता है। टीवीएस ऑर्बिटर वी1 और बीएएएस मॉडल के साथ कंपनी की ईवी स्कूटर रेंज अब 49,999 रुपए (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) से शुरू होती है। बीएएएस मॉडल से स्कूटर की शुरुआती कीमत कम हो जाती है और ग्राहकों को बैटरी की दीर्घकालिक सुरक्षा मिलती है।




वहीं, जो ग्राहक बिना बीएएएस के ऑर्बिटर वी1 खरीदना चाहते हैं, वे इसे 84,500 रुपए (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) में खरीद सकते हैं।

टीवीएस ऑर्बिटर वी1: नए भारत की स्मार्ट, सस्टेनेबल, अर्बन ईवी सवारी: 1.8 किलोवॉट बैटरी से लैस टीवीएस ऑर्बिटर वी1 को रोजमर्रा की शहरी यात्रा को आसान और व्यावहारिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। अब ऑर्बिटर रेंज दो वेरिएंट में उपलब्ध है— वी1 (1.8 किलोवॉट) और वी2 (3.1 किलोवॉट)। यह स्कूटर 86 किमी की प्रमाणित आईडीसी रेंज देता है और लगभग 2 घंटे 20 मिनट में 0-80 प्रतिशत चार्ज हो सकता है। इसमें कनेक्टेड मोबाइल ऐप, फ्रंट एलईडी हेडलैंप के साथ वाइजर और इनकमिंग कॉल डिस्प्ले वाला कलर्ड एलसीडी क्लस्टर जैसे फीचर दिए गए हैं।

# डीजे बना महिला का काल : तेज आवाज से बिगड़ी तबीयत, मौत

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** क्षमता से अधिक आवाज में बज रहा डीजे बुजुर्ग महिला के लिए काल साबित हुआ। डीजे की तेज आवाज से दुकान पर बैठी महिला की तबीयत अचानक बिगड़ी और 10 मिनट में ही महिला की मौत हो गई। डीजे की तेज आवाज के कारण घटित हुई घटना के बाद जेपी मार्केट के व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। विरोध स्वरूप व्यापारियों ने एसडीओपी व एसडीएम को डीजे संचालक व इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही के लिए थाने का घेराव किया। व्यापारियों ने इस मामले में लगभग चार घंटे से भी अधिक समय तक जेपी मार्केट को बंद रखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीजे संचालक के खिलाफ मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया और डीजे जब्त कर लिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक// 1115, 1181/ PWD / 2026 — विदिशा, दिनांक:- 11/03/2026

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेंडर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1115 | 2026_UAD_ 489556_1 | Enmanelment of agency for operation of Deendayal rasoi in Municipal Council Vidisha | II Call | 0.00 | 20000.00 | 2000.00 | 12 Month | 27/03/2026 |
| 2 | 1181 | 2026_UAD_ 489557_1 | Construction work of Boundary wall at ward no 27 madhav ganj 02 vidisha | I Call | 169142.00 | 3383.00 | 1000.00 | 03 Month | 25/03/2026 |

1-निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

1470 **74,564**

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| TATA Cons. Prod | 1,093.90 | 2.44% |
| HUL | 2,191.90 | 1.08% |
| Bharti Airtel | 1,816.00 | 0.12% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Larsen | 3,424.50 | -7.54% |
| Hindalco | 904.30 | -6.16% |
| Tata Steel | 182.26 | -5.15% |
| JSW Steel | 1,115.50 | -4.55% |
| UltraTechCement | 355.50 | -4.27% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 92.4500 |
| € यूरो | 105.89 |
| ¥ येन | 0.5799 |
| £ पौंड | 122.61 |

# गैस संकट से ऑटो और स्टील उद्योग पर गहराया खतरा, बढ़ सकते हैं वाहनों के दाम

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस आपूर्ति के प्रभावित होने से अब ऑटोमोबाइल्स, स्टील व कई अन्य सेक्टर के एमएसएमई का निर्माण कार्य प्रभावित होने लगा है। सोसायटी फॉर इंडियन ऑटोमोबाइल्स मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) और ऑटो पार्ट्स मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन (एकमा) की तरफ से सरकार को गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। उनकी तरफ से कहा गया है कि गैस नहीं मिलने पर निर्माण प्रभावित होने के साथ उनकी लागत भी बढ़ सकती है। इससे ऑटमोबाइल्स के दाम भी बढ़ सकते हैं। स्टील के उत्पादन में भी गैस की अहम भूमिका होती है। गैस के संकट को गहराता देख सरकार की तरफ से एलपीजी और पीएनजी की सप्लाई में घरेलू ग्राहकों को प्राथमिकता देने का निर्देश ऑयल व गैस कंपनियों को दिया गया है।

**स्टेनलेस स्टील के निर्माण गैस पर निर्भर:** जिंदल स्टेनलेस के एमडी अभ्युदय जिंदल ने बताया कि स्टेनलेस स्टील के निर्माण से जुड़ी यूनिट प्रोपेन, एलपीजी व अन्य प्राकृतिक गैस पर काफी हद तक निर्भर करती है।



### इंजीनियरिंग गुड्स के निर्माण में गैस का इस्तेमाल

सीमेंट, सेरामिक, लोहे से बनने वाले इंजीनियरिंग गुड्स के निर्माण में गैस का इस्तेमाल किया जाता है। फरीदाबाद स्थित ऑटो पार्ट्स निर्माता कंपनियों ने बताया कि सामान्य सप्लाई से अलग तरीके से गैस लेने पर काफी अधिक लागत आएगी और वे उतनी अधिक कीमत चुकाने में सक्षम नहीं है। वैसे भी कार व दोपहिया निर्माता कंपनियां को वे पहले से निर्धारित दर पर सप्लाई देती है।

### गैस नहीं मिलने पर उत्पादन पर विपरीत असर

कार निर्माता कंपनियों का कहना है कि गैस नहीं मिलने पर उनके उत्पादन पर विपरीत असर होगा और देर होने से निर्माण की कुल लागत बढ़ जाएगी। गैस की निर्बाध आपूर्ति को देखते हुए पिछले कई सालों से निर्माण यूनिट धातुओं को पिघलाने से लेकर अन्य प्रकार के कई काम के लिए गैस पर ही निर्भर करती है। इंजीनियरिंग गुड्स से जुड़े एमएसएमई ने बताया कि गैस की कमी से उत्पादन रोकने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं रहेगा। लंबे समय के लिए गैस नहीं मिलने पर उनके यहां काम करने वाले श्रमिकों के काम पर भी असर पड़ेगा। कई एमएसएमई उत्पादन जरूरत के हिसाब से श्रमिकों की संख्या बढ़ाते-घटाते रहते हैं। इस प्रकार के अस्थायी श्रमिकों का रोजगार छीन सकता है।

# भारत की वृद्धि का अनुमान फिच ने बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत किया



**नई दिल्ली, जेएनएन।** रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान शुक्रवार को मामूली रूप से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया। फिच रेटिंग्स ने दिसंबर में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू मांग जीडीपी वृद्धि का सबसे बड़ा कारक रहने वाली है। फिच ने 'ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक-मार्च 2026' रिपोर्ट में वर्ष 2026 के दौरान विश्व की जीडीपी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान इस शर्त पर है कि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में कोई बड़ी और लंबे समय तक चलने वाली बढ़ोतरी नहीं होगी और तेल की औसत वार्षिक कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर नहीं जाएगी। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर धीमी होकर 7.8 प्रतिशत रही, जो जुलाई- सितंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। फिच ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहेगी, जो दिसंबर के अनुमान से मामूली रूप से अधिक है। इस साल घरेलू मांग वृद्धि का सबसे बड़ा चालक है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान उपभोक्ता खर्च और निवेश में क्रमशः (अनुमानित) 8.6 प्रतिशत और 6.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।'

**2026-27 की छमाही वृद्धि दर धीमी होगी:** फिच रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रायन कुल्टन ने कहा, 'हालांकि अगर ऐसी स्थिति आती है कि तेल की कीमतें 100 डॉलर तक पहुंच जाएं और वहां पर टिकी रहें, तो यह वैश्विक आपूर्ति के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।'

# हीरा पॉलिश उद्योग 7% बढ़ने की उम्मीद



**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय हीरा पॉलिश उद्योग के राजस्व में वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान सालाना आधार पर छह-सात प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी आयात शुल्क में कटौती होने और घरेलू मांग में स्थिरता के चलते इस उद्योग की आय 15.0-15.5 अरब डॉलर तक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में शुल्क में कटौती और स्थिर घरेलू मांग से भारतीय हीरा पॉलिश उद्योग को वित्त वर्ष 2026-27 में छह-सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने में मदद मिलेगी। यह वृद्धि मुख्य रूप से अमेरिका को होने वाले निर्यात में बढ़ोतरी पर टिकी होगी।

### 25 प्रतिशत टैरिफ खत्म

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद भारतीय रत्नों और हीरों पर 25 प्रतिशत के जवाबी शुल्क को खत्म कर दिया गया है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष हीरा पॉलिश उद्योग को इस स्थिति का पूरा लाभ उठाने से रोक सकता है। लगातार तीन वर्षों की गिरावट के बाद आय में यह उछाल आने की उम्मीद है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व में फिर से गिरावट की आशंका है।

## एडोबी के सीईओ शांतनु 18 साल बाद पद छोड़ेंगे

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय मूल के शांतनु नारायण एडोबी के सीईओ का पद छोड़ रहे हैं। वे पिछले 18 साल से इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। शांतनु ने कर्मचारियों को भेजे एक मेमो में इसकी जानकारी दी है। हालांकि, वे तुरंत पद नहीं छोड़ेंगे। जब तक बोर्ड उनके उत्तराधिकारी की तलाश पूरी नहीं कर लेता, वे सीईओ बने रहेंगे। इसके बाद वे बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। शांतनु नारायण ने 2007 में एडोबी की कमान संभाली थी। उस समय एडोबी मुख्य रूप से बॉक्स में पैक सॉफ्टवेयर जैसे फोटोशॉप और एक्रोबैट बेचने वाली कंपनी थी। तब कंपनी का रेवेन्यू 1 अरब डॉलर (करीब 9,200 करोड़ रुपए) से कम था और सिर्फ 3,000 कर्मचारी थे। शांतनु ने कंपनी को ट्रेडिशनल लाइसेंस मॉडल से हटाकर सब्सक्रिप्शन फर्स्ट मॉडल पर शिफ्ट किया। पहले लोग फोटोशॉप जैसे सॉफ्टवेयर की सीडी या लाइसेंस एक बार भारी पैसा देकर खरीदते थे। शांतनु ने इसे बदलकर नेटफ्लिक्स जैसा बना दिया। यानी अब आपको सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करने के लिए हर महीने या साल के हिसाब से फीस देनी होती है। इसी छोटे से बदलाव ने कंपनी की कमाई कई गुना बड़ा दी। आज एडोबी का सालाना रेवेन्यू करीब 2.31 लाख करोड़ रुपए है और कंपनी में 30,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। उनके कार्यकाल में कंपनी के शेयरों में 6 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष

### तेहरान में हर पल...

जो अब मेरे गले में लटका रहता है। सुबह 6.30 बजे एक और जोरदार धमाके से पूरा वातावरण गूंज उठा। मैंने खिड़की से बाहर देखा। सरकार के कुछ समर्थक अपनी कारों में सवार होकर सड़कों पर आ गए थे, शोकगीत गाते हुए और ये कहते हुए-'सुनो हम सभी देशवासी एक साथ हैं।' मैं सोचता हूं-अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने 50 दिन पहले कार्रवाई की होती, तो शायद 35,000 लोग आज भी जीवित होते। अब मुझे डर है कि ईरान तबाह हो जाएगा और फिर भी इस्लामी गणराज्य कायम रहेगा।

मैं एक ऐसी महिला को दाल के कुछ पैकेट और थोड़ी सी रकम भेजने की तैयारी कर रहा हूं, जिसका पति जेल में है और जिसका एक छोटा बच्चा है। हमारे पास यही आखिरी नोट बचा है। कहीं भी नकदी नहीं है। मुझे नहीं पता कि एक दिन हमारे पास इस तबाही को फिर से संवारने के लिए पर्याप्त धन होगा या नहीं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा नोटिस सं.-70 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.-08-डीडीयू-अधिशासी अभियन्ता-सेतु-25-26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन: डीडीयू डिवीजन में वरीय अनुभाग अभियन्ता/सेतु/डीडीयू के तहत ब्रिज नं 345 अप (स्पैन- 02 से 12 और 14 से 23) पुल में निरीक्षण सीढ़ी का प्रावधान तथा ब्रिज नं 445 अप और डाउन, 462 अप और डाउन, 493 अप और डाउन, 509 अप और डाउन, 524 अप और डाउन, 533 आरईवी और डाउन, 611 डाउन और आरईवी, 676 डाउन और आरईवी और 4 डाउन, 80 आरईवी और डाउन, 104 आरईवी और डाउन, 109 डाउन, 171 डाउन, 192 आरईवी और डाउन में बीयरिंग निरीक्षण प्लेटफार्म का प्रावधान। (ii) कार्य का अनुमानित लागत: ₹1,95,20,482.06, (iii) धरोहर राशि : ₹2,47,600/- (vii) ई- निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 06.04.2026 12:00 बजे तक। (viii) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in

नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1932/डीडीयू/अभि./टी/25-26/40



**INDIAN AIR FORCE**

**AIR FORCE SPORTS CONTROL BOARD**

**RECRUITMENT OF OUTSTANDING SPORTSMEN**

APPLICATIONS ARE INVITED FROM OUTSTANDING UNMARRIED MALE SPORTSMEN TO JOIN INDIAN AIR FORCE AS AGNIVEERVAYU (SPORTS) INTAKE 02/2026

DETAILED ADVERTISEMENT AVAILABLE ON HTTPS://AGNIPATHVAYU.CDAC.IN

ONLINE APPLICATIONS ARE TO BE SUBMITTED FROM 1000 Hr ON 23 MARCH 2026 TO 1700 Hr ON 29 MARCH 2026

AT HTTPS://AGNIPATHVAYU.CDAC.IN/CASBSPM

TENTATIVE DATES FOR SELECTION TRIALS AT NEW DELHI FROM 08 APRIL TO 10 APRIL 2026

cbc 10803/11/0032/2526



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)**

क्रमांक/114/ज.प्र./2026 रतलाम, दिनांक 12.03.2026

**:: अल्प ई-निविदा आमंत्रण ::**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 490155 | Laying, Jointing and Interconnection work of CI Pipeline at Ast Vnayak Colony Ratlam as per Estimate (प्रथम आमंत्रण) | 1- 15 Days 2- 7,20,000/- | 1- 2,000/- 2- 14,400/- | 1- 19/03/2026 15:30 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जलप्रदाय
नगर पालिक निगम, रतलाम



**मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड**

मुथूट होमफिन

कॉर्पोरेट ऑफिस : यूनिट नंबर 19-NE, 19वीं मंजिल, द रूबी, सेनापति बापट मार्ग, रूपारेल कॉलेज के पास, दादर (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र- 400 028

**कब्जा नोटिस** (परिशिष्ट IV के साथ प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के अनुसार)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड (एमएचआईएल) के वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अधिकृत अधिकारी हैं और धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत, कंपनी के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता (ओं)/गारंटर (ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया गया है। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता(ओं)/ सह-उधारकर्ता (ओं)/गारंटर (ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। खास तौर पर कर्ज लेने वाले और आम लोगों को यह चेतावनी दी जाती है कि वे प्रॉपर्टी से कोई डील न करें और प्रॉपर्टी से कोई भी डील मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड के चार्ज के तहत होगी, जो यहां बताई गई रकम और उस पर ब्याज के साथ होगी। कर्ज लेने वाले का ध्यान एक्ट के सेक्शन 13 के सब-सेक्शन (8) के प्रोविजन की ओर दिलाया जाता है, जिसमें सिक्योर्ड एसेट्स को रिडीम करने के लिए समय दिया गया है।

| क्रमांक | उधारकर्ता(ओं)/ सह-उधारकर्ता (ओं) का नाम/लोन खाता संख्या/शाखा | अचल संपत्ति का विवरण | डिमांड नोटिस की तिथि और कुल बकाया राशि (रु.) | कब्जा लेने की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राम लाल विश्वकर्मा/ सोना विश्वकर्मा/ बीएचओ-एचएल-001194/ भोपाल | प्रॉपर्टी मकान नंबर जूनियर एमआईजी-184 है, और इसका एरिया 47.25 वर्ग मीटर है। ग्राउंड फ्लोर पर कंस्ट्रक्शन 47.25 वर्ग मीटर, फर्स्ट फ्लोर पर 47.25 वर्ग मीटर, सेकंड फ्लोर पर 23.23 वर्ग मीटर, और थर्ड फ्लोर पर 10.03 वर्ग मीटर है। यह वार्ड नंबर 21, पटेल नगर मंडीदीप तहसील गोहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में है। बाउंड्री:-ईस्ट-एमआईजी नंबर 185, वेस्ट-एमआईजी नंबर 183 नॉर्थ-रोड कॉलोनी, साउथ-एमआईजी नंबर 191 | 22-दिसंबर-25/ रु. 36,39,752/- रु. छत्तीस लाख उनतालीस हजार सात सौ बावन मात्र। | 09 मार्च 2026 |

तारीख : 14 मार्च, 2026
स्थान : रायसेन

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड



स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | सत्यमेव जयते | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA**

**केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परिक्षण संस्थान/CENTRAL FARM MACHINERY TRAINING & TESTING INSTITUTE**

**ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.)/TRACTOR NAGAR, P.O. BUDNI (M.P.) 466445**

Website:http://www.fmttibudni.gov.in Email: fmti-mp@nic.in; Tel : 07564-99003; GSTIN:23AAAGC0890H1ZS

**(AN ISO-9001:2015 CERTIFIED INSTITUTE)**

**फाइल सख्या./F. No. 8-15012/1/2026-Trg. (E-180392)** **दिनांक/Date: 13.03.2026**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

**(Tender No: CFMTTI / Transport/KUE-2026/01)**

संस्थान द्वारा **22-24 मार्च 2026** को आयोजित होने वाले **''किसान उद्योग एक्सपो-2026 एवं किसान संगोष्ठी''** के दौरान लगभग 10,000 किसानों के परिवहन हेतु प्रतिष्ठित ट्रैवल एजेंसियों / वाहन संचालकों से दो-बिड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के तहत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

- **कार्य का विवरण:**-50-सीटर नॉन-एसी बसों की व्यवस्था (अनुमानित 200 बस फेरे)।
- **दर संरचना :** दरें 12 घंटे और 120 किमी प्रतिदिन के बेस पैकेज और उससे अधिक किमी / घंटे के आधार पर देय होंगी।
- **धरोहर राशि (EMD) :** ₹ 50,000 (डिमांड ड्राफ्ट के रूप में "The Director, CFMTTI, Budni" के पक्ष में)।

**निविदा समय-सारणी :**

| विवरण | दिनांक और समय |
|---|---|
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 17.03.2026 (दोपहर 1:00 बजे तक) |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 17.03.2026 (दोपहर 2:30 बजे |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 18.03.2026 (दोपहर 2:30 बजे) |

**निविदा खोलने का स्थान :** संस्थान के प्रशिक्षण विंग का सम्मेलन कक्ष।
विस्तृत नियम, शर्तें एवं निविदा दस्तावेज (Annexure I-IV) संस्थान की वेबसाइट www.fmttibudni.gov.in पर देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।

निदेशक
के. कृ. म.प्र. एवं प.सं., बुदनी



AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060833873922, मैसर्स श्रुति ट्रेवल्स एंड ऑनलाईन वर्क जरिये प्रोपाईटर संजय चावला (ऋणी), श्रीमति मुन्नी बाई (सह-ऋणी), संजय कुमार चावला (सह-ऋणी) | 12 दिसम्बर 25 7,26,101/- सात लाख छब्बीस हजार एक सौ एक रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पटवारी हल्का नं. 21, प्लॉट नं. 70, वार्ड नं. 06, ग्राम-गवोईपुर, तह. व जिला-रायसेन, मध्य प्रदेश सीमाएं : पूर्वः सड़क, पश्चिमः लालजी राय का मकान, उत्तरः विजय लोहाट का प्लॉट, दक्षिणः विक्रेता का शेष हिस्सा, क्षेत्रफल 2284 वर्गफीट | 10 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060137606601, मैसर्स दीपक दूध डेयरी (ऋणी), सुनील लोधी (सह-ऋणी), श्रीमति संजू लता लोधी (सह-ऋणी), दीपक लोधी (सह-ऋणी) | 17 जुलाई 25 5,74,754/- पांच लाख चौहत्तर हजार दो सौ चौवन रुपए मात्र, 11 जुलाई 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पटवारी हल्का नं. 07, वार्ड नं. 10, ग्राम दीघावन, तहसील-देवारी, उदयपुरा, जिला-रायसेन, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 744 वर्गफीट पूर्वः कारेलाल लोधी का मकान, पश्चिमः अर्जुन लोधी का मकान, उत्तरः स्वयं की भूमि, दक्षिणः सड़क | 11 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060836528274, मैसर्स भूमि सुपारी सेन्टर जरिये प्रोपराईटर निलेश कुमार (ऋणी), निलेश कुमार चौहान (सह-ऋणी), श्रीमति आशा चौहान (सह-ऋणी) | 15 अक्टूबर 25 4,62,756/- चार लाख बासठ हजार सात सौ छप्पन रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पटवारी हल्का नं. 15, ग्राम सेमरी खोजरा, अमरावतकला, तह. बाड़ी, जिला-रायसेन, मध्य प्रदेश. क्षेत्रफल 4500 वर्गफीट पूर्वः निलेश की भूमि, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः गुल्लू का मकान, दक्षिणः शंकर का मकान | 12 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060131916980, सूरज मोबाईल एंड किराना स्टोर जरिये प्रोपराईटर लाल सिंह (ऋणी), लाल सिंह लोधी (सह-ऋणी), श्रीमति पूजा वर्मा (सह-ऋणी) | 11 नवम्बर 25 2,92,182/- दो लाख बानवे हजार एक सौ बयासी रुपए मात्र, 10 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सरल नं. 21, पटवारी हल्का नं. 29, ग्रामपंचायत रिछावर, तहसील-देवरी, जिला-रायसेन, मध्य प्रदेश सीमाएं पूर्वः लक्ष्मी का मकान, पश्चिमः सड़क, उत्तरः पहले का प्लॉट, दक्षिणः रामेश्वर का मकान, क्षेत्रफल 121.67 वर्गमीटर | 11 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060121226581, आनंद राव (ऋणी), सोनू राव (सह-ऋणी), घीसालाल राव (सह-ऋणी), श्रीमति कौशल्या बाई (सह-ऋणी) | 20 नवम्बर 25 1,65,623/- एक लाख पैसठ हजार छः सौ तेईस रुपए मात्र, 20 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 589, पटवारी हल्का नं. 91, ग्राम पंचायत बान्सखेड़ा, तह.-खुजनेर, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 400 वर्गफीट पूर्वः कमलेश का मकान, पश्चिमः भंवरलाल का मकान, उत्तरः रास्ता, दक्षिणः घीसालाल का मकान (सम्पत्ति 2) सम्पत्ति स्थित सर्वे नं. 589, पटवारी हल्का नं. 91, ग्राम पंचायत बान्सखेड़ा, तह.-खुजनेर, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 440 वर्गफीट, पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः आम रास्ता, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः शिव की भूमि | 12 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120069690 व L9001060823224090 भगवान सिंह डांगी (ऋणी), श्रीमति इन्द्रबाई डांगी (सह-ऋणी) | 08 दिसम्बर 25 4,78,796/- चार लाख अठहत्तर हजार सात सौ छियानवे मात्र एवं 3,68,591/- तीन लाख अडसठ हजार पांच सौ इकरानवे मात्र, 06 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 668/1/1,पटवारी हल्का नं. 18 57, महात्मा गांधी, वार्ड नं. 14, ग्राम-बामनगांव जोड तक, तहसील-खिलचीपुर, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 780 वर्गफीट, पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः विक्रेता का प्लॉट नं. 2, उत्तरः शंकरलाल की भूमि, दक्षिणः 12 फीट चौड़ी सड़क | 12 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127185926, मैसर्स देवनारायण किराना स्टोर जरिये प्रोपराईटर देवनारायण डांगी (ऋणी), देवनारायण डांगी (सह-ऋणी), कन्हैया लाल डांगी (सह-ऋणी), श्रीमति मंगू बाई (सह-ऋणी) | 12 दिसम्बर 25 6,57,576/- छः लाख सतावन हजार पांच सौ छिहत्तर मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 169, वार्ड नं. 08, ग्राम पंचायत जामोनिया, ग्राम-जामोनिया, तहसील-खिलचीपुर, जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 980 वर्गफीटं पूर्वः गंगाधर का मकान, पश्चिमः कंवरलाल का मकान, उत्तरः सड़क, दक्षिणः बंसीलाल का मकान, | 12 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060836958039, मैसर्स देवनारायण किराना (ऋणी), श्रीमति मंगू बाई (सह-ऋणी), कन्हैया लाल डांगी (सह-ऋणी), देवनारायण डांगी (सह-ऋणी) | 12 दिसम्बर 25 2,17,677/- दो लाख सतरह हजार छः सौ सतत्तर मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 169, पंजी नं. 08, ग्राम- जामोनिया, तह.-खिलचीपुर, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल 980 वर्गफीट, पूर्वः गंगाधर का मकान, पश्चिमः कानेरलाल का मकान, उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः बंशी लाल का मकान | 12 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120699748, देवराज वैष्णव (ऋणी), तम्मा वैष्णव (सह-ऋणी) | 15 दिसम्बर 25 1,95,812/- एक लाख पिच्यानवे हजार आठ सौ बारह मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 106/2/2/2,वार्ड नं. 18, पटवारी हल्का नं. 59, ग्राम-जयनगर, तहसील-सारंगपुर, जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 450.14 वर्गफीट पूर्वः विश्वकर्मा जी का प्लॉट, पश्चिमः विक्रेता की शेष भूमि, उत्तरः बापूलाल की भूमि, दक्षिणः 5 फीट आम सड़क | 10 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060139326290, मैसर्स वैष्णव ब्रिक्स (ऋणी), देवराज वैष्णव (सह-ऋणी), तम्मा वैष्णव (सह-ऋणी) | 15 दिसम्बर 25 7,94,555/- सात लाख चौरानवे हजार पांच सौ पचपन मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 727/2/3, 729, 730, वार्ड नं. 16, ग्राम व तहसील- सारंगपुर, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1065 वर्गफीट पूर्वः कथित बिल्डिंग का शेष भाग/सह-खाता होल्डर के शेयर, पश्चिमः राजू माम का मकान, उत्तरः 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः 20 फीट चौड़ा रास्ता | 10 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127548506, मैसर्स साहू किराना स्टोर (ऋणी), गणेश प्रसाद साहू (सह-ऋणी), श्रीमति तुलसा बाई साहू (सह-ऋणी), पवन कुमार साहू (सह-ऋणी) | 15 दिसम्बर 25 1,75,217/- एक लाख पिचहत्तर हजार दो सौ सतरह मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 140, पटवारी हल्का नं. 22, ग्राम- बिचुआ, तहीसल-ईटारसी, जिला-होशंगाबाद, (नर्मदापुरम), मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट, पूर्वः अशोक का मकान, पश्चिमः विनोद का मकान, उत्तरः मोहन का मकान, दक्षिणः रास्ता | 10 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060136325531, बिरम सिंह (ऋणी), श्रीमति गीता बाई (सह-ऋणी) | 16 दिसम्बर 25 6,74,432/- छः लाख चौहत्तर हजार चार सौ बत्तीस मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सरल नं. 14, मकान नं. 06, पटवारी हल्का नं. 06, ग्राम डूंगरपुर, ग्राम पंचायत कोलूखेड़ा, तहसील व जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश 465661, क्षेत्रफल 4356 वर्गफीट, पूर्वः आम रास्ता, पश्चिमः स्वयं की भूमि, उत्तरः बलवंत सिंह का मकान, दक्षिणः कैलाश का मकान | 12 मार्च 26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 13.03.2026 स्थानः भोपाल, मप्र प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# पीएसएल छोड़ केकेआर से जुड़े मुजारबानी

## जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में संयुक्त तीसरे गेंदबाज रहे

जेएनएन, कोलकाता

तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल सत्र से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी से करार करने की घोषणा की। मुजारबानी पाकिस्तान सुपर लीग से हट गए हैं, जो इसी समय चलेगी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुजारबानी हाल में खत्म हुए टी-20 विश्व कप में 13 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज रहे थे, जिससे जिम्बाब्वे सुपर आठ चरण में पहुंचा। केकेआर ने बयान में कहा कि केकेआर ने मुजारबानी से करार किया है। छह फुट आठ इंच के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अपनी तेज बाउंस और पारी के अहम हिस्से में विकेट निकालने की काबिलियत के लिए मशहूर है। इसके अनुसार मुजारबानी के पास टी-20 का काफी अनुभव है। उन्होंने 80 से ज्यादा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में लगभग 21 के औसत से 90 से ज्यादा विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ रन पर तीन विकेट रहा है। मुजारबानी को शामिल करने से पहले केकेआर ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया था, जिन्हें उन्होंने नीलामी में 9.2 करोड़ रुपए में ख़रीदा था। मुजारबानी के 17 मार्च को कोलकाता आने की उम्मीद है। मुजारबानी ने इस संबंध में इस्लामाबाद यूनाइटेड को सूचित कर दिया है। वहीं मुस्तफिजुर को लाहौर कलंदर्स ने 26 मार्च से शुरू हो रहे आगामी पीएसएल सीजन के लिए अपने साथ जोड़ लिया है।



### हर्षित राणा आईपीएल से हो सकते हैं बाहर

केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पूरी तरह फिट नहीं हैं और आईपीएल 2026 से बाहर हो सकते हैं। हर्षित राणा टी-20 विश्व कप से पहले एक वॉर्म-अप मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब से वह क्रिकेट के मैदान से दूर हैं और अब तक रिकवर नहीं कर पाए हैं। उन्होंने फरवरी 2026 में सफल सर्जरी कराई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सर्जरी और रिहैबिलिटेशन के कारण वह आईपीएल 2026 के बड़े हिस्से या पूरी सीजन से चूक सकते हैं। यह केकेआर के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है, क्योंकि राणा पिछले सीजन में टीम के प्रमुख गेंदबाजों में से एक थे।

### पीएसएल से नाम वापस लेंगे वेस्टइंडीज के मोती

गुडाकेश मोती पीएसएल से अपना नाम वापस ले सकते हैं, उन्हें लाहौर कलंदर्स ने अपने दल में शामिल किया था। भारत से घर वापस लौटने के तुरंत बाद वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर द्वारा लीग से बाहर होने का निर्णय सामने आया है। जानकारी के अनुसार लाहौर कलंदर्स मोती की जगह उनके जैसा ही विकल्प तलाश चुके हैं और वह श्रीलंकाई स्पिनर दुनित वेल्लालगे को अपने साथ जोड़ सकते हैं। श्रीलंकाई स्पिनर ने विश्व कप में गेंद के साथ अच्छा प्रदर्शन किया था और उन्होंने 7.22 की इकॉनमी से आठ विकेट हासिल किए थे। वेल्लालगे निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं। इस समय ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं, जिससे यह पता चलता हो कि विश्व कप के बाद यात्रा संबंधी अव्यवस्था के चलते पीएसएल में वेस्टइंडीज की उपलब्धता प्रभावित होती हो। विश्व कप दल से केवल मोती ही वेस्टइंडीज के ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें पीएसएल के लिए साइन किया गया है।

### पाक खिलाड़ी का सनराइजर्स लीड्स से जुड़ना हमारे लिए चिंता नहीं: बीसीसीआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने 'द हंड्रेड' नीलामी के दौरान सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने को ज्यादा अहमियत नहीं दी और शुक्रवार को कहा कि विदेशी लीग में लिया गया फैसला बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने 'द हंड्रेड' खिलाड़ियों की नीलामी के दौरान पाकिस्तान के स्पिनर अबरार से करार किया, जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी क्रिकेटर बन गए। शुक्ला ने कहा कि यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है। यह आईपीएल नहीं है। 'द हंड्रेड' या दूसरी विदेशी लीग में क्या होता है, हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। अबरार को खरीदने के बाद सनराइजर्स लीड्स को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा और टीम का 'एक्स' अकाउंट कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया।



एफआईएच महिला विश्व कप क्वालिफायर

## मनीषा के गोल से भारत फाइनल में, खिताबी मुकाबला इंग्लैंड से



**हैदराबाद, जेएनएन।** भारत ने मनीषा चौहान के तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से शुक्रवार को एफआईएच महिला विश्व कप क्वालिफायर के सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराया, जिससे अब खिताब के लिए उसका सामना इंग्लैंड से होगा। मिडफील्डर मनीषा ने तीसरे क्वार्टर के 40वें मिनट में निर्णायक गोल किया। भारत इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में पहले ही जगह बना चुका है। भारत ने जोरदार शुरुआत की, लेकिन इटली ने तुरंत जवाब दिया और आक्रामक हमले किए। हालांकि भारत ने दूसरे क्वार्टर में लय हासिल कर ली। 18वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन नवनीत कौर के शॉट को इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने रोक दिया। मेजबान टीम को 27वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान सलीमा टेटे के शॉट को इटली की डिफेंडर ने रोक दिया, जिससे गोल नहीं हो सका। 29वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन नवनीत का शॉट चूक गया। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में इटली ने जोरदार हमला किया, लेकिन भारत की गोलकीपर बीचू देवी खारिबाम ने इसका बचाव किया। भारत को 40वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने इसे गोल में बदल दिया। मनीषा ने एक जबरदस्त ड्रैग फ्लिक मारी, जो इटली के डिफेंस को भेदते हुए नेट में चली गई। भारत ने आखिरी क्वार्टर में अपनी बढ़त बढ़ाने के लिए दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन इटली ने मजबूत डिफेंस के साथ उन्हें रोक लिया। इटली ने मैच के आखिरी मिनटों में अपना सब कुछ झोंक दिया और 59वें मिनट में एक अहम पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन वह बराबरी का गोल करने से चूक गया।

मैदान से हटकर

## अर्जुन की शादी कीं तस्वीरें साझा कर भावुक हुईं सारा

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर, सानिया चंदोक के साथ शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दोनों की शादी पांच मार्च को हुई। हालांकि, भाई की शादी के सात दिन बाद सारा तेंदुलकर भावुक नजर आईं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं और अर्जुन और सानिया को लेकर कैप्शन भी लिखा है। सारा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं और लिखा, मेरा बेबी ब्रदर अब सानिया चंदोक का हो चुका है। सारा ने कैप्शन में आगे लिखा, ईश्वर करे कि ब्रह्मांड आप दोनों पर अनंत आशीर्वाद बरसाए, आपको समृद्धि दे, आपके दिल की हर इच्छा पूरी करे और आपकी बाकी जिंदगी के लिए आपको नजर से बचाकर रखे। आप दोनों से बहुत प्यार है। बिना किसी शक के, यह मेरी जिंदगी का सबसे खुशहाल दिन है! धन्यवाद अर्जुन तेंदुलकर, मुझे एक बहन देने के लिए। अर्जुन और सानिया ने गुरुवार पांच मार्च को सात फेरे लिए। अर्जुन की शादी की रस्में इस हफ्ते की शुरुआत में कई पारंपरिक रस्मों और सेलिब्रेशन के साथ शुरू हुईं। महीनों की तैयारियों और सेलिब्रेशन के बाद पांच मार्च को अर्जुन ने अपनी लॉन्ग-टाइम पार्टनर सानिया चंदोक से शादी कर ली। कपल ने अगस्त 2025 में एक प्राइवेट सेरेमनी में सगाई की, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य और दोस्त शामिल हुए थे। (जेएनएन)



## सदाकत के ऑलराउंड प्रदर्शन से पाक ने बराबर की वनडे सीरीज

### दूसरे वनडे में डीएलएस पद्धति से 128 रन से हराया

**मीरपुर, जेएनएन।** मजा सदाकत (75 रन व तीन विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को डीएलएस पद्धति से 128 रन से बड़ी शिकस्त दी। पाक ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। पाकिस्तान की टीम 47.3 ओवर में 274 रन पर सिमट गई। सदाकत 46 गेंदों पर 75 रन बनाकर 13 ओवर में ही टीम का स्कोर 100 रन तक पहुंचा दिया। सलमान आगा (64) और रिजवान (44) ने मध्य ओवरों में 109 रनों की मजबूत साझेदारी की। बांग्लादेश की गेंदबाजी में रिशाद हुसैन ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बारिश ने बांग्लादेश की चुनौती और मुश्किल कर दी। 6.3 ओवर में 27/3 (शाहीन अफरीदी के 2 विकेट) पर खेल रुका। डीएलएस से 32 ओवर में 243 रनों का लक्ष्य मिला। लिटन दास (41) ने कुछ संघर्ष किया, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच सदाकत (3/23) और हारिस रऊफ (3/26) ने बांग्लादेश को 23.3 ओवर में 114 रन पर समेट दिया।

### अनोखे अंदाज में रनआउट होने के बाद भड़के आगा

सलमान आगा को बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने अनोखे अंदाज में रनआउट किया। यह घटना पाकिस्तान की पारी के 39वें ओवर में हुई जब रिजवान ने मेहदी की गेंद पर नॉन स्ट्राइकर पर खड़े आगा की तरफ गेंद खेली और वहां मेहदी एवं आगा, दोनों ने गेंद पकड़ने की कोशिश की और उस समय आगा क्रीज से बाहर थे। मेहदी ने गेंद पहले उठा ली और अंडरआर्म थ्रो से उन्होंने डायरेक्ट हिट किया। उसके बाद मेहदी एवं बांग्लादेश के फील्डरों ने रनआउट की अपील की और अंपायर तनवीर अहमद ने तीसरे अंपायर की मदद के लिए इशारा किया। इससे आगा काफी गुस्से में दिखे और उन्होंने अपना ग्लव्स और हेलमेट भी नीचे फेंका। अपील के बाद तीसरे अंपायर कुमार धर्मसेना ने बल्लेबाज के क्रीज से बाहर रहने के कारण उन्हें आउट करार दिया।



## सबालेंका और सिनर सेमीफाइनल में

### इंडियन वेल्स: विश्व नंबर एक आर्यना ने एमबोको को हराया



जेएनएन, इंडियन वेल्स

विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने बीएनपी परिबास ओपन क्वार्टर फाइनल में कनाडा की 19 वर्षीय विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब की ओर अगला कदम बढा दिया। वहीं यानिक सिनर, अलेक्जेंडर ज्वेरेव और दानिल मेदवेदेव भी पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैम्पियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हराया। मेदवेदेव का सामना अब विश्व नंबर एक कार्लोस अल्काराज या कैमरन नॉरी से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में विश्व नंबर दो सिनर की टक्कर ज्वेरेव से होगी। बेलारुसी खिलाड़ी सबालेंका सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी, जिन्होंने आस्ट्रेलिया की गैर वरीय तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी। नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना भी पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। स्वितोलिना सात साल बाद इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची। अब उनका सामना एलेना रिबाकिना से होगा, जिसने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 7-6 से मात दी। मुकाबले की शुरुआत में स्वियातेक अपनी लय में नजर नहीं आईं। उन्होंने पहले सेट में पांच डबल फॉल्ट किए, जिसका पूरा फायदा स्वितोलिना ने उठाया। स्वितोलिना की मजबूत सर्विस और सटीक ग्राउंड स्ट्रोक्स ने स्वियातेक पर लगातार दबाव बनाए रखा, जिससे पोलिश खिलाड़ी को शुरुआती सेट में वापसी का मौका नहीं मिला। जीत के बाद सबलेंका ने बताया कि मेलबर्न में चौथे दौर के मैच के बाद से 19 वर्षीय कनाडाई खिलाड़ी ने अपने खेल में काफी सुधार किया है। इसके बावजूद, अंततः सबलेंका की ताकत और सटीकता ही जीत का कारण बनी। आज का मुकाबला कठिन था। मैं अपने प्रदर्शन और प्रत्येक सेट के महत्वपूर्ण क्षणों में जिस स्तर पर खेला, उससे बेहद खुश हूं। सबालेंका अपनी पहली इंडियन वेल्स खिताब की तलाश में मजबूत दावेदार बनी हुई हैं।

## केएससीए ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुरक्षा उपायों पर दी जानकारी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति से मुलाकात की और आईपीएल के मौजूदा सत्र से पहले एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में किए जा रहे सुरक्षा उपायों का विवरण प्रस्तुत किया। राच्य सरकार ने चार जून, 2025 को हुई भगदड़ के कारण महीनों से चली आ रही अनिश्चितता के बाद हाल ही में इस स्टेडियम में आईपीएल मैच आयोजित करने की अनुमति दी है। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 28 मार्च को आईपीएल 2026 के उद्घाटन मैच में पूर्व चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। केएससीए के आधिकारिक प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा कि हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि कर्नाटक सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने आज कर्नाटक राच्य क्रिकेट संघ में केएससीए और आरसीबी के अधिकारियों के साथ बैठक की। आरसीबी की टीम सत्र के उद्घाटन मैच के अलावा उद्घाटन समारोह का आयोजन भी यहीं करेगी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान केएससीए ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में किए गए बुनियादी ढांचे के उन्नयन, व्यवस्थाओं और सुरक्षा उपायों पर विस्तृत जानकारी दी जो विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुरूप हैं और अनुपालन ढांचे के पहले चरण के तहत लागू किए जाने हैं। आरसीबी इस सत्र में चिन्नास्वामी स्टेडियम में पांच घरेलू मैच खेलेगी।

## सम्राट, सुरुचि, धावक गुलवीर और प्रमोद टॉप्स कोर ग्रुप में

**नई दिल्ली।** उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को 'प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों' को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया है। 'टॉप्स' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएस जोहल की अध्यक्षता में 'मिशन ओलंपिक सेल' (एमओसी) की 169वीं बैठक में सूची में फेरबदल किया गया। सम्राट ने जहां पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन का खिताब जीता, वहीं सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

## सात्विक के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग की जोड़ी स्विस ओपन से हटी



**बासेल, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष जोड़ी ने शुक्रवार को स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम आठ युगल मुकाबलों में रंकीरेड्डी और शेट्टी का मुकाबला डेनमार्क के क्रिश्चियन फॉस्ट कजेर और रासमस कजेर से होना था। बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश से सुर्खियां बटोरने वाले अमलापुरम के 25 वर्षीय रंकीरेड्डी अपने दाहिने कंधे की समस्या से जूझते रहे हैं। रंकीरेड्डी ने 2023 में बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसकी गति 565 किलोमीटर प्रति घंटा थी। भारतीय टीम के मलेशिया मूल के कोच टैन किम हर ने बताया, यह पुरानी चोट है। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे। इसमें कम से कम एक सप्ताह लगेगा। समझा जा रहा है कि यह चोट नई नहीं है और शीर्ष स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों में आम है।

सिटी स्पोर्ट्स

## रोइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ



**भोपाल, खेप्र।** यंग इंडियंस (वायआई) भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित 13 से 15 मार्च तक वेस्टर्न रीजन काउंसिल मीटिंग के तहत रोइंग (नौकायन) स्पर्धा आयोजित की जा रही है। सम्मेलन के पहले दिन शुक्रवार को खेल विश्वास कैलाश सारंग ने छोटा तालाब में रोइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस क्षेत्रीय सम्मेलन में महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा और मध्यप्रदेश के 15 शहरों से 200 से अधिक युवा उद्यमी, उद्योगपति, पेशेवर और युवा नेता भाग ले रहे हैं। मंत्री सारंग ने कहा कि यह आयोजन विचारों के आदान-प्रदान के साथ भोपाल शहर के आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर निर्माण करेगा।

### फिट इंडिया कार्निवल आज से

**भोपाल, खेप्र।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई सीआरसी) द्वारा 14 एवं 15 मार्च को टीटी नगर स्टेडियम में दो दिवसीय फिट इंडिया कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। फिट इंडिया कार्निवल में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। कार्निवल का शुभारंभ खेल मंत्री विश्वास सारंग द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में टीवी अभिनेता अभिनव शुक्ला उपस्थित रहेंगे। कार्निवल में योग, जुम्बा, एरोबिक्स, समूह फिटनेस सत्र के साथ गतका और मल्लखंब के प्रदर्शन होंगे।

### जूडो प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च से

**भोपाल, खेप्र।** ग्रीष्मकालीन जूडो, ताइक्वांडो, कुराश स्पर्धा का प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च से शुरू होने जा रहा है। पिपलानी स्थिति टास क्लब में यह प्रशिक्षण शिविर विगत 44 वर्ष से आयोजित किया जा रहा है। एनआईएस एवं इंटरनेशनल कोच, विश्वामित्र अवार्डी सुरेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में छह साल से ऊपर के बालक-बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं कोच द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षण शिविर 15 मई तक रहेगा।

## टी-20: सागर की तूफानी पारी से रीवा ने सागर को 115 रन से हराया

### उज्जैन, ग्वालियर और नर्मदापुरम ने अपने मैच 5-5 विकेट से जीते

**भोपाल, खेप्र।** शहडोल संभाग ने जेएन भाया टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल को छह विकेट से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भोपाल की चार मैचों में यह पहली हार है। भोपाल की टीम ने कनिष्क दुबे (79) और रितिक ताडा (52) के अर्धशतक की बदौलत 9 विकेट पर 175 रन बनाए। शहडोल के रोशन केवट ने 2 विकेट लिए। जवाब में शहडोल ने 18.1 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से मैच जीत लिया। अक्षत द्विवेदी (73) ने अर्धशतक जड़ा। भोपाल के आकाश सिंह और सार्थक सोनी ने 1-1 विकेट लिए। वहीं रीवा ने सागर संभाग को 115 रनों से हराया। रीवा ने सागर प्रताप सिंह धामेल (28 गेंद में 63 रन) की तूफानी पारी से 6 विकेट पर 223 रन बनाए। जवाब में सागर की टीम 16.4 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। अन्य मैच में उज्जैन ने चंबल को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। ग्वालियर ने जबलपुर को 5 विकेट से हराया। नर्मदापुरम ने इंदौर को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की।



### टी-10: करण के अर्धशतक से जीती आरके ड्रीम्स

**भोपाल, खेप्र।** आरके ड्रीम्स ने राजा भोज सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट में रवि एकादश को 43 रनों से शिकस्त दी। पीजीबीटी ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरके ड्रीम्स ने निर्धारित 10 ओवर में 118 रन बनाए। करण ने 62 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। कपिल ने 4 विकेट हासिल किए। जवाब में रवि एकादश 75 रन बना सकी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना, जेएनएन।** बिहार की राजधानी पटना में विधानसभा भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। यह धमकी ईमेल के माध्यम से भेजी गई थी, जिसके बाद तुरंत सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर कर दिया गया गया है और पूरे विधानसभा परिसर की जांच की गई। मिली जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा को एक ईमेल के जरिए धमकी भरा संदेश भेजा गया, जिसमें विधानमंडल भवन को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। जैसे ही यह सूचना सामने आई, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं की समीक्षा की गई और विधानसभा परिसर की पूरी तरह से जांच कराने के निर्देश दिए गए।

### ईरान के मंत्री ने विदेश मंत्री जयशंकर को किया फोन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ एक बार फिर फोन पर बातचीत की है। ईरान के विदेश मंत्री ने भारत को ताजा हालात के बारे में जानकारी दी है।



भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए अराघची से हुई बातचीत के बारे में जानकारी साझा की है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने लिखा, कल रात ईरानी विदेश मंत्री अराघची के साथ एक और बातचीत हुई। विदेश मंत्री ने आगे बताया, द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। भारत से बातचीत के बाद ईरान की ओर से जारी बयान के मुताबिक, अराघची ने जयशंकर को ताजा हालात के बारे में जानकारी दी।

### सरकार ने केरोसिन के इस्तेमाल की अनुमति दी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल आपूर्ति में बाधा का असर अब भारत पर भी दिखने लगा है।



मध्य पूर्व में युद्ध के कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल और गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसी वजह से भारत में एलपीजी की आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है। स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने अस्थायी तौर पर केरोसिन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों के इस्तेमाल की अनुमति दी है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज ईरान और ओमान के बीच स्थित एक अहम समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से इस इलाके में टैंकरों की आवाजाही बाधित हो गई है।

### बैंक धोखाधड़ी मामला : अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को 228 करोड़ रुपये के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जय अनमोल अंबानी को शनिवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में उनसे पूछताछ की, जिसमें उन पर रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। गत 9 दिसंबर, 2025 को एजेंसी ने जय अनमोल अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज थी।

# वर्ल्ड वॉर-3 की आहट! 48 घंटे में तीन नाटो देशों पर ईरान का अटैक

## नाटो देशों की बढ़ी चिंता, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की, ट्रम्प का दावा- ईरान जल्द सरेंडर करेगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां से विश्व युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। पिछले 48 घंटों के भीतर ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया गुटों ने सीधे तौर पर तीन नाटो सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों ने न केवल क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है, बल्कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के इस युद्ध में सीधे तौर पर कूदने की आशंका भी बढ़ा दी है। जानकारी के मुताबिक, इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित सैन्य ठिकानों और तुर्की के एक अहम एयरबेस को मिसाइल और ड्रोन हमलों का निशाना बनाया गया। इन घटनाओं के बाद नाटो देशों की चिंता बढ़ गई है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### इरबिल में फ्रांसीसी सैनिक की मौत

सबसे गंभीर घटना इराक के इरबिल के पास हुई, जहां ईरान समर्थित मिलिशिया के ड्रोन हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत हो गई। फ्रांसीसी सेना के अनुसार, इरबिल से करीब 40 किलोमीटर दूर एक प्रशिक्षण केंद्र में सैनिक कुर्द बलों को आईएसआईएस के खिलाफ लड़ाई का प्रशिक्षण दे रहे थे। इसी दौरान ड्रोन हमला हुआ। इस हमले में फ्रांसीसी सेना के अधिकारी अर्नो फेयन की मौत हो गई, जबकि कम से कम छह अन्य सैनिक घायल बताए जा रहे हैं।

### इटली के सैन्य ठिकाने पर भी हमला

इसी दौरान इराक के इरबिल में ही एक अन्य सैन्य ठिकाने को भी निशाना बनाया गया, जहां इटली के सैनिक तैनात हैं। मिसाइल हमले में बेस के आसपास विस्फोट हुआ, हालांकि शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है।



### प्रार्थना सभा पर हमला, हमलावर को मारा गया

अमेरिका के मिशिगन राज्य में गुरुवार को यहूदियों के प्रार्थना सभा पर हमले की कोशिश हुई। यहां राइफल से लैस एक व्यक्ति ने अपने पिकअप ट्रक को प्राथना सभा में भिड़ा दिया जिससे आग लग गई। पुलिस अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई में उस हमलावर को गोली मार मौत के घाट उतार दिया। संघीय जांचकर्ताओं ने कहा कि यह यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर की गई हिंसा की कार्रवाई थी। जांचकर्ताओं ने अभी तक यह नहीं बताया है कि आखिर हमलावर के इस काम के पीछे का मकसद क्या था। अच्छी बात रही कि इस यहूदी टेम्पल का कोई भी कर्मचारी, शिक्षक या यहां पढ़ने वाले 140 बच्चों में से कोई घायल नहीं हुआ है।

### ईरानी सुप्रीम लीडर का पैर काटना पड़ा

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

### अमेरिकी प्लेन क्रैश, 4 की मौत

ईरान के साथ युद्ध से जुड़े ऑपरेशन में हिस्सा लेते समय पश्चिमी इराक में एक अमेरिकी मिलिट्री रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। इसमें शामिल एयरक्राफ्ट एक केसी-135 टैंकर था, जिसका इस्तेमाल एरियल रिफ्यूलिंग के लिए किया जाता था।

### जर्मनी बोला- ईरान जंग का हिस्सा नहीं बनेंगे

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि उनका देश ईरान से जुड़े युद्ध का हिस्सा नहीं है और न ही बनना चाहता है। नॉर्वे दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई कारण नहीं है कि जर्मनी होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की सैन्य सुरक्षा देने पर विचार करे, जबकि इस अहम समुद्री रास्ते के आसपास ईरान से जुड़े हमले हो रहे हैं।

### ड्रोन अटैक में 2 भारतीयों की मौत

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा, हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। आप दो-तीन घंटे में ऐसा होते देखेंगे। उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। इसी बीच ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई।

### कश्मीर में फिलिस्तीन-ईरान के समर्थन में मार्च

जम्मू-कश्मीर के बडगाम में यौम-ए-कुद्स के मौके पर हजारों लोगों ने फिलिस्तीन और ईरान के समर्थन में रैली निकाली।यौम-ए-कुद्स रमजान के आखिरी शुक्रवार को मनाया जाता है। ईरान से करीब 170 भारतीय नागरिक जमीन के रास्ते आर्मेनिया पहुंच गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इनमें से कुछ लोग भारत लौट चुके हैं, जबकि बाकी अगले कुछ दिनों में लौटेंगे।

### ईरान में फिलिस्तीन समर्थक रैली में विस्फोट

ईरान की राजधानी तेहरान में फिलिस्तीन समर्थक अल-कुद्स डे रैली के पास विस्फोट हुआ है। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक रैली के इलाके में एक साथ कई धमाकों की आवाज सुनी गई। विस्फोट में कितने लोग हताहत हुए, इसकी अभी साफ जानकारी नहीं मिली है।

पीरियड्स में पेड लीव की मांग खारिज, सुप्रीम कोर्ट बोला

# ..तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, करियर खत्म

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर की महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए 'पेड पीरियड्स लीव' (मासिक धर्म अवकाश) की मांग करने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है।



सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले पर टिप्पणियां करते हुए कहा, अगर पीरियड्स लीव को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाया गया, तो नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतरा सकते हैं। सीजेआई ने कहा, यदि हम ऐसा कानून बनाते हैं, तो कोई भी महिलाओं को काम पर नहीं रखेगा। बेंच ने चिंता जताई कि अनिवार्य छुट्टी से कार्यस्थलों पर यह धारणा बन सकती है कि महिलाएं पुरुषों के बराबर नहीं हैं, जिससे उनके करियर और विकास को नुकसान पहुंच सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यद्यपि महिलाओं के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए, लेकिन बाजार की वास्तविकताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता? इससे महिलाओं को जिम्मेदार पदों पर नियुक्त करने में हिचकिचाहट पैदा हो सकती है।

### नीतिगत निर्णय सरकार और संसद का काम

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक नीतिगत निर्णय है, जिस पर फैसला लेना सरकार और संसद का काम है, न कि न्यायपालिका का। अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी मांग के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संपर्क करने की सलाह दी है ताकि सभी हितधारकों से परामर्श के बाद एक मॉडल नीति तैयार की जा सके।

# तालिबान का एयरस्ट्राइक का पलटवार, पाक पर ड्रोन हमले

**काबुल, जेएनएन।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव अब पूर्ण सैन्य संघर्ष की ओर बढ़ता दिख रहा है। पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में किए गए देर रात के हवाई हमलों के जवाब में तालिबान और अफगान डिफेंस फोर्सेज ने बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है।रिपोर्टों के अनुसार, अफगान सेना ने पाकिस्तान के कई शहरों को निशाना बनाकर ड्रोन हमले किए हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार देर रात और शुक्रवारतड़के अफगानिस्तान के कई प्रांतों पर एयरस्ट्राइक की थी जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल भी हुए थे। अफगान तालिबान के सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता, अबिदुल्लाह उकाब ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। उनका दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के विभिन्न शहरों पर हवाई हमले (ड्रोन हमले) किए हैं। इन हमलों ने दक्षिण एशिया में अस्थिरता का नया दौर शुरू कर दिया है।



### कंधार में फ्यूल डिपो पर भी हमला

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगान संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए काबुल, कंधार, पक्तिया और पक्तिका समेत देश के कई हिस्सों में भीषण हवाई हमले किए हैं। पाकिस्तानी एयरफोर्स के विमानों ने कंधार हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन काम एयर के फ्यूल डिपो को निशाना बनाया है। यह कंपनी सिविल एयरलाइनों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन की आपूर्ति करती है।

# अमेरिकी मेडटेक कंपनी पर साइबर अटैक, 2 लाख डिवाइस हुए ठप्प

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आधुनिक युद्ध अब सिर्फ मिसाइल, ड्रोन और हवाई हमलों तक सीमित नहीं रहा है। इसके साथ साइबर हमले भी बड़े हथियार बनते जा रहे हैं। हाल ही में ईरान से जुड़े एक हैकर समूह ने अमेरिका की एक बड़ी मेडिकल टेक्नोलॉजी कंपनी पर बड़ा साइबर हमला करने का दावा किया है। बताया गया है कि इस हमले में करीब 2 लाख से ज्यादा कंप्यूटर, सर्वर और मोबाइल डिवाइस प्रभावित हुए। इस घटना से कंपनी के कई वैश्विक कामकाज भी कुछ समय के लिए रुक गए। स्ट्राइकर नाम की अमेरिकी मेडिकल टेक्नोलॉजी कंपनी पर 11 मार्च को यह साइबर हमला हुआ। कंपनी का मुख्यालय मीशीगन में है। रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले के कारण कंपनी के हजारों कंप्यूटर सिस्टम प्रभावित हुए और उसके कई ऑपरेशन अस्थायी रूप से बंद हो गए।



### हंडाला हैक ने ली हमले की जिम्मेदारी?

इस साइबर हमले की जिम्मेदारी ईरान से जुड़े हैकर समूह हंडाला हैक ने ली है। समूह ने कहा कि यह हमला मिनाब स्कूल पर हुए हमले का बदला है। रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल के हमले में मिनाब के एक प्राथमिक स्कूल में करीब 180 बच्चों की मौत हो गई थी।

### भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी : मंत्रालय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत और अमेरिका आपसी फायदे वाले द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं। मंत्रालय ने उस मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत पर रोक लग गई है। वाणिज्य मंत्रालय की यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 11 मार्च को यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ने सेक्शन 301 के तहत व्यापार जांच का एक नया दौर शुरू किया था, जिसमें भारत और चीन समेत 16 अर्थव्यवस्थाओं की नीतियों और औद्योगिक तौर-तरीकों को निशाना बनाया गया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की ओर से बड़े पैमाने पर लगाए गए टैरिफ को रद कर दिया था। ट्रंप ने 24 फरवरी से सभी देशों पर 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

# असम में पहले पहाड़ियों में बम-बंदूक की ही गूंज सुनाई देती थी: पीएम मोदी

**गुवाहाटी, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चुनावों की दहलीज पर खड़े पूर्वोत्तर राज्य के दौरे पर पहुंचे।



पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनावों से पहले असम के कोकराझार जिले में 4,570 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। खराब मौसम की वजह से वह कोकराझार नहीं पहुंच सके। उन्होंने गुवाहाटी से लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी ने इस क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाली शांति सुनिश्चित की, जबकि कांग्रेस ने स्वार्थी हितों के लिए कई समझौते किए। पीएम मोदी ने कहा कि कोकराझार सहित इस पूरे क्षेत्र ने बीते दशकों में बहुत कुछ सहा था, बहुत कुछ खोया था।

### कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मूल निवासियों की ज़मीन घुसपैठियों को सौंपकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को सज़ा दें और एक साफ संदेश दें कि इस देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं। मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। दिल्ली में बैठी कांग्रेस की सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि जब आपने देश और असम दोनों जगह से कांग्रेस को खदेड़ा और भाजपा-एनडीए को अवसर दिया, तो हमने ईमानदारी से प्रयास शुरू किए।

# जंग से पश्चिम एशिया में 41 लाख लोग विस्थापितः यूएन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुए सैन्य संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में अब तक 41 लाख से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं। यह संकट ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों, क्षेत्र में बढ़ी सैन्य गतिविधियों का परिणाम है। 41 लाख के इस आंकड़े में ईरान, अफगानिस्तान, लेबनान और पाकिस्तान के लोग शामिल हैं। अकेले ईरान में लगभग 32 लाख लोग (6 लाख से 10 लाख परिवार) अपना घर छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। विस्थापित होने वाले अधिकांश लोग तेहरान और अन्य बड़े शहरी केंद्रों से भागकर उत्तरी क्षेत्रों या ग्रामीण इलाकों में शरण ले रहे हैं। लेबनान में इजरायली हमलों और निकासी आदेशों के कारण 8 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं आंतरिक विस्थापन के अलावा, लगभग 1,17,000 लोगों ने पड़ोसी देशों में अंतरराष्ट्रीय शरण ली है। संयुत राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने चेतावनी दी है कि यह संघर्ष पहले से ही गंभीर मानवीय स्थिति को और बदतर बना रहा है।

# सोनिया गांधी को मिली राहत, वोटर लिस्ट विवाद मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ मतदाता सूची में कथित जालसाजी को लेकर आज सुनवाई होनी थी। लेकिन इस मामले में दायर रिवीजन पिटीशन पर आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली ये सुनवाई टल गई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 मार्च को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से ही कोर्ट से सुनवाई टालने की मांग की गई थी। इसके बाद अदालत ने नई तारीख तय कर दी। ये याचिका वकील विकास त्रिपाठी की तरफ से दाखिल की गई है। सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिका को सितंबर में खारिज कर दिया गया था. मजिस्ट्रेट कोर्ट के इसी फैसले को त्रिपाठी ने चुनौती दी है



**क्या है पूरा विवाद?** :सोनिया गांधी के खिलाफ इस याचिका में नागरिकता और वोटर लिस्ट को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। याचिका में दावा किया गया है कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को भारत की नागरिकता हासिल की थी। आरोप है कि नागरिकता मिलने से तीन साल पहले, यानी 1980 की वोटर लिस्ट में उनका नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में शामिल था।

# तिरुमाला लडडू विवाद सुको ने अफवाहों पर कार्रवाई की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने उन व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जो तिरुमाला लड्डू विवाद के बारे में पोस्टरों या सार्वजनिक बयानों से अफवाह फैलाने का आरोप लगाया गया है। शीर्ष अदालत ने 4 अक्टूबर, 2024 को तिरुपति लड्डू बनाने में पशु वसा के उपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय स्वतंत्र एसआइटी का गठन किया था, जबकि यह स्पष्ट किया कि अदालत का उपयोग राजनीतिक युद्धभूमि के रूप में नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, आप विशेषज्ञ क्यों बन गए हैं..जाइए और अधिकारियों को बताइए। सीजेआइ ने कहा कि जो भी जांच एजेंसी पाएगी, वह उसे संबंधित अदालत के समक्ष प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा, हम इस याचिका पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं, विशेषकर जब जांच चल रही है। याचिका में आंध्र प्रदेश को उन व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई थी, जो होर्डिंग, पोस्टर या बयानों से गलत सूचना फैला रहे हैं।

## लो-कार्ब या लो-फैट, क्या बेहतर?

लिवर, किडनी और हार्ट से जुड़ी बीमारियां पिछले कुछ समय से तेजी से बढ़ रहे हैं। हार्ट अटैक अब 30, 40 की उम्र के लोगों में भी यह आमतौर पर देखने को मिल रहा है। लोग अक्सर इस उलझन में रहते हैं कि लो-कार्ब डाइट अपनाएं या लो-फैट। क्योंकि अक्सर फैट से ही दिल की बीमारियों को जोड़ा जाता है, लेकिन एक नई बड़ी स्टडी ने इस बहस को नया मोड़ दे दिया है। रिसर्च के मुताबिक, हार्ट हेल्थ का असली राज कार्ब या फैट कम करने में नहीं, बल्कि खाने की क्वालिटी में छिपा है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में पब्लिश हुई इस रिसर्च में बताया गया है कि बैलेंस, प्लांट बेस्ड और कम प्रोसेस्ड खाना ही लंबे समय में दिल की असली सुरक्षा करता है। यह स्टडी अमेरिका में लगभग 2 लाख पुरुषों और महिलाओं पर की गई, जिन्हें करीब 30 साल तक ट्रैक किया गया।




**क्या कहती है नई स्टडी?**: रिसर्च में पाया गया कि जो लोग बैलेंस और हेल्दी डाइट लेते थे, जिसमें पर्याप्त सब्जियां, फल, साबुत अनाज, हेल्दी फैट और जरूरी पोषक तत्व शामिल थे। उनके खून में गुड कोलेस्ट्रॉल ज्यादा था। साथ ही उनके शरीर में खराब फैट और सूजन के लक्षण कम मिले। इसके अलावा इन लोगों में कोरोनरी हार्ट डिजीज यानी दिल की धमनियों से जुड़ी बीमारी का खतरा भी काफी कम था, जो हार्ट अटैक की सबसे आम वजह मानी जाती है। हेल्दी लो-कार्ब और हेल्दी लो-फैट डाइट, दोनों ही दिल के लिए फायदेमंद हो सकती हैं। बशर्ते उनमें प्रोसेस्ड फूड, अधिक एनिमल और सैचुरेटेड फैट और अनहेल्दी चीजें शामिल न हों। रिसर्चर्स के अनुसार, अगर कोई डाइट सिर्फ नाम के लिए लो-कार्ब या लो-फैट है, लेकिन उसमें प्रोसेस्ड फूड और अनहेल्दी फैट ज्यादा हैं, तो भविष्य में वो दिल की जोखिम पैदा कर सकती है।

चोरी — पुलिस कमिश्नर राउली ने ऐपल, सैमसंग और गूगल कंपनियों से मांगी मदद

# मोबाइल चोरी से परेशान है लंदन पुलिस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लंदन में मोबाइल चोरी की समस्या से निपटने के लिए मेट्रोपोलिटन पुलिस के कमिश्नर मार्क राउली ने ऐपल, सैमसंग और गूगल जैसी प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों के सीधे मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि अगर ये कंपनियां चोरी हुए फोन को पूरी तरह से इस्तेमाल के लायक न होने लायक बनाने वाली तकनीक नहीं लाती हैं, तो पुलिस सरकार से कानून बनाने की मांग करेगी। पुलिस के मुताबिक, लंदन में हर साल हजारों लोग मोबाइल फोन की चोरी का शिकार होते हैं। 2024 में 81,365 फोन चोरी के मामले दर्द हुए थे, जो 2025 में घटकर 71,391 रह गए। फिर भी समस्या गंभीर बनी हुई है। चोर फोन चुराकर उन्हें विदेशों में बेच देते हैं या उनके पार्ट्स अलग-अलग बेचते हैं। कमिश्नर ने साफ कहा कि केवल ऐपल, गूगल और सैमसंग ही इस मॉडल को तोड़ सकते हैं। अगर जून तक इंडस्ट्री गंभीरता से कोई ठोस समाधान नहीं लाती, तो मेट पुलिस सरकार से विधायी कदम उठाने की मांग करेगी।



### फोन में नॉन-बायपासेबल स्टोलन मोड हो- पुलिस

उन्होंने प्रस्ताव दिया है कि फोन में नॉन-बायपासेबल स्टोलन मोड हो, जिससे चोरी की रिपोर्ट मिलते ही फोन दुनिया भर में इस्तेमाल के अयोग्य हो जाए। साथ ही आईएमईआई नंबर को हार्डवेयर में इंटीग्रेट किया जाए, ताकि इसे बदलने की कोशिश पर फोन डिसेबल हो जाए। पार्ट्स को भी ओरिजिनल डिवाइस से मैच करने की जरूरत हो, ताकि अलग बेचना मुश्किल हो।

### मेयर ने पुलिस का समर्थन किया

लंदन के मेयर सदिक खान ने भी पुलिस का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कंपनियों से बातचीत हुई, लेकिन पर्याप्त प्रगति नहीं हुई। इसलिए अब कानून की जरूरत पड़ सकती है।

### पुलिस के साथ सहयोग करने को तैयार- गूगल

गूगल ने कहा कि उसके एंड्रॉयड में पहले से एंटी-थेफ्ट टूल्स हैं और वह पुलिस के साथ सहयोग करने को तैयार है। ऐपल ने हाल में स्टोलन डिवाइस प्रोटेक्शन फीचर पेश किया है, जो बायोमेट्रिक और पासकोड से अकाउंट बदलने से रोकता है, लेकिन पुलिस इसे और मजबूत बनाने की मांग कर रही है।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/-
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 415/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

## अपने स्वास्थ्य की जांच कराने पहुंचे मात्र 32 सफाई मित्र

**जागरण, शुजालपुर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर में नगर पालिका के अधिकांश कर्मचारियों ने रुचि नहीं दिखाई और वे अनुपस्थित रहे। इस शिविर में कुल 204 में से सिर्फ 32 कर्मचारियों ने ही अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। अधिकारियों के मुताबिक कर्मचारियों की कम उपस्थिति की मुख्य वजह जनगणना के तहत मकानों पर नंबरिंग करने के लिए उनकी ड्यूटी थी।

## किसानों का गन्ना भुगतान के लिए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**जागरण, नरसिंहपुर।** गन्ने के बकाया भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी किसानों ने प्रशासन से जल्द बकाया राशि दिलाने की गुहार लगाई है। प्रदर्शन में शामिल किसान जगदीश सिंह ने बताया कि उन्होंने शुगर मिल को 2163 क्विंटल गन्ना बेचा था, जिसकी कुल राशि 8 लाख 15 हजार रुपए से अधिक है।






### "ट्वीट ऑफ द डे"



**अनिल अग्रवाल**
चेयरमैन वेदांता ग्रुप

मिडिल ईस्ट कभी नहीं चाहता है कि भारत खुद का तेल और गैस निकाले, लेकिन हमें ये करना होगा। भारत के पास बहुत क्षमता है। भारत जियोग्राफिक नजरिए से बहुत ही समृद्ध देश है। हमारे पास असीमित भंडार है। तेल और गैस का भंडार भरपूर पड़ा हुआ है, सिर्फ नीचे से माइनिंग करने की आवश्यकता है। इससे कोई प्रदूषण नहीं फैलने वाला है।

## मारपीट के आरोप पर पूर्व सैनिकों ने घेरा थाना

**जागरण, भिंड।** पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष और रिटायर्ड सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह के साथ मिहोना थाना प्रभारी टीआई विजय द्वारा कथित मारपीट और गाली-गलौज के आरोप के बाद पूर्व सैनिकों में भारी आक्रोश है। इसके चलते शुक्रवार सुबह 11 बजे से सैकड़ों पूर्व सैनिक मिहोना थाने के बाहर धरने पर बैठ गए और देर शाम तक थाने का घेराव किया। पूर्व सैनिकों ने टीआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी भी की। भिंड एसपी ने टीआई विजय केन को लाइन अटैच कर दिया। भिंड, ग्वालियर और मुरैना जिलों से पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी मिहोना पहुंच गए। करीब 200 से अधिक पूर्व सैनिक तिरंगा लेकर थाने के मुख्य गेट के सामने बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। टीआई विजय केन मुर्दाबाद और शराबी टीआई को हटाओ जैसे नारे लगाए।

# कमर्शियल सिलेंडर किल्लत: स्ट्रीट वेंडर्स, रेस्टोरेंट संचालकों ने लगाई भट्टियां और लकड़ी के चूल्हे

### शहरवासी बोले-40 साल पुराने दौर में लौटा शहर, घरों के लिए भी तैयार हो रही सिगड़ियां

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में गहराते रसोई गैस संकट के बीच होटल, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड वेंडर्स ने पुराने दौर की तरह लकड़ी व कोयले से जलने वाली भट्टी और चूल्हे पर कामकाज करना शुरू कर दिया है। शहर के करोंद, भानपुर, अयोध्या बायपास, रातीबड़, गांधी नगर और परवलिया सड़क और अन्य इलाकों में होटल संचालक भट्टियों का उपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं घरों में भी लोग एलपीजी गैस पर निर्भरता कम करते हुए कोयले व लकड़ी की सिगड़ी और चूल्हे की खरीदी कर रहे हैं। साथ ही इलेक्ट्रिक इंडक्शन की मांग भी बढ़ गई है। बता दें कि तीन दिन पहले कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने होटल संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी पर रोक लगा दी थी, तभी से होटल संचालक व्यवसाय पर पड़ने वाली मार को देखते हुए अन्य विकल्प तलाश रहे थे। दूसरी ओर प्रशासन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि होटल संचालकों द्वारा केवल इलेक्ट्रिक तंदूर या भट्टी का ही उपयोग किया जा सकता है।





### शादियों के सीजन के बीच कैटरिंग संचालक परेशान

वर्तमान में चल रहे शादियों के सीजन के बीच कैटरर्स और मैरिज गार्डन संचालक भी सिलेंडरों के लिए परेशान हो रहे हैं। बाजार में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में घरेलू गैस सिलेंडरों की मांग भी बढ़ी है, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई के बीच कैटरिंग संचालकों के बीच भी कार्रवाई को लेकर भय का माहौल है। ऐसे में बड़े आयोजनों के लिए लकड़ी की भट्टियों को जलाने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा पहले की तरह डीजल और केरोसीन की भट्टियां बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।

### गैस की मार के बीच नगर निगम की कार्रवाई की भी चिंता

एक और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से जूझ रहे रेस्टोरेंट संचालकों के सामने सबसे बड़ी चिंता एनजीटी के आदेशों का पालन भी है। शहर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कोयला व लकड़ी की भट्टियों के संचालन पर रोक है। पिछले साल भी नगर निगम ने जोन 5, 8, 10 और 17 में कार्रवाई करते हुए कई रेस्टोरेंट व स्ट्रीट वेंडर्स से 5,000 से 10,000 रुपए तक का जुर्माना वसूला था। दुकानदारों को डर है कि एक तरफ गैस नहीं मिल रही और दूसरी तरफ यदि वे विकल्प के तौर पर लकड़ी जलाते हैं, तो निगम उन पर कार्रवाई कर भारी भरकम जुर्माना लगा देगा। हालांकि इस चिंता के बीच एक बार फिर ढाबों और होटलों में हाथ से चरखी घुमाकर जलने वाली कोयले की भट्टियों दिखाई देने लगी हैं। बता दें कि यह भट्टियां गैस आने के बाद गायब हो गई थीं, लेकिन ईरान इजरायल युद्ध से उपजे संकट के बीच फिर बाजार में लौटने लगी हैं। वहीं घरों में भी टिन, मिट्टी और सीमेंट से बनने वाले इन चूल्हों और सिगड़ियों का निर्माण तेज हो गया है और मांग बढ़ने के कारण इनकी कीमतों में भी उछाल आया है।

> नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार सार्वजनिक स्थानों पर कोयले व लकड़ी की भट्टी व चूल्हे के संचालन पर रोक है। फिलहाल इनके संचालन के लिए शासन से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। यदि कोई नियम विरुद्ध इनका संचालन करता है, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> ■ **हर्षित तिवारी,** अपर आयुक्त, नगर निगम भोपाल

### भोपाल में तीन दिन में बिके 20 हजार से ज्यादा इंडक्शन

**भोपाल।** गैस सिलेंडर की कमी के बीच जिले में इंडक्शन की बिक्री भी तेज हो गई है। विभिन्न वेबसाइट और बड़े बर्तन दुकानदारों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में तीन दिन में 20 हजार से ज्यादा इंडक्शन की बिक्री हुई है, जिसमें से ऑनलाइन 8000 इंडक्शन की खरीदी हुई है। वहीं शहर की विभिन्न दुकानों से 12 हजार से ज्यादा इंडक्शन की यूनिट की खरीदी हुई है। बाजार के जानकारों के अनुसार गैस सिलेंडर की बिक्री में तेजी के साथ ही इंडक्शन की खरीदी में भी 80 फीसदी का उछाल आया है। शहर में मौजूद 80 फीसदी बर्तन दुकानों में इंडक्शन का स्टॉक खत्म हो चुका है, जिनके पास स्टॉक है। वह अब महंगे दामों पर बेच रहे हैं। पिछल दिनों जो इंडक्शन 1499 रुपए में बिक रहा था। अब वह 2 हजार से ज्यादा के दाम पर बिक रहा है। भोपाल में करीब 708 इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानें और करीब 30 खास इंडक्शन स्टोव डीलर इंडक्शन कुकटॉप, माइक्रोवेव, ओवन, एयर फ्रायर और इलेक्ट्रिक स्टोव जैसे अप्लायंसेज बेचे गए।

## प्रदेश के छह जिलों में लू भोपाल में भीषण गर्मी

### 38 से 40 डिग्री तक पहुंचा प्रदेश का तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। शुक्रवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल में बहुत तेज गर्मी रही। सूरज की तपिश के कारण शहर में दिन का अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री पर पहुंच गया। इससे एक दिन पहले यह 37 डिग्री था। वहीं अन्य जिलों में बात करें तो प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म नर्मदापुरम रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री रहा। नर्मदापुरम लगातार दूसरे दिन भी लू का प्रभाव रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के छह जिलों में लू का प्रभाव देखा गया। इनमें नर्मदापुरम, धार, रतलाम, सागर, मंडला और खजुराहो का नाम शामिल है। मौसम बुलेटिन के मुताबिक शुक्रवार को पचमढ़ी को छोड़ बाकी शहरों में तापमान 35 डिग्री से ज्यादा ही रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में भोपाल में सबसे ज्यादा 37.8 डिग्री, इंदौर में 37.6 डिग्री, जबलपुर में 37.5 डिग्री, उज्जैन में 37.4 डिग्री और ग्वालियर में 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रतलाम में 39.2 डिग्री, मंडला में 39 डिग्री, धार-खजुराहो में 38.9 डिग्री, दमोह में 38.5 डिग्री, खरगोन में 38.4 डिग्री, सागर, टीकमगढ़-सिवनी में पारा 38 डिग्री पहुंच गया।



**पांच सबसे गर्म जिले**

| जिला | तापमान |
|---|---|
| नर्मदापुरम | 40.1 |
| रतलाम | 39.2 |
| मंडला | 39 |
| धार | 38.9 |
| खजुराहो | 38.9 |

### अगले दो दिन बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने 14 मार्च को एक्टिव होने वाले वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से दो दिन तक अलर्ट जारी किया है। 15 मार्च को प्रदेश में असर दिखाई देगा। इस दिन ग्वालियर-जबलपुर समेत 16 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, 16 मार्च को पूर्वी हिस्से के 14 जिलों में भी मौसम बदला रहेगा। भोपाल में गर्मी से बचने के लिए वाहन चालक मुंह पर कपड़ा बांधकर निकल रहे हैं। इससे पहले प्रदेश में तेज गर्मी का असर रहेगा। शुक्रवार को तीन जिलों में लू चलने के साथ पारे में भी खासी बढ़ोतरी देखने को मिली। धार, नर्मदापुरम और रतलाम में पारा आम दिनों की तुलना में ज्यादा रहा। यहां पर गर्म हवाएं भी चलीं।

## आयुष्मान योजना में किया फर्जीवाड़ा, दो अस्पताल सस्पेंड

**फर्जी क्लेम बनाकर लिए लाखों रुपए**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** आयुष्मान भारत निरामयम योजना में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। अनियमितताओं और धोखाधड़ी लेकर प्रदेश के जबलपुर और ग्वालियर के दो अस्पताल को आयुष्मान योजना से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई थर्ड पार्टी ऑडिट एजेंसी (टीपीए) की जांच रिपोर्ट और पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी योजना अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों के क्लेमों की नियमित समीक्षा कर रही है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी ने जबलपुर स्थित लाइफ मेडिसिटी हॉस्पिटल के क्लेमों की जांच में गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं पाईं। इस जांच में पाया गया कि मरीजों को गलत श्रेणी में भर्ती करना, गलत पैकेज लगाना तथा धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ लेने जैसे मामले सामने आए हैं। अस्पताल के विरुद्ध पूर्व में भी इसी प्रकार की अनियमितताओं के कारण 46 लाख 99 हजार 990 की आर्थिक दंडात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। बार-बार चेतावनी के बावजूद अनियमितताएं दोहराए जाने पर जनहित में अस्पताल को आयुष्मान भारत योजना से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।




### पहले भी हो चुकी कार्रवाई

इसी प्रकार ग्वालियर स्थित ब्रह्माणी हॉस्पिटल के क्लेमों की जांच में भी गंभीर गड़बड़ियों पाई गईं। परीक्षण के दौरान यह सामने आया कि मरीजों को गंभीर दिखाकर अनावश्यक आर्थिक लाभ प्राप्त किया गया, क्लेम गलत तरीके से प्रस्तुत किए गए तथा धोखाधड़ी के मामले पाए गए। अस्पताल के विरुद्ध पूर्व में भी कार्रवाई करते हुए 21 लाख 08 हजार 300 का अर्थदंड लगाया जा चुका है।

### कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि योजना के पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या धोखाधड़ी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित दोनों अस्पतालों के विरुद्ध आगे की सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें योजना से असंबद्ध करने की प्रक्रिया भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि दोनों अस्पतालों के पास किसी भी प्रकार का एनएबीच रेक्रेडिशन सर्टिफिकेट भी उपलब्ध नहीं पाया गया है। इसे गंभीर अनियमितता माना गया है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा है कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी सूचीबद्ध अस्पतालों की निगरानी लगातार जारी रहेगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सीडेंट में कोर्ट ने दिया 1.13 करोड़ के मुआवजे का आदेश

**जागरण, भोपाल।** सड़क दुर्घटना में निजी कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर की मौत के मामले में भोपाल की एक अदालत ने मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 13 लाख 29 हजार 306 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज समेत देने के आदेश दिए हैं। यह राशि दुर्घटना करने वाले वाहन के स्वामी, ड्राइवर और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अरोरा हिल्स भोपाल को संयुक्त रूप से अदा करनी होगी।मृतक के परिजनों की ओर से अधिवक्ता एल.बी. यादव ने जिला अदालत में क्लेम प्रकरण प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश प्रहलाद सिंह कैमेथिया ने यह आदेश पारित किए। जानकारी के अनुसार राम आसरे शर्मा आरएम फास्फेट एंड केमिकल लिमिटेड कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। 5 अगस्त 2023 को रात करीब 11:45 बजे वे कार से इंदौर से ब्यावरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर में आराध्या रेस्टोरेंट के पास सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राम आसरे शर्मा को गंभीर चोटें आईं और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों की शिकायत पर थाना सारंगपुर पुलिस ने ट्रक चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ मामला दर्ज किया। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने जिला न्यायालय में चालान पेश किया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि दुर्घटना ट्रक चालक की लापरवाही और गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण हुई थी। इसी आधार पर कोर्ट ने मृतक के परिजनों को 1.13 करोड़ रुपए से ज्यादा की क्षतिपूर्ति राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देने का आदेश दिया है।

> **गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण हुई थी मैनेजर की मौत**

## परीक्षा देकर पिता के साथ लौट रहे दो बच्चों को ट्रैक्टर-ट्राली ने कुचला

### सागर के पिपगौर-खिरिया रोड पर हादसा, दो अन्य गंभीर

**जागरण, सागर।** परीक्षा देकर पिता के साथ बाइक से लौट रहे दो बच्चों की ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से मौत हो गई। ईंटें भरकर दौड़ रहे ट्रैक्टर की रहली थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरगौर-खिरिया रोड पर तेज रफ्तार में बाइक से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे पिता और एक बच्चे की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। रहली क्षेत्र के पटना बुजुर्ग स्थित क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने वाले अभिजीत पिता राजेंद्र सिंह (15), विश्वजीत पिता राजेंद्र सिंह (11) और शिवाय पिता सोहन (10) निवासी पिपरगौर परीक्षा देकर लौट रहे थे। शुक्रवार को पिपरगौर के सरपंच पिता राजेंद्र पिता राजकुमार सिंह (47) अपने बेटे अभिजीत, विश्वजीत और भतीजे शिवाय को स्कूल लेकर परीक्षा दिलाने गए थे। घर लौटते समय गांव के पास ही सामने से आ रहे ईंट से भरे ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक की भिड़ंत हो गई।

टक्कर में बाइक ट्रैक्टर के नीचे फंस गई। घटना में गंभीर चोटे लगने से विश्वजीत और शिवाय की मौत हो गई। वहीं सरपंच पिता राजेंद्र सिंह और बेटा अभिजीत गंभीर घायल हुए। घायलों को रहली स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर किया गया है। दुर्घटना में मृत छात्र शिवाय अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता की मौत करीब 5 साल पहले हो चुकी थी। वह चौथी कक्षा की परीक्षादे रहा है। जबकि घायल अभिजीत कक्षा 9वीं कक्षा का छात्र है। वहीं मृत विश्वजीत कक्षा 7वीं था। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया गया है।





**बयान** | हमारे लिए अंबेडकर और गांधी का संविधान सबसे जरूरी

# अगर नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते: राहुल

**लखनऊ, जेएनएन।** कांग्रेस के कांशीराम जयंती कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कई बड़े बयान दिए हैं। राहुल ने कहा कि अगर उत्तरप्रदेश में कांग्रेस को 100 लोग जीने-मरने वाले मिल गए, तो उतने में काम हो जायेगा। हमारे लिए अंबेडकर और गांधी का संविधान सबसे जरूरी है। आज हम कांशीराम जी को याद करते हैं। उनका जो संघर्ष था, उनका जो विजन था, उनका जो हिंदुस्तान की राजनीति पर इफेक्ट था, उसको हम याद करते हैं और दिल से उनका धन्यवाद करते हैं। काफी लोगों ने भाषण दिए, मैं कहना चाहता हूं कि हर भाषण में गहराई थी। पहले भाषण में कहा गया कि हमें क्या चाहिए, आपने लिस्ट दी कि हमें ये चाहिए, ये चाहिए, ये चाहिए। जब आप कह रहे थे तो मैं सोच रहा था कि भाई राजनीति में चाहने से कोई देता नहीं। राहुल ने कहा कि जब तक विचारों के लिए नहीं लड़ा जाएगा, तब तक कुछ नहीं होने वाला। मैं आपसे कह देता हूं, ये जो आप नारे लगाते हैं इससे कुछ होता नहीं है। राहुल गांधी जिंदाबाद इससे कुछ होता नहीं है।

### कांग्रेस में भी काफी कमियां थीं...



राहुल ने कहा कि अंबेडकर जी शिक्षा की बात करते थे। संगठित होने की बात करते थे। कांशीराम रात में उत्तर प्रदेश में घूमते थे, वह पेन लिए घूमते थे। वह कहते थे कि पेन से लिखना एक साइड से होता है। स्याही इस साइड में होती है, निब इस साइड होता है, ऊपर से कवर लग जाता है 15 प्रतिशत का। वो ये भी कहते थे कि पेन को ऐसे होना चाहिए कि फायदा सिर्फ 15 प्रतिशत को न मिले, 85 प्रतिशत को भी मिलना चाहिए, उसमें वो भी शामिल होने चाहिए। राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी की भी कमियां थीं, इसीलिए कांशीराम जी सफल हुए। अगर कांग्रेस पार्टी अपना काम करती तो कांशीराम जी सक्सेस नहीं हो पाते। मैंने किसी और से एक दिन कह दिया, पता नहीं सही कहा है या गलत कहा. मगर अगर जवाहरलाल नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम जी कांग्रेस के सीएम होते।

### कांशीराम को भारत रत्न की मांग

कांग्रेस ने कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग का प्रस्ताव भी पास किया है। इसमें कहा गया है कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनते हैं तो कांशीराम को भारत रत्न मिलेगा। कांग्रेस पार्टी में अमीर नेता हैं, लेकिन हम अमीर नेताओं वाली पार्टी नहीं बनना चाहते। कांग्रेस गरीबों की पार्टी बनना चाहती है। चुनाव के वक्त कांग्रेस पार्टी के सभी अकाउंट सीज कर दिए गए। अगर कांग्रेस अंबेडकर, गांधी और कांशीराम के बताये रास्ते पर चलेगी तो कोई नहीं हरा सकता। हमारी पार्टी के अंदर खुद कमी है। हमनें जातीय जनगणना का मन बना लिया है।

# राज्यसभा चुनाव: कांग्रेस को हॉर्स ट्रेडिंग का डर, 8 विधायकों को बेंगलुरु भेजा

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को हॉर्स ट्रेडिंग का डर सता रहा है। इसके चलते उसने ओडिशा और हरियाणा में अपने सभी विधायकों को बचाने के लिए रिजॉर्ट में रखने का फैसला किया है। ओडिशा कांग्रेस के 8 विधायकों को बेंगलुरु भेजा गया है। जो दक्षिण बेंगलुरु के वंडरला रिजॉर्ट में ठहरे हैं। 4 विधायक विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए भुवनेश्वर में ही मौजूद हैं। शनिवार सुबह तक चार और एमएलए बेंगलुरु पहुंच सकते हैं। राज्य में कांग्रेस के 12 विधायक हैं।

इससे पहले चीफ व्हिप राजेन एक्का समेत 8 विधायक गुरुवार रात को अपने परिवार के साथ बेंगलुरु पहुंच गए हैं। उधर, हरियाणा में 2 राज्यसभा सीटें खाली हो रही हैं। चंडीगढ़ में कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधायकों को लंच पर बुलाया।

### हरियाणा के विधायकों को हिमाचल भेज रही कांग्रेस



हरियाणा में हो रही हलचल के बीच दोपहर 1 बजे तक कांग्रेस के सभी 37 विधायक पहुंच गए, हालांकि कुछ ही देर बाद पंचकूला विधायक चंद्रमोहन बैठक से बाहर निकल गए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। वहीं, लंबे समय से अस्पताल में भर्ती पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास बैठक छोड़कर अस्पताल चले गए। फिरोजपुर झिरका विधायक मामन खान नमाज पढ़ने के लिए बैठक से निकले। सूत्रों की मानें तो सभी विधायकों को हिमाचल प्रदेश भेजा जाएगा। केंद्रीय नेतृत्व ने हिमाचल प्रदेश की सरकार को प्रदेश में एक गोपनीय और सुरक्षित स्थान ढूंढने को कहा है। राज्यसभा की 2 सीट पर जीत के लिए 31 कोटा वोट जरूरी है। भाजपा के पास 48 और कांग्रेस के 37 विधायक हैं। इस गणित से दोनों दलों के खाते में एक-एक सीट जानी थी। भाजपा ने सांसद संजय भाटिया तो कांग्रेस ने कर्मवीर बौद्ध को प्रत्याशी बनाया। इससे मुकाबला दिलचस्प हो गया है। कांग्रेस को डर है कि कुछ वोट इधर-उधर हो सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक इन विधायकों को 5 जोड़ी कपड़े साथ लाने के लिए कहा गया। 10 राज्यों की 37 सीटों को भरने के लिए काउंसिल ऑफ स्टेट्स (राज्यसभा) के हर 2 साल में होने वाले चुनावों के लिए वोटिंग 16 मार्च को होनी है। वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे होगी।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,**
संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।